सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-305 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 17 अप्रैल 2024
07 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# यूपीएससी रिजल्ट — आदित्य ने किया टॉप

**1016** कैंडिडेट सिलेक्ट, टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस अफसर

- दूसरे नंबर पर अनिमेष प्रधान, तीसरे स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी रहे
- आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता




**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 1016 आवेदकों ने सफलता पाई है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। दूसरे नंबर अनिमेष प्रधान रहे, जबकि तीसरे स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने पाया है। आईएएस 2023 की परीक्षा में टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव लखनऊ के रहने वाले हैं। लखनऊ के रहने वाले और यूपीएससी टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल में अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता अजय श्रीवास्तव सेंट्रल ऑडिट डिपार्टमेंट में एएओ के पद पर कार्यरत हैं, जबकि एक छोटी बहन नई दिल्ली से सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही है। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव सामान्य घरेलू महिला हैं। आदित्य श्रीवास्तव ने रिजल्ट जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा है- सपने सच होते हैं। यूपीएससी का ये सफर मैं जिंदगी भर याद रखूंगा और उन लोगों का हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा जो मेरे साथ खड़े रहे। आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता और शुरुआती पढ़ाई सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) अलीगंज में हुई। 12वीं पास करने के बाद आदित्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया और कुछ दिनों के लिए निजी कंपनियों में नौकरी करने के बाद आईपीएस और अब आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण की। इनके अलावा झांसी के अनिकेत शांडिल्य ने यूपीएससी में 12वीं रैंक पाई है। अनिकेत के पिता आलोक शांडिल्य जीआईसी में शिक्षक हैं।

## झेलम नदी में नाव डूबी चार बच्चों समेत छह की मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां झेलम नदी में नाव डूब गई। इसमें 15 लोग सवार थे, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी शामिल थे। हादसे का पता चलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। अब तक 12 लोगों की तलाश की जा चुकी है। हादसा गंडबल बटवाड़ा में हुआ है। इनमें छह की जान जा चुकी है और तीन का उपचार चल रहा है। तीन अन्य की हालत स्थिर है, जबकि तीन अब भी लापता हैं। बचाव अभियान चल रहा है।

श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने इसकी जानकारी दी है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, मौके पर संभागीय आयुक्त कश्मीर, आईजीपी कश्मीर, उपायुक्त श्रीनगर और एसएसपी श्रीनगर, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस के अधिकारी पहुंचे हुए हैं।

# सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली मारे

## कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़

**कामयाबी**

- 29 माओवादियों के शव बरामद, सर्चिंग जारी
- 27-27 लाख के दो इनामी मारे गए
- तीन जवान घायल, साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़



**कांकेर।** कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। वहीं दो जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है। एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ अभी भी जारी है, इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए है। कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताये जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं।

# मेरा नाम अरविंद केजरीवाल मैं आतंकवादी नहीं हूं: संजय

**साजिश**

- तिहाड़ से सीएम केजरीवाल का संदेश
- सांसद संजय सिंह ने पढ़ी केजरीवाल की चिट्ठी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री का संदेश जनता के लिए पढ़ा। उन्होंने संदेश में पढ़ा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवाद नहीं हूं।

आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले इलेक्ट्राल बाण्ड, जिसके ज़रिए भाजपा को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही देश के एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा और नरेंद्र मोदी नफरत से भरे हैं, तभी केजरीवाल से उनके परिवार और पंजाब के सीएम भगवंत मान से मुलाकात शीशे की दीवार खड़ी करा रहे हैं। आगे कहा कि नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित कर उनको और आप के नेताओं को अपमानित व मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल को जितना तोड़ने की कोशिश करेंगे, वो और मजबूत होकर उनसे लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा सलूक आप के लिए कष्ट देने और मोदी और भाजपा के लिए शर्म करने की बात है। मोदी के इस तानाशाही कार्य की आप निंदा करती है, इससे अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे। गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़ते हुए संजय सिंह ने कहा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। प्रधानमंत्री और उनकी 10 साल की सरकार ने देश के लिए कुछ नहीं किया।

## भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव को नहीं मिली माफी, 23 को सुप्रीम कोर्ट में फिर पेशी

# एक सप्ताह में गलती सुधारें

**कड़ी फटकार**

- हमने आपको अभी माफी नहीं दी है : सुप्रीम कोर्ट
- लाइलाज बीमीरियों की दवा की पब्लिसिटी वर्जित
- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की थी रामदेव की माफी
- रामदेव, बालकृष्ण सार्वजनिक रूप से माफी मांगें

> रामदेव सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा और आचार्य बालकृष्ण से बातचीत की। जस्टिस कोहली ने स्वामी रामदेव से कहा कि आप मशहूर हैं। योग के क्षेत्र में आपने काफी काम किया है। आप बिजनेस भी करने लगे। तभी सुप्रीम कोर्ट के वीडियो का प्रसारण बाधित हो गया। तीन मिनट बाद सिर्फ ऑडियो आया। जस्टिस कोहली ने कहा कि ये बाधा सिर्फ संयोग है, हमारी ओर से कोई सेंशरशिप नहीं है। कोर्ट ने बाबा रामदेव से सीधा सवाल किया कि आपको माफी क्यों दी जाये?



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों मौजूद थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी का संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि इस स्तर पर हमने रियायत देने का फैसला नहीं किया है।

पीठ ने बालकृष्ण से बातचीत करते हुए उनसे कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। पीठ से बातचीत करने वाले रामदेव ने भी कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने निर्दोष नहीं हैं कि उन्हें पता ही न हो कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था।

# रांची सहित नौ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**संलिप्तता**

- जमीन घोटाले से जुड़ा है मामला, जेएमएम नेता के घर भी दबिश




**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े कथित जमीन कब्जा मामले में मंगलवार को रांची में चार स्थानों पर छापेमारी की। जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है उनमें झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के जिला अध्यक्ष अंतु तिर्की से जुड़े परिसर भी शामिल हैं।

ये छापेमारी मोहम्मद सद्दाम हुसैन द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसे 9 अप्रैल (मंगलवार) को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में सद्दाम को गिरफ्तार किया और चार दिनों की रिमांड पर लिया।

सद्दाम को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सहयोगी माना जाता है. जाली दस्तावेज़ बनाने और सेना तथा अन्य ज़मीनों की खरीद-फरोख्त में कथित संलिप्तता के एक अलग मामले में वह पहले से ही न्यायिक हिरासत में थे। ईडी को संदेह है कि सद्दाम ने 8.86 एकड़ जमीन हड़पने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें संभवतः सोरेन भी शामिल था।

# भाजपा ने अयोध्या में बनवाकर दिखाया राम मंदिर: मुख्यमंत्री

**संबोधन**

- मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए की जनसभा
- पांच सौ साल बाद अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे श्री रामलला

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं।

पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी श्री ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया। भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं।

### भाजपा ने किया महापुरुषों का सम्मान : योगी



कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया।

# आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है : शाह

**निशाना**

- पथराव, गोलीबारी गुजरे वक्त की बात, अब अंतिम सांसें गिन रहा आतंकवाद



**जम्मू।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। शाह ने कहा, पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है। अमित शाह ने कहा, श्यामा प्रसाद ने नारा दिया था, एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

# सुरजेवाला पर ईसी का बड़ा एक्शन प्रचार पर लगा 48 घंटे का बैन

**कार्रवाई**

- हेमा मालिनी पर दिया था बयान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। चुनाव आयोग का यह फैसला मथुरा से भाजपा सांसद के खिलाफ सांसद की टिप्पणी पर सुरजेवाला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद आया है। भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में सुरजेवाला को यह कहते हुए सुना गया, लोग अपने विधायकों/सांसदों को क्यों चुनते हैं? ताकि वे (विधायक/सांसद) जनता की आवाज उठा सकें। यह हेमा मालिनी की तरह नहीं है, जिन्हें चाटने के लिए चुना गया था। सुरजेवाला उस समय भाजपा के निशाने पर आ गए जब पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक अदिनांकित वीडियो साझा किया जिसमें कांग्रेस सांसद को हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना गया। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला का वो बयान भी सुना होगा, जिसमें वो हमारी पार्टी की वरिष्ठ सांसद हेमा मालिनी जी के लिए इस प्रकार के आपत्तिजनक, अशोभनीय और अभद्र शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, जिसे किसी औपचारिक मंच से बोलना भी संभव नहीं है। ये भारत की राजनीति में कांग्रेस पार्टी के द्वारा महिलाओं के प्रति अवमानना की एक नई निम्नता है। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये विषय केवल रणदीप सुरजेवाला का नहीं है। ये विषय कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के प्रति एक व्यवस्थित और कुत्सित मानसिकता का है।

## लखनऊ टीले वाली मस्जिद केस में हिन्दू-पक्ष को झटका

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की प्रसिद्ध टीले वाली मस्जिद मामले में



कोर्ट का फैसला आया। जिसमें टीले वाली मस्जिद पर हिन्दू पक्ष की पूजा पाठ वाली याचिका को खारिज कर दिया है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता निपेंद्र पांडेय ने 17 अप्रैल राम नवमी को टीले वाली मस्जिद में पूजा पाठ करने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले टीले वाली मस्जिद से जुड़ा विवाद दशकों पुराना है। इसको लेकर लखनऊ से पूर्व सांसद और राज्यपाल स्वर्गीय लालजी टंडन ने अपनी किताब अनकहा लखनऊ में भी इसका जिक्र किया है। अपनी किताब में उन्होंने मुस्लिम समुदाय पर भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण से शहर का नाता तोड़ने का आरोप लगाया था।

**सूर्य तिलक** — माथे पर बनेगा 75 मिमी. का टीका

# रामलला का सूर्याभिषेक आज



- नौ शुभ योग में होगा रामलला का सूर्य तिलक
- वैज्ञानिकों ने एक बार फिर सूर्य तिलक का सफल ट्रायल किया
- रामलला 3:30 से रात 11 बजे तक भक्तों को दर्शन देंगे

**अयोध्या।** बुधवार को रामनवमी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी मनाई जा रही है। इसका विशेष आकर्षण सूर्य तिलक होगा। रामलला के सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक की तैयारी पूरी कर ली गई है। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को वैज्ञानिकों ने एक बार फिर सूर्य तिलक का सफल ट्रायल किया। कई बार के ट्रायल के बाद जो समय निश्चित किया गया है वह दोपहर 12:16 बजे का है। मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोग इसे विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय मानते हैं। वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया था। अपने जन्मोत्सव के दिन 17 अप्रैल को रामलला तड़के 3:30 से रात 11 बजे तक भक्तों को दर्शन देंगे। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया जाएगा।

### सीएम ने प्रदेशवासियों को बधाई दीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव है। रामनवमी के पर्व के साथ ही चैत्र नवरात्रि का पूजन भी सम्पन्न होता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी।

अवधनामा



## केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत मैलानी के चुनाव कार्यालय का किया शुभारम्भ व किया जनसम्पर्क



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम रूकन्दीपुर, रजागंज, विकासखण्ड बांकेगंज के ग्राम बरगदिया-बाबरपुर में सिद्धार्थ इण्टर कालेज एवं ग्राम सुआबोझ, विकासखण्ड पलिया के ग्राम पलियाखुर्द में चौराहे आदि स्थानों पर जनसम्पर्क किया एवं नगर पंचायत मैलानी के चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम रूकन्दीपुर, रजागंज, विकासखण्ड बांकेगंज के ग्राम बरगदिया-बाबरपुर में सिद्धार्थ इण्टर कालेज एवं ग्राम सुआबोझ, विकासखण्ड पलिया के ग्राम पलियाखुर्द में चौराहे पर जनसम्पर्क में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहते है कि यह देश हमारा है इस देश में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे थे वह आज हमारी सरकार से परेशान है बार-बार हमारी सरकार पर प्रश्न उठाते है कि भ्रष्टाचार के लिए उन्हें ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। मगर उन्हें पता होना चाहिए यह देश हमारा है यहां के लोग हमारे है भ्रष्टाचार के सहारे जिन-जिन लोगों ने पैसा लूटा है। उनको बिल्कुल बख्शा नहीं जायेगा। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कहना है। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अजय वर्मा, मुनीश रजा अंसारी, मो0 अय्याज खां, सतीष वर्मा, मो0 तारिक खां, मो0 अलीम, लईक अहमद, मो0 अहमद, मो0 आमिर, मो0 गफ्फार, मो0 सोल्जर, मो0 इमरान, मो0 शकील, मो0 उस्मान, मो0 मुन्ना, समशाद अहमद, कल्लू खां, मैनू अहमद, मुजीब अहमद सौठन, सुहेल अहमद खम्हौल, कासिम अहमद, शरीफ अहमद सौठन, अख्तर अली, शब्बन अहमद खां, दिलशाद, शकील अहमद, परवेज अहमद बी0डी0सी0, अब्दुल मालिक, मुजीब अहमद एवं श्याम कश्यप रजागंज को सदस्यता ग्रहण कराई। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत मैलानी में चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ भी किया। कार्यक्रम में योगेश वर्मा विधायक सदर, विनीत मनार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', संजय मिश्रा, संतोष वर्मा मण्डल अध्यक्ष, योगेश कटियार बूथ अध्यक्ष रूकन्दीपुर, प्रवीण भार्गव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मंजीत कश्यप जिला मंत्री ओ0बी0सी0 मोर्चा, विनोद बाजपेई, धीरज शुक्ला 'मोनू', विनोद वर्मा, दीपक मिश्रा, शान्तनु तिवारी, राजेश दीक्षित, अनिरूद्ध कुमार, अंकित वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सीट का जन्म होते ही सीट हो गयी वीआईपी

**मोहम्मदी-खीरी।** 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र जिसकी आयु अभी मात्र पन्द्रह वर्ष की हुई है इस सीट का जन्म होते ही ये सीट वीआईपी हो गयी। वर्ष 2009 में वजूद में आयी ये लोकसभा सीट जिसमें लखीमपुर खीरी की तीन विधानसभा क्षेत्रो व सीतापुर जनपद की दो महौली और मिश्रिख शामिल है। मोहम्मदी, कस्ता एवं धौरहरा के कुल नौ लाख 59 हजार 266 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने मनपसन्द प्रत्याशी को जिताने का प्रयास करेगे। 2009 में वजूद में आयी इस सीट से पहले चुनाव में पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ने भारी मतो से जीत हासिल की और दूसरे 2014 के चुनाव में ये वीआईपी प्रत्याशी चौथे स्थान पर पहुंच गये थे। 2009 में पहली बार वजूद में आयी 29 धौरहरा लोकसभा सीट पहले ही चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जितिन प्रसाद के कारण वीआईपी हो गयी। सीतापुर की दो मिश्रिख एवं महौली तथा खीरी की मोहम्मदी, कस्ता एवं धौरहरा विधानसभा मिलकर 29 धौरहरा लोकसभा बनी। इस 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के कुल 16,44,674 मतदाता जिसमें 759933 पुरूष और 884646 महिलाए आने वाली 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे। नव सृजित हुई इस सीट पर हुए पहले चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराया था और कांग्रेस के जितिन प्रसाद ने लाखो के अन्तर से जीत हासिल की थी। लेकिन 2014 के चुनाव में लाखो मतो से जीतने वाले कांग्रेसी जितिन प्रसाद को मात्र 1,70,994 मत ही मिले और वो चौथे स्थान पर पहुच गये। जबकि सपा के आनन्द भदौरिया 2,34,032 मत पाकर तीसरे स्थान पर और बसपा के दाऊद अहमद 2,34,682 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा की रेखा अरूण वर्मा 3,60,357 मत पाकर 1,25,675 मतो के भारी अन्तर से जीती थी। वर्ष 2019 में पुनः रेखा वर्मा को 512905 बसपा के अरशद इलियास सिद्दीकी 3,52,294 मिले थे। इस बार परिस्थितियां बदली हुई है न मोदी लहर है न मन्दिर मुददा, हर कोई महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराधो की बाढ़, बेरोजगारी, त्रस्त किसान, परेशान व्यापारी, कृषि उपज का मूल्य न मिलने, सरकारी गेहू-धान खरीद केन्द्रो पर दलालो का बोलबाला, गन्ना बकाया, झूठे वादे। ये मुद्दे सहित बीते पांच वर्षो में भाजपा नेत्री रेखा अरूण वर्मा के द्वारा मतदाताओ से दूरी, विकास का रूका पहिया, जनससमयो ने उनका ग्राफ खासा गिराया ही साथ ही भाजपा से बगावत कर बसपा का दामन थामे श्याम किशोर अवस्थी भी उन्हे खासा नुकसान पहुंचा रहे है।

## मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्यः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनहित में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

### ये हैं वैकल्पिक दस्तावेज

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

### फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

### निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत प्रवासी निर्वाचक की पासपोर्ट से ही होगी पहचान

उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) केआधार पर ही पहचाना जायेगा।

### मतदाताओं की सुविधा को बीएलओ के जरिए बटेगी मतदाता पर्ची

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

### ट्रक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**सताव (रायबरेली)।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भीतरगाँव गाँव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक 28 वर्षीय युवक को कुचल दिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर सक्रिय हुई खीरों थाना पुलिस ने ट्रक को खीरों में पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार सुगंधखेड़ा थाना शिवगढ़ निवासी हीरालाल(28) अपनी पत्नी रीता और साली रेखा के साथ मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे गंगा स्नान व मेला देखने बक्शर जा रहा था। भीतरगाँव गाँव के समीप गर्मी ज्यादा होने के कारण सड़क किनारे मोटरसाइकिल को खड़ा करके वह हाथ मुंह धोने लगा। वापस आते समय गुरुबक्शगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रक (यूपी 32 टीएन 0831) ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर हीरालाल की दर्दनाक मौत हो गई।

## प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज का सीडीओ ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए डीएस कॉलेज लखीमपुर में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 2001 से 3000 तक और द्वितीय पाली में कोड संख्या 3001 से 4000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ कॉलेज के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने, मतदान प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यदि कोई शंका है तो आप प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पहले उसको अवश्य दूर कर लें।सीडीओ ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निर्वाचन के दौरान मतदान जैसे चैलेन्जिंग कार्य को आयोग की मुशानुरूप सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी (प्रथम) मतदान प्रक्रिया विशेषकर ई.वी.एम. संचालन से सम्बन्धित



तकनीकी जानकारी में दक्षता प्राप्त कर लें। मास्टर्स ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए बीच-बीच में कार्मिकों से सवाल जवाब भी किय जायें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित बुलेट प्वाईट पर प्रश्नोत्तरी तैयार कर लें इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर से और बेहतर हो सकेगी।निरीक्षण के दौरान पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी विपिन चौधरी, राजेंद्र श्रीवास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई मौजूद रहे।

### अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में दूसरे दिन मंगलवार को हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए बुधवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताते चलें कि प्रथम पाली में 63 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रथम दिन अनुपस्थित रहे 10 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### थ्रेसर की चपेट में आने से महिला को आई गंभीर चोटे

**महराजगंज रायबरेली।** गेंहू की फसल की ट्रैक्टर चालित थ्रेसर से मड़ाई करते समय थ्रेसर की चपेट में आई महिला का गला, सिर व चेहरा गंभीर रूप से कट गया। महिला को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। सोमवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के कुसिहा मजरे बैखरा निवासी सुरेंद्र के खेतों में थ्रेसर से उनके गेंहू की मड़ाई हो रही थी। उनकी पत्नी फूलमती 42 भी थ्रेसरिंग में हाथ बंटा रही थी। तभी अचानक उनके कपड़े थ्रेसर में फंस गए। और वह चलते थ्रेसर से लिपट गई। जिससे उसका गला सिर व चेहरा बुरी तरह कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने फूलमती को घायलावस्था में आनन-फानन सीएचसी अमावा पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना सम्पूर्णानगर के चौकी प्रभारी खजुरिया उ0नि0 संजीव कुमार तोमर मय टीम के थाना क्षेत्र के इन्द्रानगर बैरियर नेपाल बार्डर बहद ग्राम इन्द्रानगर मझरा से 02 नफर अभियुक्तगण आशीष राव पुत्र ललित बहादुर राव नि0 पुनर्वास 10 कंचनपुर थाना टाऊन नेपाल राष्ट्र अनिकेत राना पुत्र बन्धु राना नि0 कंचनपुर विकासबस्ती औडा 10 पछकड़िया थाना टाऊन जिला कंचनपुर नेपाल राष्ट्र से एक अदद चोरी की मोटर साइकिल जिसपर छल पूर्वक नेपाली नम्बर प्लेट लगा कर बेचने जाते समय गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 132/23 धारा 411/419/420 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

### गांव गांव जाकर पैसे बांटने का फोटो हुआ वायरल

**लखीमपुर खीरी।** बहुजन समाज पार्टी के धौरहरा के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी का गांव गांव जाकर पैसे बांटने का फोटो हुआ वायरल, वोटरों को लुभाने के लिए पांच पांच सौ के नोट बाटे, बसपा प्रत्याशी ने अग्नि पीड़ितों की मदद करने की बात कर आरोप को बताया निराधार सोशल मीडिया पर किया आरोपो का खंडन।

## 97 वर्ष की आयु प्राप्त कर पंचतत्व में विलीन हो गए ठाकुर इंद्रपाल सिंह गौर

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** जनसंघ एवं भाजपा के जिले की राजनीति के पितामह व राजनीति पुरोधा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कई बार के ब्लॉक प्रमुख पसगवाँ ठाकुर इंद्रपाल सिंह गौर 97 वर्ष की आयु प्राप्त कर पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके ब्रम्हलीन होने पर एक और मजबूत क्षत्रिय स्तंभ का अंत हो गया। जहाँ आज के राजनीतिक परिवेश में नेता पद के लिए पार्टियां बदलते रहते है पद पाने के लिए नित नई राजनीतिक बिसात बिछाते रहते है। वही आजीवन जनसंघ व भाजपा से जुड़े रहने वाले ठाकुर इंद्रपाल सिंह गौर वर्ष 1971 से वर्ष 1995 तक लगातार पसगवाँ ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख रहे है। अपनी बेबाक मुखर वक्ता शैली व स्वछ राजनीति के लिए वो जिले से लेकर प्रदेश तक में जाने जाते थे।उन्होंने जनसंघ व बाद में भाजपा के कई संगठन पदों पर भी कार्य किया उनके भाजपा के प्रति समर्पण के लिए प्रदेश नेतृत्व ने वर्ष 2000 से 2002 तक लखीमपुर खीरी जनपद के जिलाध्यक्ष जैसे पद पर नियुक्त किया था। बाद में खराब स्वास्थ्य के चलते उन्होंने जिलाध्यक्ष



पद का उत्तरदायित्व छोड़ दिया था। उसके उपरांत भी भाजपा प्रदेश संगठन ने वयोवृद्ध इंद्रपाल सिंह गौर को 5 वर्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उसके उपरांत 5 वर्ष भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय सदस्य मनोनीत किया था। खराब स्वास्थ्य के बाद भी वो आजीवन पार्टी के लिए कार्य करते रहे। यही नही गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज के डायरेक्टर फिर चेयमैन, साधन सहकारी समिति मोहिउद्दीनपुर के वे चेयरमैन भी रहे है। साथ साथ वो स्थानीय केन ग्रोवर्ष इंटर कॉलेज जंगबहादुर गंज के प्रबंधतंत्र में अध्यक्ष पद पर भी रहे। हालांकि केन ग्रोवर्ष इंटर कॉलेज जंगबहादुर गंज के पूर्व प्रधानाचार्य व वर्तमान प्रधानाचार्य व कुछ अन्य अध्यापकों व लोगो ने षडयंत्र के तहत मिलकर उन्हें लगभग पांच वर्ष पूर्व विद्यालय के अभिलेखों में फर्जी रूप से मृत घोषित कर दिया था।जिसका उन्होंने अभियोग भी पंजीकृत करवाया था। जिले से लेकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक भाजपा में अपनी स्वछ एवं बेबाक शैली के लिए उन्हें बड़े आदर एवं सम्मान के साथ देखा जाता था। उनके अंतिम संस्कार में प्राक्कलन समित के सभापति दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, गोला विधायक अमन गिरी, नगर पालिका अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला (रिंकू), ब्लॉक प्रमुख कुम्भी,यूपी स्टेट सूटर जी.एस. सिंह, समाजवादी पार्टी नेता क्रांति कुमार सिंह, भाजपा नेता दद्दन मिश्रा, सांसद रेखा अरुण वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी आशीष रस्तोगी आदि नेताओ के साथ भारी जनसमूह शामिल हुआ। तथा नम आंखों से अपने लोकप्रिय वयोवृद्ध जनप्रिय नेता को अंतिम विदाई दी।

### पुलिस ने सड़क किनारे वाहनों को नहीं होने दिया खड़ा

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो की सुरक्षा को देखते हुए आज सुबह से ही नगर के सड़कों पर वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़े किए जाने की व्यवस्था की गई थी और विभिन्न मार्गो को जाने वाले टेंपो व ई रिक्शा को भी सड़क किनारे खड़े होने नहीं दिया गया, जिस कारण आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नगर के प्रमुख बाजारों में रोड शो किया। रोड शो की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा, जिसके चलते कोर्ट रोड, देहरादून रोड, अंबाला रोड से विभिन्न मार्गो को जाने वाले टेंपो व ई रिक्शा आदि वाहनों को सड़क किनारे खड़े होने नहीं दिया गया, जिस कारण दूर दराज से आने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा क्योंकि इन स्थानों पर ई-रिक्शा एवं टेंपो आमजन को सुलभता से मिल जाते थे।

### कुंवर विक्रम सिंह का मनवर नदी के तट पर अंतिम संस्कार



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैय्या के चचेरे भाई कुंवर विक्रम सिंह का मनवर नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मंगल भवन से हजारों की संख्या में सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के साथ हजारो की संख्या लोग विक्रम भैया अमर रहे के नारे लगाते हुए मंगल भवन से मनकापुर कोट होते हुए उनका पार्थिव शरीर शमशान मनवर घाट के तट पर पहुंचा। मनवर तट पर पार्थिव शरीर को छोटे चाचा कुवर अतुल कुमार सिह ने विधि विधान के साथ मुख्य अग्नि नम आंखो से दिया शोका कुल राज परिवार की महिलाओ ने मंगल भवन पहुंच का ढाढश दिया कुंवर विक्रम सिह की बडी बहन शिवाली सिह ने घाट पर कंथा दिया कुंवर विक्रम सिह की बडी बहन शिवाली सिह बहनोई प्रवीन सिह राजस्थान के जो जोधपुर चचेरी बहन मनीषा सिह दुबई से अर्पिता सिह हरियाणा के गुणगांव व ननिहाल नेपाल के कृष्णा नगर से मामा व मामा के लड़के शैलज सिह अभिषेक सिह दाह संस्कार मे आये वही बिहार प्रांत के कुरुशैला के राज परिवार राजा प्रवेश सिह अपने परिजनो के साथ दुःखद क्षण में आये दाह संस्कार में राजा आनंद सिह विधायक मनकापुर रमा पति शास्त्री राम प्रताम वर्मा विनय कुमार द्विवेदी प्रभात वर्मा वेदप्रकाश दुबे लोकतंत्र सेनानी जनार्दन प्रसाद तिवारी पूर्व विधायक राम विशुन आजद ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी जर्नादन वर्मा राकेश सिह संजय मोदनवाल श्रवण शुक्ला अभिषेक सिंह जिला पंचायत सदस्य,गौरव सिंह लोलपुर अंकित सिंह सत्येंद्र श्रीवास्तव रतनदेव तिवारी पिंकू शुक्ला गिरजाशंकर पांडेय संग्राम सिह अतुल पान्डेय ललित सिह सोनू खान के केके सिह कुक्कू चोपडा व आसपास जनपदों के तमाम लोग मौजूद रहे।

### डीईओ ने निर्वाचन सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, सुगमतापूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला सेवा योजना कार्यालय में निर्वाचन प्रपत्र/स्टेशनरी/मतदान/मतगणना सामग्री किट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान टोलियों को किट विवरण के सम्बन्ध में मतपेटिकाओ में रबड़,मोहर,ब्रास सील तथा पेपर सील तथा स्टेशनरी आदि व्यवस्थाओं के बारे में सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रपत्र/स्टेशनरी पैकेटिंग एवं प्रपत्र छपवाने की व्यवस्थाओं को नियमानुसार किया जाए।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया रोड शो

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पार्टी प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में रोड शो कर उनके पक्ष में



मतदान करने का आह्वान किया। नगर के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। रोड शो पहले मार्गो की सघन तलाशी की गई और डॉग स्क्वायड के माध्यम से तलाशी भी ली गई।

आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। सुबह से ही पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह अलर्ट थे और जगह-जगह पुलिस पीएसी के जवानों को तैनात किया गया था। रोड शो से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा ने पुलिस लाइन के मैदान पर सुरक्षा कर्मियों को ब्रीफ किया। उसके पश्चात ही उन्हें रोड शो की सुरक्षा के लिए रवाना किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग 4.40 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो भगत सिंह चौक से आरंभ हुआ। रोड शो से पहले ही लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर एकत्रित हो गई थी। रोड शो आरंभ होते ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। रोड शो भगत सिंह चौक से आरंभ होकर बाजार मोरगंज, चौक फव्वारा, बाजार शहीदगंज, चौकी सराय, नेहरू मार्केट, श्री राम चौक, भगत सिंह मार्ग होते हुए घंटाघर पहुंचा। रोड शो को निर्विघ्न शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद रहे और सुरक्षा के साथ रोड शो में चल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले से भीड़ को काफी दूर रखा गया था। जिससे कि किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि जगह-जगह व्यापारिक, उद्यमी संगठनों द्वारा स्वागत के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री किसी भी स्टॉल पर नहीं रुके। वह अपनी गाड़ी पर ही सवार रहे और गाड़ी से ही जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। लगभग 25 स्थानों पर मुख्यमंत्री स्वागत के लिए स्टॉल लगाए गए थे। जहां पर पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया।

## सामान्य प्रेक्षक ने देर रात्रि तक किया बूथों का निरीक्षण, जनपद के बोर्डर पर भी परखी व्यवस्था



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक और सुगमता से कराने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे द्वारा आदर्श आचार संहिता एवं निष्पक्ष निर्वाचन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देते हुए गत रात्रि 12 बजे तक शहर के संवेदनशील एवं क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय व राजकीय इण्टर कॉलेज कमेला कालोनी का भ्रमण किया।

रात्रि भ्रमण के दौरान प्रेक्षक द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया जिसे जिला प्रशासन ने रातों-रात व्यवस्थित कर रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी। इस्लामिया डिग्री कालेज पंहुचकर एसएचओ कुतुबशेर से पाबन्द अपराधियों की संख्या व कृत निरोधात्मक कार्यवाही का संज्ञान लिया। इसके उपरान्त आज सुबह मुन्नलाल डिग्री कालेज, थाना मण्डी में स्थित बूथ संख्या 48-53 का निरीक्षण कर जम्बू जैन इण्टर कॉलेज पंहुचे व अस्थायी शेड की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक द्वारा शहर की व्यवस्था का निरीक्षण कर पठानपुरा व रायपुर, बेहट विधानसभा का दौरा किया व हथिनीकुण्ड बैराज स्थित हरियाणा व हिमाचल बार्डर का जायजा लिया। बार्डर पुलिस की निगरानी चुस्त-दुरूस्त दिखी।

## निर्वाचन सम्बन्धी प्रत्येक कार्य महत्वपूर्णः सामान्य प्रेक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में पाइनवुड सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समस्त प्रभारी, सह प्रभारी, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई।



संकेत एस भोंडवे ने निर्देश दिए कि सभी बूथों पर निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि किसी मतदाता को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके लिए सभी बूथों पर भ्रमण करते रहें। मतदान के दिन किए जाने वाले कार्यों की सूची लें ताकि किसी भी समस्या का समाधान त्वरित एवं नियमों के अनुसार किया जा सके। सभी अधिकारी सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी से निभाएं। प्रेक्षक ने कृषक कार्यों में लगे, भट्टो पर कार्य करने वाले, चीनी मिलों में कार्य करने वालें स्थानीय मतदाताओं को मत देने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को पुलिस टीम से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रट लोकेशन सहित सभी बूथों का रूट चार्ट बनाए ताकि मतदान के दिन आवागमन की असुविधा से बचा जा सके। सभी चुनाव में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव को बेहतर रूप से सम्पन्न कराने के लिए टीम भावना से कार्य करें।

जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के पोलिग बूथों का भ्रमण करते रहें जहां पर कोई समस्या हों उसका समय रहते निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन में जो जिम्मेदारी दी गई है उसको उत्साह और मनोयोग के साथ निभाना है। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों पर भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं की भौतिक परीक्षण कर सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर व्यवस्थाएं पूर्ण कराएं।

## नरकटहा में मां भगवती का विशाल जागरण एवं फलाहार कार्यक्रम



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार की सायं मां महाकाली सेवा समिति द्वारा बांसी के अम्बेडकर नगर नरकटहा में मां भगवती का विशाल जागरण एवं फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमूख रुप से राधे पान भंडार, बृजेश, मदन, राजकुमार द्वारा किया गया। मोके डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा महा काली की प्रतीमा का पूजन अर्चना कर कहा कि श्रृष्टि के प्राराम्भ से ही धरती पर देव और दानव के बीच संघर्ष होता रहा है। जिसमें शक्ति का महत्व सर्वाधिक अनुभव किया गया है। जब जब असुरों का राक्षसों का दानवों का उतपात हुआ या उनकी बढ़ोत्तरी हुई तो उसके समन व दमन के लिए देवताओं को और मनुष्यों को शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की आराधना करनी पडी चैत्र रामनवमी जिसे चारों युगों बासंतिक नव रात्रि के रुप मे मां भगवती की पूजा की जाती है। लंका विजय के परिप्रेक्ष्य में भगवान राम को भी शक्ति स्वरुपा मां भगवती की पूजा करने को विवश होना पडा। रामचरित मानस उद्रधृत है की देवि पूजि पद कमल तुम्हारे, सर नर मूनि सब होहीं सुखारे।देवी महात्म के विषय में देवी भागवत व दुर्गा सप्तशती मे लिखा है कि आदि शक्ति मां दुर्गा अपने भग्तों को न केवल शक्ति ही प्रदान करती हैं बल्कि विद्या, लक्ष्मी, पुत्र, पत्नी सौभाग्य, आरोग्य, बल तेज, अर्थात भग्तों के सभी मनोकामनाओ को पूर्ण करती है। आदिशक्ति महामाया योग माया जागरण के संचालक बिनोद कुमार त्रिपाठी मुख्य कलाकार मोनू, सागर मयूर आर्ट सांस्कृतिक मंच द्वारा सबसे पहले गणेश जी हनुमानजी, और शिव पार्वती जी की झांकी की आरती बन्दना की गई। इस अवसर पर प्रो. के.पी. त्रिपाठी, रामसरन मौर्य, गौरीशंकर अग्रहरि, जीवन अग्रहरि, भोलानाथ पाठक, रमेश मौजूद रहे।

# देवरिया से भाजपा ने शशांक मणि त्रिपाठी को बनाया प्रत्याशी

अवधनामा संवाददाता



- आर्मी, आईएएस, सांसद, डीजीपी तीन पीढ़ी से सदाबहार है देवरिया का मणि परिवार
- आईआईटी दिल्ली से बीटेक, विदेश से एमबीए की पढ़ाई किए हैं शशांक

**देवरिया।** देवरिया लोकसभा सीट पर भाजपा ने लंबे इंतजार के बाद प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पार्टी ने यहां से पूर्व सांसद जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे शशांक मणि त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। स्वभाव से मिलनसार शशांक मणि त्रिपाठी समाजसेवी है। वर्तमान में वह जागृति यात्रा और जागृति एंटरप्राइज सेंटर-पूर्वांचल के संस्थापक हैं। शशांक मणि त्रिपाठी के पिता श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने ही 1996 में देवरिया लोकसभा सीट पर पहली बार कमल खिलाया था। कांग्रेस सपा गठबंधन ने यहां से कांग्रेस के राष्टीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह को टिकट दिया। जबकि बसपा ने अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

बाबा थे आई ए एस, पिता भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल और सांसद रहे। देवरिया जिले के बरपार गांव के मूल निवासी शशांक मणि त्रिपाठी का पारिवारिक बैकग्राउंड काफी मजबूत है। इनके बाबा पंडित सूरत नारायण मणि त्रिपाठी उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस रहे हैं। वह कई जिलों के डीएम, काशी विद्यापीठ वाराणसी के वाइस चांसलर और गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्थापक रहे हैं। वह विधान परिषद के सदस्य भी रहे हैं। शशांक के पिता श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रहे हैं। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली और 1996 में देवरिया लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद बने। देवरिया सीट की राजनीति में पहली बार उन्होंने ही भाजपा को जीत दिलाकर कमल खिलाया था। शशांक मणि के परिवार की गिनती प्रदेश के सम्मानित परिवारों में होती है। शशांक मणि त्रिपाठी के चाचा श्रीनिवास मणि त्रिपाठी देवरिया जिले की गौरी बाजार सीट से विधायक रहे हैं। उनकी पहचान तेजतर्रार हिन्दूवादी नेता के रूप में रही है। मणि के तीसरे चाचा श्रीविलास मणि त्रिपाठी आईपीएस अधिकारी रहे हैं। वह उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी भी रह चुके हैं। इनके कई रिश्तेदार भी प्रदेश और केंद्र में अच्छे पदों पर नियुक्त है। शशांक मणि त्रिपाठी ने अपनी स्कूली शिक्षा लखनऊ के कॉल्विन तालुकदार कॉलेज से पूरी की। बाद में उन्होंने आईआईटी दिल्ली से बी.टेक. की डिग्री हासिल की और आईएमडी लुसेन से एमबीए किया है। वर्तमान में वह जागृति यात्रा और जागृति इंटरप्राइजेज के चेयरमैन है। शशांक मणि की पहचान इलाके में समाजसेवी और मिलनसार नेता की है। इनको टिकट मिलने पर देवरिया जिले के भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर है। देवरिया लोकसभा सीट से 2019 में भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी को टिकट दिया था। रमापति राम त्रिपाठी चुनाव जीत कर सांसद भी बने।

## मां जालौन देवी के दरबार में जिलाधिकारी ने टेका माथा, माता से लिया आर्शीवाद



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद की सिद्ध पीठ में गिनी जाने वाली मां जयंती देवी जालौनी माता के आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर पर हो रहे दुर्गा सप्तशती के पाठ के बाद यज्ञ में आहुति भी प्रदान की। मां जगत जननी जालौनी माता की स्थापना द्वापर युग में अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने कराई थी, तब से यह स्थान जनपद के अधिकारियों से लेकर सभी माता रानी के दर्शन कर अपने आप को धन्य मानते हैं। उनकी पूजा अर्चन कर भजन नारियल भी चढाते हैं। मां जयंती देवी के स्थान पर बसंत नवरात्रि व शरद नवरात्रि में भक्तों द्वारा जवारे चढ़ाए जाते हैं।यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जन माता रानी के दर्शन कर पुण्य के भागी बनते हैं। जनपद के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे जो कर्मयोगी बनकर जनपद वासियों की समस्याओं को सुनकर जनपद की व्यवस्थाओं का कुशल संचालन करते आ रहे हैं। उनके धार्मिक स्वभाव को देखकर हर फरियादी अपनी बात कह देता है और वह स्वभाव के अनुरूप लोगों की समस्याओं का समाधान करती है। जालौन देवी स्थान पर उनकी श्रद्धा है। उनका यहां पर प्राय- आना-जाना भी बना रहता है और वह माता रानी का पूजा दर्शन भी करते रहते हैं। जिलाधिकारी के आगमन की सूचना पाकर पुलिस व्यवस्था भी मुस्तैदरही। लाखों की भीड़ में भी किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए प्रशासन द्वारा समुचित किए गए हैं।

## जिलाधिकारी ने रसोइयों को किया सम्मानित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में बरहज ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय लवकनी ईश्वर में तैनात दो रसोइयों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने गत 13 अप्रैल को बरहज ब्लॉक स्थित मतदेय स्थल संख्या 108 प्राथमिक विद्यालय लवकनी ईश्वर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का रसोई घर अत्यंत स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित मिला था जिस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की थी। आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय की रसोइया उषा देवी एवं राजमती देवी को प्रशस्ति पत्र एवं दस-दस हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने दोनों रसोइयों को बधाई देते हुए इसी प्रकार से अपने कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

## नौ ट्रक प्रशासन द्वारा सीज कर दिए गए

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उप जिलाधिकारी जालौन के नेतृत्व में



खनन विभाग द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ओवरलोड ट्रकों और जरूरी प्रपत्रों के बिना बालू ले जा रहे ट्रकों पर जबरदस्त कार्रवाई करते हुए नौ ट्रक प्रशासन द्वारा सीज कर दिए गए। इस संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार उपजिला अधिकारी जालौन अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राम सिंह व खनन अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने देर रात्रि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि जनपद जालौन में बालू का अवैध खनन प्रशासन के काफी प्रयासों के बावजूद नहीं रोका जा सका है। बालू माफिया प्रशासन के सारे प्रयासों को ठेंगा दिखाकर अवैध खनन में संलिप्त हैं। जालौन प्रशासन ने बालू माफिया पर बड़ी चोट करते हुए नौ ट्रैकों पर जिन पर बालू लदी थी और जिनके पास आवश्यक प्रपत्र नहीं थे। उनको पकड़कर जालौन कोतवाली में बंद करा दिया है।

## लापता युवक की नहीं हो सकी गुमशुदगी दर्ज

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** दो माह से लापता युवक की सूचना के लिए दर-दर भटक रहे लापता युवक के परिजन। युवक जिस स्थान से लापता हुआ वह क्षेत्र एट होने तथा युवक का निवास जालौन क्षेत्र होने से परिजन सूचना दर्ज कराने में काट रहे चक्कर। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से इसकी सूचना मोबाइल से दर्ज कराई। सहाब निवासी जामिन अली ने जानकारी देते मुझे बताया कि उसका 23 वर्षीय पुत्र आमिर एट थाना क्षेत्र के ग्राम बर्ध में दो माह पूर्व लहसुन आदि बेचने के लिए गया था जो वहीं से लापता हो गया है जब वह लौट कर घर नहीं आया तो उसकी नाते रिश्तेदारी आदि में खोजबीन की गयी। लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं चल सका जब वह इसकी सूचना ऐट थाने में देने गया तो वहां की पुलिस कोतवाली जालौन में सूचना दर्ज करने की बात को कहकर टरका देते हैं।जब वह जालौन पुलिस के पास आया तो वह घटनास्थल के क्षेत्र में सूचना दर्ज करने की बात करते हैं। इस तरह से दो माह से थाने कोतवाली के चक्कर काट रहा है लेकिन आज तक उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं हो सकी है।

## बाल पेंटिंग जल्द से जल्द कराये जाने के दिए निर्देश

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के लिए बनाए गए पोलिंग बूथों की साज सज्जा के तहत बाल पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है।पोलिंग बूथों पर निरीक्षण करने गए उप जिला अधिकारी अतुल कुमार ने पोलिंग बूथों को जांचा व परखा। पोलिंग बूथों पर कार्य प्रगति पर मिला जिससे वह संतुष्ट नजर आए। इस दौरान उप जिला अधिकारी ने तहसील जालौन के अंतर्गत पंडितपुर, करमुखा, बिजवाहा ब पोलिंग बूथों की व्यवस्था तथा साफ सफाई किए जाने की पहल की। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद जालौन में जालौन- गरौठा -भोगनीपुर लोकसभा सीट पर 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## सीएम योगी के सामने बोला सहारनपुर, अबकी पार-400 पार

अवधनामा संवाददाता



- मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल के लिए किया रोड शो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में उत्साहित सहारनपुर ने उनके सामने बोला- अबकी बार 400 पार। 19 को मतदान केंद्र जाएंगे, इस बार भाजपा का कमल खिलाएंगे। रोड शो के पूरे रास्ते में जयश्री राम की गूंज रही। एक ही नारा-एक ही नाम, जय श्रीराम-जयश्रीराम के नारे सड़कों पर सुनाई देते मिले। जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे, यूपी में फिर से हम भगवा लहराएंगे गीत पर लोगों का उमंग देखते ही बन रहा था। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों ने योगी आदित्यनाथ का जोरदार अभिवादन किया। वहीं सड़कों के दोनों तरफ काफी भीड़ रही। भगत सिंह चौक से प्रारंभ हुए रोड शो में योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को पूरा सहारनपुर बेताब दिखा। हर तरफ सिर्फ कमल ही कमल का झंडा फहराता रहा। आम जनमानस ने मोदी-योगी का कटआउट लेकर जोरदार स्वागत भी किया। सड़कों के दोनों पर ओर खड़े लोगों ने योगी पर पुष्पवर्षा की तो कॉम्प्लेक्स की छतों पर खड़े लोगों ने मुख्यमंत्री योगी का अभिवादन भी किया। इस दौरान सहारनपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी आदि भी शामिल रहे।

## डीएम ने ड्रग वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को ड्रग वेयर हाउस का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान कार्मिकों को दी जाने वाली मेडिकल किट की पैकिंग ड्रग वेयरहाउस में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है जिसका निरीक्षण करने पहुंची जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दी जाने वाली मेडिकल किट में गर्मी के दृष्टिगत सभी आवश्यक दवाओं की पैकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैकेट में कोई भी एक्सपायरी दवाई ना रखी जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ड्रग वेयरहाउस में रखी अन्य दवाओं का अवलोकन किया एवं अस्पताल व सीएचसी में भेजी जाने वाली दवाओं की जानकारी ली जिस पर सीएमओ ने बताया कि अस्पताल तथा सीएचसी में मांग के अनुसार दवाएं भेजी जाती हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा, बसपा की सरकारों ने माफियाओं के सामने टेक दिए थे घुटने : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को हाथरस से भाजपा प्रत्याशी श्री अनूप वाल्मीकि के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा, बसपा की सरकारों के दौरान प्रदेश में गुंडागर्दी, बेईमानी और भ्रष्टाचार व्याप्त था।

सपा ने प्रदेश को दंगाईयों के हवाले कर दिया था। सपा, बसपा की सरकारों ने माफियाओं के सामने घुटने टेक दिए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लम्बे समय तक देश में शासन किया, लेकिन उनके नेता भ्रष्टाचार में डूबे रहे और भ्रष्टाचार का पर्याय ही कांग्रेस हो गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। भाजपा ने जनता से जो वादे किए हुए पूरे किए हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर भी बनवाया है। कहा की अब वो दिन चले गये जब कांवड़ यात्रा और दूसरे धार्मिक अनुष्ठान पर सरकार की पाबंदी होती थी, मंदिरों के घंटे-घड़ियाल हवा से भी न बज जाएं इसलिए उसकी भी निगरानी में पुलिस तैनात रहती थी।

शोभायात्रा पर प्रतिबंध था। पुरानी सरकारें हमारे तीर्थस्थलों, पर्वो पर प्रतिबंध लगाने का काम करती थी। हमारी सरकार विकास के साथ-साथ आस्था, परंपरा और विरासत को लेकर आगे बढ़ने का काम कर रही है। श्री चौधरी ने कहा की आज का उत्तर प्रदेश बदलता हुआ उत्तर प्रदेश है। पूरे देश में महाराष्ट्र के बाद दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यूपी की है। यह मोदी जी और योगी जी के शासन की बदौलत ही संभव हुआ है। आज दंगाई, आतताई और बलवाई की एक ही दवाई है वो क़ानून का डंडा ही है जिसका इस्तेमाल हमारी सरकार ने बखूबी किया है। अब बहन-बेटियाँ बिना भय के घर से बाहर जाती हैं, व्यापारी भी सुख से बिना भय के अपना व्यापार कर रहे हैं। आम जनता की समस्याओं को सरकार ने समझा है, डरे तो माफिया, दंगाई और अराजक तत्व हैं।

## प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व पर बधाई

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने समस्त प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व पर बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए लोकमंगल की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रामनवमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण से देश की 500 वर्षो की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है। देश में हर्षोल्लास है और राम मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में समरसता, सदभाव, सत्य तथा सनातन के मंत्र का प्रसार कर रहा है। नए युग का सूत्रपात्र हुआ है। 500 वर्षो के पश्चात् प्रभु श्रीराम का जन्मोंत्सव उनकी जन्मभूमि पर मनाने के लिए विश्व के करोडों करोड़ जन प्रतीक्षारत है। सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होने वाली है। भव्य और नव्य अयोध्या प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को दिव्यता और भव्यता के साथ मनाने के लिए तैयार है। सभी को राम जन्म की बधाई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण से रामराज्य की अवधारणा मूर्तरूप ले रही है।

# प्रेस क्लब ने आयोजित किया फलाहार कार्यक्रम

## रामनवमी पर प्रेस क्लब ने कराया पत्रकारों को फलाहार

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** पूर्व के वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के पानव अवसर पर प्रेस क्लब की ओर से पत्रकारों को फलाहार कराया गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिय प्रेस क्लब कार्यकारिणी को साधुवाद दिया और साथियों को पर्व की शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा हमें बस्ती के महत्व को समझने की जरूरत है।

बस्ती वह धरती है जो राम जन्म का कारण बनी, इसी धरती पर राम को गुरू वशिष्ठ ने ऐसा गढ़ा कि वे मर्यादा पुरूषोत्तम हो गये। इसलिये बस्ती को कभी कमतर न आंके। उन्होने पर्व की शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द पाण्डेय ने कहा प्रेस क्लब ने जो परंपरा शुरू की उसे लगातार निभा रहा है, इसकी जितनी सराहना की जाये कम है। कार्यक्रम को प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, महामंत्री महेन्द्र तिवारी, सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी, अंकुर वर्मा, पुनीतदत्त ओझा, सरदार जगवीर, अशोक श्रीवास्तव, सीपी शर्मा, संध्या दिक्षित आदि ने सम्बोधित किया। शुरूआत कवियित्री अर्चना श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वंदना से हुई। इससे पहले वरिष्ठ पत्रकारों ने सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा कि सभी के सहयोग से परंपरायें जीवंत हैं, आग भी प्रेस क्लब की ओर से ऐसे रचनात्मक आयोजन जारी रहेंगे। अनुराग श्रीवास्तव, रामकुमार, अशोक कुमार, ओंकारनाथ मिश्रा, गौकरन पांडे, आशुतोष मिश्रा, अतुल मिश्रा, टीपू, अतुल सोनी, सरुश सिंह गौतम, राजेन्द्र उपाध्याय, सर्वेश श्रीवास्तव, रामसजीवन दूबे, शिवराम गुप्ता, लालूप्रसाद, सतेन्द्र पटेल, जीशान हैदर, मजहर आजाद, संतोष सिंह, विपिन बिहारी तिवारी, बजरंग प्रसाद शुक्ला, राकेश तिवारी, महेश तिवारी, अभिषेक गौतम, डा. वीके वर्मा, राजेश चित्रगुप्त, दिनेश मास्टर, अजय श्रीवास्तव, हरिओम लल्ला, दिनेश पाण्डेय, दिनेश सिंह, लवकुश यादव, पराशर पाण्डेय, रमेश मिश्रा, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, संदीप गोयल, संतोष तिवारी, राजेश पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, शिवराज सिंह, कपीश मिश्रा, श्रीप्रकाश गुप्ता, शहंशाह आलम, विश्राम प्रसाद, दिलीप पाण्डेय राधेश्याम दूबे, जयप्रकाश उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

## मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिनांक 20, 22, 23 व 24 अप्रैल 2024 को मनीषी महिला महाविद्यालय व इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था मोबाइल टॉयलेट पार्किंग साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक तेजभान सिंह ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी प्रथम को दिया जाएगा। प्रशिक्षण 38 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर व लैपटॉप के माध्यम से दिया जाएगा।

# गोपाल ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का बढ़ाया मान

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील अंतर्गत ग्राम सेखुईया निवासी गोपाल कृष्ण वर्मा ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का मान बढ़ाया है। परीक्षा उत्तीर्ण का समाचार सुनकर क्षेत्र के लोगों और रिश्तेदारों की भीड़ सेखुईया की तरफ बढ़ने लगी। लोगों ने परिजनों को मिठाई खिलाकर क्षेत्र में इस बड़ी कामयाबी की मुबारकबाद दी।

मिली जानकारी के अनुसार गोपाल कृष्ण वर्मा एक साधारण किसान परिवार से हैं जिनके पिता बृजभानु वर्मा एक कृषक एवं माता सुभद्रा देवी एक गृहणी है। गोपाल कृष्ण वर्मा ने लगभग 27 वर्ष की आयु में देश की सबसे बड़ी परीक्षा को उत्तरीण किया है। जिससे गांव सहित पूरे जनपद के लोगों का सर गर्व से ऊंचा हो गया है। प्रेस से बातचीत के दौरान उनके चाचा सुग्रीव वर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय जिमड़ी में हुई है और इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई तहसील अंतर्गत बैदौलागढ़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में हुई है। उन्होंने बताया कि बचपन से ही उनका सपना जिला अधिकारी बनना था। इस ख्वाब को सच करने के लिए बहुत कम उम्र में ही उन्होंने अपने गांव को छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए सर्वप्रथम एमएलके डिग्री कॉलेज से बीएससी व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से एमएससी की डिग्री हासिल की तत्पश्चात तैयारी के लिए इलाहाबाद में रहने लगे। यहीं से दो बार यूपीएससी की परीक्षा में बैठे लेकिन असफलता हाथ आई इसके बाद दिल्ली में रहकर सेल्फ स्टडी में कड़ी मेहनत कर तीसरी बार सफलता का परचम लहराया। आईएएस की परीक्षा में 846 रैंक प्राप्त कर में चयनित हुए हैं। घर में सबसे बड़े होने के वजह से अपने दूसरे छोटे भाइयों में सतपाल वर्मा और विजय पाल वर्मा के लिए आदर्श हैं।

डाक मतपत्र से मतदान को लेकर हुई बैठक

## उप्र में 12 सेवाओं को आवश्यक सेवाओं में किया गया है शामिल



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों (मतदाताओं) को डाक मतपत्र की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव, डाक मतपत्र प्रभारी/मुख्य राजस्व अधिकारी जल राजन चौधरी ने कलक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक सेवाओं एवं चुनाव ड्यूटी में लगे वैसे कर्मचारी जो मतदान दिवस पर अपने बूथ पर मतदान नहीं कर सकते, उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 12 सेवाओं को आवश्यक सेवाओं में शामिल किया गया है, जिनमें सूचना एवं जनसंपर्क, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (आपातकालीन/एम्बुलेंस सेवाएं), डाक, परिवहन, रेलवे, बिजली, नागरिक उड्डयन, मेट्रो, दूरदर्शन विभाग, ऑल इंडिया रेडियो, बीएसएनएल, मतदान दिवस कवरेज के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया कर्मी हैं। इस वर्ग के इच्छुक मतदाता अपना आवेदन प्रपत्र 12डी में अपने विभाग के नोडल अधिकारी से प्रमाणित कराकर रिटर्निंग अधिकारी को भेज सकते हैं।

# दुर्गाष्टमी पर महागौरी की पूजा अर्चना

अवधनामा संवाददाता

- दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु
- बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका



**लखनऊ।** नवरात्र का पर्व व्यक्ति में त्याग व दृढ़ इच्छाशक्ति और ईष्वरीय सत्ता के प्रति आस्था का भाव जगाता है। नवरात्र व्रत का अपना महत्व है और इससे मात्र जगत जननी माँ दुर्गा की भक्ति ही हासिल नहीं होती वरन् आत्मशक्ति भी प्राप्त होती है। लखनऊ में साकेतपुरी भिलावां स्थित मां वैष्णों देवी मंदिर में मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंगलवार को दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका। व्रतियों ने विधि विधान से माँ का पूजन अर्चन और पाठ किया। आठवें दिन माँ आदि शक्ति दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जाती है। मां महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर है। यहां तक कि इनके वस्त्र और आभूषण सभी सफेद हैं मां की चार भुजाएं हैं और इनका वाहन बैल है। फलाहार कार्यक्रम से इस विशेष अवसर पर लोगों में वैचारिक एकता का संदेश जाता है जो समाज व देश दोनों के विकास को सही दिशा प्रदान करने में मददगार साबित होता है। मां के दाहिने ओर के ऊपर हाथ में अभय मुद्रा और नीचे हाथ में त्रिशूल है वहीं बाई ओर के ऊपर वाले हाथ में डमरू और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इस दिन बहुत से श्रद्धालुओं ने हवन और कन्याभोज का भी आयोजन किया।कहा गया है कि इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मश धुल जाते हैं पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। यहां श्रद्धालुओं ने माँ का दर्शन और पूजन अर्चन किया टिकरी चढ़ाने के लिए भी माँ के दरबार में भीड़ रही।

# कई ग्राम प्रधानों व पूर्व प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

## सांसद लल्लू सिंह ने पार्टी का ध्वज देकर व पार्टी में कराया शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधान संघ के जिला महासचिव तथा कई ग्राम प्रधानों व पूर्व प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता




ग्रहण की। लोक सभा कैम्प कार्यालय सहादतगंज में सांसद लल्लू सिंह ने पार्टी का ध्वज देकर व माल्यर्पण कर सभी को पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 4 जून 400 पार का नारा अब जनता स्वंय लगा रही है। विगत दो कार्यकाल में सरकार की योजनाओं तथा विकास को भारत के हर नागरिक ने महसूस किया है। भ्रष्ट्राचार पर कड़े प्रहार से विपक्षी दलों में बौखलाहट का माहौल है। जिससे वे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।

पार्टी में शामिल जिला महासचिव प्रधान संघ अनूप वर्मा ने कि मोदी व योगी सरकार की योजनाओं व विकास से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के निर्देशानुसार पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

इस दौरान प्रधान अजीत वर्मा, पूर्व प्रधानगण संग्राम पटेल, अजीत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, संचालक सहकारी समिति सुजीत वर्मा, बीडीसीगण राजमणि कनौजिया, राम नरेश कोरी, ठाकुर प्रसाद वर्मा व बलराम वर्मा, चौधरी गौड़ समाज राम तिलक गौड़, अरूण कुमार वर्मा, पंकज वर्मा, राम जनम वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, राम अचल वर्मा, रामदरश वर्मा, राजेंदर वर्मा, अवधेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, आलोक पटेल, शिवकुमार रंजन, श्रवण कुमार गौड़, अवनीश गौड़, विशाल रावत, सुखराज सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ।

# 21 वर्षीय छात्र की संदिग्ध अवस्था में कमरे की छत से लटकी मिली लाश

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर - अयोध्या।** कस्बा बीकापुर के आजाद नगर मोहल्ले में प्रयागराज हाईवे के किनारे एक मकान में कमरा किराए पर लेकर बी फार्मा मेडिकल की पढ़ाई कर रहे करीब 21 वर्षीय छात्र का शव सोमवार देर शाम कमरे के अंदर छत के पंखे से गमछे के सहारे लटकता मिलने से हलचल मच गई। बताया गया कि मृतक छात्र सूरज चौहान पुत्र दारा चौहान निवासी हरदी गोसाईगंज थाना महाराजगंज बी फार्मा सेकंड ईयर का छात्र था। तथा बीकापुर क्षेत्र के लुत्फाबाद बछौली में संचालित बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। बीकापुर कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में स्थित उदय शंकर सिंह के मकान में एक कमरा किराए पर लेकर तीन अन्य छात्रों के साथ रह रहा था। सभी छात्र बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। एक कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहे चार छात्रों में एक छात्र कुछ दिन से घर गया हुआ है। जबकि दो छात्र सोमवार सुबह विद्यालय पढ़ने चले गए थे। मृतक सूरज चौहान सोमवार



को विद्यालय नहीं गया था। कमरे में अकेले था। शाम करीब 4 बजे विद्यालय गए दोनों छात्र पंकज कुमार और सनी सिंह जब विद्यालय से पढ़ाई करके कमरे पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। करीब 2 घंटे तक दोनों छात्रों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन सूरज चौहान ने कमरा अंदर से नहीं खोला। फिर दोनों छात्रों द्वारा गांव में रह रहे मकान मालिक उदय शंकर सिंह को फोन से कमरा न खुलने की सूचना दिया। मौके पर पहुंची मकान मालिक उदय शंकर सिंह द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा कारण खुलने पर दरवाजा तोड़ा गया। तो संदिग्ध अवस्था में छात्र सूरज चौहान का शव पंखे के सहारे लटकता मिला। कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज द्वारा साथ रह रहे छात्रों से पूछताछ की गई और परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने के बाद रात करीब 9ः30 बजे मृतक किशोर को पोस्टमार्टम भेजे जाने की कार्रवाई शुरू की गई। चर्चा है कि प्रेम प्रसंग के चलते छात्र द्वारा खुदकुशी की गई है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि मृतक बी फार्मा का छात्र था। पांच भाइयों में सबसे छोटा था। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। मौके से तीन मोबाइल बरामद हुआ है। मोबाइल मृतक के बताए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पड़ताल के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। छात्र की हुई संदिग्ध मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### डा. हैनिमैन ने चिकित्सा जगत को नया आयाम दिया: डॉ विजय कुमार पुष्कर

**पूरा बाजार - अयोध्या।** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ क्रिश्चियन सेमुअल फेरिडिक हैनिमैन के जन्मदिवस अवसर पर राजकीय डा. बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकली में समारोह का आयोजन किया गया समारोह में प्राचार्य डॉ विजय कुमार पुष्कर ने केक काटकर जन्म दिवस पर आयोजित समारोह का शुभारंभ कराया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ विजय कुमार पुष्कर ने कहा की होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की खोज कर डॉ हैनिमैन ने चिकित्सा जगत को नया आयाम दिया है आज लोग तेजी से होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को अपना रहे हैं और यह फलीभूत भी हो रहा है है समारोह में डॉ माधुरी गौतम डॉ पी एस त्रिपाठी डॉ केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डॉ सुशीला सिंह डॉ अंजु सिंह डॉ जावेद डॉ आई पी पटेल ने भी होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए डॉ हैनिमैन के योगदान को सराहा कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाइ।

# सीएससी कर्मी से 95 हजार की ऑनलाइन ठगी

**देवा बाराबंकी।** कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर आधार कार्ड बनाने की मशीन आपूर्ति का झांसा देकर जालसाज ने सीएससी कर्मचारी से 95 हजार रुपए हड़प लिया। मशीन नहीं मिलने पर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने देवा थाना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

देवा थाना के जसनवारा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र राधेश्याम ने बताया कि वह कॉमन सर्विस सेंटर पर काम करता है। 20 दिसंबर 2022



को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने एनआईसीटी सीएसपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क व नए आधार कार्ड बनाए जाने के लिए उपकरण उपलब्ध कराने की जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि जालसाज ने कई बार में उससे 95 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रॉजेक्शन कराया। पीड़ित ने बताया कि कई दिन बाद भी उसे उपकरण नहीं मिले तो उसने फोन किया लेकिन वह नंबर बंद मिला। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित देवा थाना में अज्ञात के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र ने नौजवानों में जगाई उम्मीद की एक नई लहरः पुनिया

**बाराबंकी।** देश को मंहगाई और बेरोजगारी का तोहफा दस वर्षों की भाजपा सरकार की देन है। देश के बेरोजगार युवाओं को 1 वर्ष में 2 करोड़ नौकरी का वादा कर सत्ता में आयी मोदी सरकार ने लाखों नौजवानों की नौकरी छीन ली है मंहगाई के चलते हर घर की रसोई का बजट बिगड़ गया है कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र ने देश के नौजवानों में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी है। उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य स्टार प्रचारक पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के नगर पंचायत सुबेहा के ग्राम पूरे अल्पी मजरे मोहिनुद्दीनपुर तथा विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम बडवल बाजार में आयोजित कार्यकर्ता संवाद चौपाल में व्यक्त किये।

पूर्व सांसद राम सागर रावत तथा पूर्व विधायक राममगन रावत ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतो से जिताने की अपील करते हुये कहा कि लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में हवा चल रही है भाजपा की डबल इंजन की सरकार से परेशान जनता ने उसे हटाने का मन बना लिया है क्योंकि उसे एहसास हो गया है कि भाजपा सरकार का लोकतन्त्र और संविधान में विश्वास नहीं रह गया है उसे सत्ता से बेदखल करने में ही उसकी भलाई है।

प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज इण्डिया गठबन्घन के साथियों के साथ विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के विकास खण्ड हरख के ग्राम करौन्दी कला, नेवली, चन्दौली, जरमापुर, मोहना, पिपरहा, उधवापुर, मुबारकपुर कोटवा, भटपुरवा, इसरौली सेठ तेजवापुर, ठाकुर पुरवा, वादीपुर, जैसीरामपुरवा कोलागहबड़ी, सेवकी पुरवा, दौलतपुर, बारायन, कटेसर, झलिहा, पडरी तमरसेपुर, टेरा, टिकरा, चन्दौली आदि गांव में व्यापक जनसम्पर्क किया। कर संसदीय क्षेत्र की चौमुखी विकास के लिये इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान चौधरी अदनान, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरख सुरेन्द्र वर्मा, आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया हिमांशु यादव, प्रीतम सिंह वर्मा, सियाराम यादव, शुऐब अहमद शिब्बू, गुड्डू राइन, सुशील वर्मा, सूरज दिक्षित, केसवराम वर्मा, सन्तशरण वर्मा, आकाश प्रताप सिंह, रामनरेश वर्मा, पूर्व चेयरमैन सतरिख आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 152 पंजीकरण, 10 को जारी हुए खाद्य लाईसेंस

**बाराबंकी।** खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण बनाये जाने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में खाद्य कारोबारकर्ताओं की सुविधा हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से लाईसेन्स, पंजीकरण कैम्प तहसील नवाबगंज में देवां तथा तहसील हैदरगढ़ में हैदरगढ़ बाजार पर आयोजित किया गया।

इस मौके पर उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं के 152 खाद्य पंजीकरण व 10 खाद्य लाइसेन्स बनाये गये। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक के अनुसार आमजनमानस को जागरूक भी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय द्वारा कहा गया कि छूटे हुए खाद्य कारोबारकर्ता अपना सही पंजीकरण, लाइसेंस प्राप्त कर लें। जनपद में लाइसेंस/पंजीकरण बनाये जाने का कार्य निरंतर जारी है। 20 अप्रैल के बाद बिना लाइसेंस, पंजीकरण, गलत श्रेणी में पंजीकृत खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। तहसील नवाबगंज में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमल कुमार तथा तहसील- हैदरगढ़ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री कंचनलता तिवारी द्वारा लाईसेंस/पंजीकरण कैम्प को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार, अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय एवं मेलाधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित अन्य मेले से जुड़े अधिकारियों के साथ मेला परिसर, राम की पैड़ी तथा विभिन्न पथों पर अस्थायी तौर पर बनाये गये पी0एफ0सी0 सेन्टर जूता-चप्पल रखने के स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा मेले के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हों इसके लिए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा मेले से सम्बंधित सम्पूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिये गये। इसके पूर्व जिलाधिकारी नितीश कमार ने चैत्र रामनवमी मेला में बड़ी संख्या में अयोध्या धाम में दर्शनार्थियों को सम्भावित आगमन के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों के साथ भक्तिपथ श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी पर श्रद्वालुओं के सुगम आगमन हेतु की गयी छाये, मैटिंग, रेलिंग, प्याऊ वाटर क्रियास्क आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तदोपरांत कनक भवन में दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान समस्त तैयारियां पूर्ण पायी गयी। इसके उपरांत मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थायें की गयी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के 29 महत्वपूर्ण स्थानों पर ÷मे आई हेल्प यू बूथ÷खोया पाया केंद्र



जिलाधिकारी ने सरयू आरती स्थल पर स्नानार्थियों हेतु की व्यवस्थाओं यथा-फ्लोटिंग बैरीकेटिंग अर्थात जल सुरक्षा, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया व सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी बनाये गये हैं। जगह-जगह जल प्याऊ वाटर क्रियास्क लगाये गये हैं। भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ व राम पथ पर आवश्यकतानुसार मैटिंग करायी गयी है। धूप से बचाव के लिए छाये हेतु भक्ति पथ पर अस्थायी व जन्मभूमि पथ पर स्थायी शेड की व्यवस्था की गयी। 12 महत्वपूर्ण स्थानों पर अस्थायी चिकित्सालय शिविर संचालित हैं जहां पर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था है। अपरिहार्य परिस्थितियों से निपटने हेतु मेडिकल कॉलेज दर्शननगर, जिला चिकित्सालय व श्रीराम चिकित्सालय में वेड भी आरक्षित किये गये हैं। श्रद्धालुओं के जूता-चप्पल रखने हेतु जगह-जगह अस्थायी पब्लिक फैसिलिटी सेंटर भी संचालित किये जा रहे है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के साथ ही पी0ए0 सिस्टम लगाया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इसी के साथ ही समस्त व्यवस्थाओं के मानीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम भी संचालित किया जा रहा है। मेला कन्ट्रोल रूम नम्बर 05278-232043, 232044, 232046, 232047, 9120989195, 9454402642 कोई भी व्यक्ति उक्त नम्बर पर मेला के सम्बंध में जनोपयोगी जानकारी का आदान प्रदान कर सकता है।

# शॉर्ट-सर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग, 16 बीघा फसल जलकर राख

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बहबरमऊ और कोटिया गांव में गेहूं के खेत मे विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग से किसानों का करीब 16 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण एवं फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना पर पहुंची राजस्व की टीम ने नुकसान का आकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी है।कुमारगंज थाना क्षेत्र के बहबरमऊ पूरे मातादीन गांव में शार्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई। खेत में आग लगने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण गुहार लगाते हए खेत पहुंच गए, और आग बुझाने में जुट गए, लेकिन थोड़ी ही देर में आग ने अपना भयानक रूप ले लिया। और तेजी से खेतों में फैलने लगी आग बुझता न देख ग्रामीणों ने अग्निकांड की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम के फायरमैन विकास यादव,उदय शंकर पाण्डेय,सत्यम सक्सेना, वाहन चालक दिनेश मिश्रा ने मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कृषक कमलेश प्रसाद पाण्डेय पुत्र राम कलप पाण्डेय के खेत में मौजूद विद्युत पोल से शार्ट सर्किट हुई जिससे निकली चिंगारी से खड़ी 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं दूसरी और खण्डासा थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी कृषक राम जग पुत्र चंद्रबली का 4 बीघा और रामसूरत सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह का 2 बीघा गेहूं की खड़ी गेहूं की फसल शॉर्ट सर्किट से जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपालों ने तहसील प्रशासन को सूचना देने के बाद आग से हुए नुकसान का आकलन रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को सौंपने की बात कही। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि यदि शार्ट सर्किट से खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हुई है।

## भाजपा ने अपना संकल्प पूरा कर नए संकल्प के साथ आपके द्वार :वेद प्रकाश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार अयोध्या।** पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो जनता से वादे किए थे उसे समय रहते पूरा कर दोबारा अपने नये



संकल्प के साथ चुनाव में आप लोगों के आशीर्वाद के लिए आया हूं अब आप लोगों के सहयोग से माननीय प्रधानमंत्री मोदी अपना तीसरा कार्यकाल प्रारंभ करेंगे और देश व प्रदेश का विकास करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना पूरा करेंगे उक्त उदगार स्थानीय बाजार बाजार में भाजपा कार्यालय के लोकार्पण अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया ।समझ में लोकसभा प्रभारी डॉ बांके बिहारी मणि त्रिपाठी भाजपा महिला प्रकोष्ठ की महानगर मंत्री स्वाति सिंह मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी मंडल चुनाव संयोजक शिवनारायण तिवारी सहसंयोजक नंद कुमार सिंह सुरेश दुबे पूर्व जिला महा मंत्री शारदा यादव मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह महामंत्री ओम प्रकाश यादव रामप्रीत वर्मा महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह प्रधान संघ के जिला महासचिव अनूप वर्मा वीरेंद्र वर्मा प्रमोद मौर्या रमेश वर्मा संग्राम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष कालिका सिंह नेवी भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने की बात कही इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थी ।

## संदिग्धवस्था में हुई युवक की हत्या को लेकर पीड़ित परिवार ने एसएसपी को दिया शिकायती पत्र की निष्पक्ष जांच की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कोतवाली नगर के अंतर्गत सहनवां निवासी शबनम पत्नी कासिम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है शिकायती पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता की पुत्री रेशमा बानो पत्नी शेख मोहम्मद अशरफ निवासी थाना कटका जिला अंबेडकर नगर के साथ विवाह हुआ था शिकायतकर्ता का दामाद आरो मशीन लगाने का कार्य अपनी ससुराल में रहकर करता था शिकायती पत्र में बताया गया है कि 7 अप्रैल 2024 समय लगभग 6ः30 बजे सूचना मिली कि शेख मोहम्मद अशरफ की मृत्यु हो गई यह सुनकर शिकायतकर्ता अपनी पुत्री पति के साथ जिला चिकित्सालय अयोध्या पहुंची जहां पहले से मौजूद रिजवाना पत्नी मोहम्मद इस्माइल निवासी घोसियाना मृतका की लाश को अपने पति की लाश बता रही थी इस घटना की कुछ दिन पूर्व मृतक मोहम्मद अशरफ को रिजवाना द्वारा अपने मकान बेनीगंज में बंधक बनाया गया था पुलिस चौकी साहबगंज पर रिजवाना द्वारा मुकदमा दर्ज करने की लिखित तहरीर दी गई थी। शिकायतकर्ता अपने दामाद शेख अशरफ के गले



पर चोट के चिन्ह देखें और उसने दामाद की हत्या हुई है और हत्या रिजवाना जैद जरीन व नदीम घोसियाना द्वारा सब्जी मंडी पुरानी मजरे की पास स्थित मकान में की गई जिसकी अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई शिकायतकर्ता को आशंका है कि हत्यारे विपक्षीगण हत्या का सबूत मिटा देंगे और फरार हो जाएंगे उन्होंने एसएसपी से गुहार लगाई है कि विपक्षीगणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की निष्पक्ष जांच की जाय और शिकायतकर्ता को न्याय मिले। आपको बताते चले नगर कोतवाली के पुरानी सब्जी मंडी में रहने वाले अशरफ ने दो शादियां की थीं और यहां वह तीसरी के साथ रिलेशनशिप रहता था। वह अंबेडकरनगर के कटका का निवासी था। मौत के बाद जिला अस्पताल में पत्नियों में बाद विवाद और हाथापाई शुरू हो गया। वही शिकायतकर्ता का कहना है कि अगर न्याय नहीं मिलेगा तो हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी इसकी शिकायत करेंगे और हमें पूर्ण विश्वास है कि वहां से हमको न्याय मिलेगा।

## अवध विवि के फार्मेसी संस्थान में व्याख्यान का आयोजन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में कंपार्टमेंट मॉडल एवं फार्माकोकाईनेटिक पैरामीटर यूजिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। व्याख्यान को संबोधित करते हुए सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 वंदना गुप्ता ने कहा कि कंपार्टमेंटल मॉडलिंग से दवा डेवलपर्स को सहायता मिलती है। इसकी मदद से शरीर पर पड़ने वाले दवाओं के प्रभावों को समझा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फार्मा को काइनेटिक्स एवं कम्पार्टमेंट मॉडलिंग की तकनीक से दवा की खुराक का निर्धारण किया जाता है। इससे रोगी के बीच दवा का परस्पर तालमेल बना रहता है।

# सांस्कृतिक समारोह में बाल कलाकारों ने बिखेरा अपना जलवा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल स्थित टिकुलहियां माता मन्दिर के पांचवें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन शविवार की रात आयोजित बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र की नन्ही प्रतिभाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर जमकर तालियां बटोरी।कार्यक्रम के अन्त में मन्दिर समिति की ओर से सभी बाल कलाकारों को पुरस्कृत भी किया गया। विगत वर्षों की भातिं इस वर्ष भी दुर्गा मन्दिर टिकुलहियां के वार्षिकोत्सव में बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर व देहात क्षेत्र के तमाम नन्हे मुन्हे बच्चों ने प्रतिभाग किया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगो का मन मोह लिया।गणेश वंदना साथ कार्यक्रम का जोरदार आगाज हुआ जिसे राष्ट्रीयता पर आधारित नृत्य के साथ सन साईन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बढाया। भ्रण हत्या पर आधारित लघु नाटिका में पं0दीनदयाल संस्कार वाटिका की नन्ही बेटियों ने सबको भावविभोर कर दिया। बच्चों ने राधा तेरी चुनरी पर श्रीकृष्ण की नटखट लीला को जीवंत किया तो वहीं शिशुसदन के बच्चों ने माही तेरी चुनरियां लहराये पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया।इसके उपरान्त दो आर्या व श्री की बेहतरीन नृत्य पर पुरा पाडांल तालियों से गूंज उठा। पूर्व माध्यमिक विधालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत श्याम बंसी बजाते है गीत पर श्रीकृष्ण की रास लीला को प्रस्तुत किया।



## कोटवाधाम में लगे मेले में उमड़े श्रद्धालु

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के दरबार में साप्ताहिक मेले में मंगलवार को सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। सुबह काफी संख्या में आए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने अभरन सरोवर में स्नान करने के बाद बड़े बाबा के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बसन्ता फूफू मन्दिर में भी प्रसाद चढ़ाया। सीतापुर, अयोध्या, बाराबंकी से आए श्रद्धालुओं ने इस मौके पर छोटी गद्दी के महन्त साहेब विशाल दास, अमान दास, राजेश बक्श दास, खुटपुट बाबा से भी आर्शीवाद लिया।

## अपर जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता लघु फ़िल्म का किया शुभारंभ




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के तहत अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने सिटी मिनी प्लेक्स सिनेमा में मतदाता जागरूकता लघु फिल्म के प्रसारण का उद्घाटन किया। जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी सिनेमाघरों में मतदाता जागरूकता लघु फिल्म को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी क्रम में आज अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसडीएम फरेंदा नवीन कुमार, एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्या, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका आलोक कुमार मिश्रा आदि के साथ लघु फिल्म का प्रसारण देखा। उन्होंने मतदाता जागरूकता में सहयोग के लिए मिनी सिने प्लेक्स सिनेमा के प्रोपराइटर राकेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया और प्रतिदिन लघु फिल्म के प्रसारण का अनुरोध किया। इससे पूर्व सिने प्लेक्स के मालिक राकेश गुप्ता ने अपर जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज से जनपद के सिनेमा हालों में मतदाता जागरूकता पर आधारित इस अति लघु फिल्म का प्रसारण किया जाएगा।

# आत्मा का परमात्मा से एकीकरण ही महारास है : उत्तम कृष्ण शास्त्री

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भागवत जीव और शिव के मिलन की कथा है। महारास में गोपी होना एक भाव है और आत्मा श्रीकृष्ण का स्वरुप। भाव का आत्मा रुपी परमात्मा से एकीकरण ही महारास है। यह भक्ति की सर्वोच्च स्थिति है।

यह बातें वेदव्यास स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने कैथवलिया रेहरा में आयोजित सतचण्डी महायज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा के छठे दिवस सोमवार की रात्रि में कहीं। श्री अयोध्या धाम से आए उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज के श्रीमुख से विगत 6 दिवस से सभी गांववासी श्रीमद्भागवत की अमृतमय कथा का रसपान कर रहे हैं। उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने अपनी सुमधुर वाणी से सभी भक्तों को श्री भगवान के सुंदर चरित्र का उनकी बाल लीलाओं की कथा का वर्णन कर भक्तों को भगवान की प्रेममयी भक्ति का उपदेश दे रहे हैं। कथा व्यास उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने महारास का भावपूर्ण चित्रण किया। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के दशम स्कंध में महारास का वर्णन है। कथा प्रसंग का विस्तार करते हुए उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात को ईश्वर ने महारास का मन बनाया। उन्होंने योगमाया का सहारा लिया। श्वेत वस्त्रों व आभूषणों से अद्भुत श्रृंगार कर वे तुलसी के वृक्षों से आच्छादित वृंदावन पहुंचे और बांसुरी बजानी शुरु की। राग गोपियों के कानों तक पहुंचा। गोपियां घरों में काम-काज में व्यस्त थीं परंतु जैसे ही बांसुरी का नाद कानों में पड़ा अदम्य आकर्षण के वशीभूत होकर सब कुछ छोड़कर कृष्ण के पास वृंदावन में जा पहुंची और यहां भगवान ने उनके साथ रास रचाया। भगवान ने प्रत्येक गोपी के लिए एक स्वरुप प्रकट किया। बड़ी संख्या में गोपियां वृंदावन में पहुंची थी और हर एक के साथ श्री कृष्ण मौजूद थे। उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने कहा कि गैर जानकार लोग महारास को शारीरिक मिलन के तौर पर देखते हैं जबकि वास्तव में यह भक्ति की पराकाष्ठा है। सांसारिक आसक्तियों को छोड़कर गोपियों की वन में भगवान कृष्ण की ओर दौड़ वास्तव में व्यक्ति की अंतर्मन की ओर दौड़ है। भगवान की भक्ति से मन निर्मल हो जाता है। भक्त का विकार रहित, शांत और शीतल मन ही शरदपूर्णिमा के चंद्रमा के समान है। व्यक्ति की आत्मा कृष्ण है और अंदर से उठता भगवत् भक्ति का नाद कृष्ण की वेणु है। अंतःकरण की वृत्तियां गोपियां हैं। वेणु रुपी अंतर्नाद को सुनकर गोपी रुपी अंतहकरण की वृत्तियां जब आत्मा रुपी कृष्ण की भक्ति में लीन हो जाती हैं तो इसे ही महारास कहा जाता है। यही भक्ति की उच्चतम स्थिति है।

# बछईपुर में परिषदीय बच्चों को मिला निःशुल्क पुस्तक बच्चो में खुशी



**पौली अवधनामा संवाददाता।** पौली विकास क्षेत्र पौली के माडल प्राथमिक विद्यालय बछईपुर में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा व प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा शिक्षा सत्र शुरू होते ही सभी विद्यालयों को पुस्तक के मुहैया करा दी गई है। पुस्तक ज्ञान का भंडार है सभी शिक्षकों को पुस्तक का सहारा लेकर शिक्षण कार्य करना चाहिए। जिससे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त हो। हमारे शिक्षक लगन और निष्ठा से शिक्षण कार्य कर रहे हैं जिसका फल हमें प्रत्येक विद्यालयों पर देखने को मिल रहा है। परिषदीय विद्यालयों की दशा पूर्ण रूप से बदल चुकी है। प्रधानाध्यापक राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद कुमार पाण्डेय ने हा कि 155 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 106 बच्चों का पुस्तक मिला था जिसे वितरित कर दिया गया है। कुछ बच्चे अवशेष हैं पुस्तक मिलते ही इन बच्चों को भी दिया जाएगा। पहली बार शिक्षा पत्र के प्रारंभ होते ही पुस्तक मिल गया। जिससे अब बच्चों का पाठ्यक्रम नही पिछडेगा। बच्चे बहुत ही प्रफुल्लित हैं। कार्यक्रम में ऋषि शंकर यादव, देवी चरन, महेंद्र यादव, आज्ञा राम, बबलू, सुमित्रा, ईशा व माधुरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आकाश वर्मा ने जनपद का नाम किया रौशन

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** यूपीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अम्बेडकरनगर का नाम रोशन हुआ है। अम्बेडकरनगर निवासी आकाश वर्मा ने पूरे भारत मे 20 वीं रैंक हासिल किया है। वर्तमान में आकाश वर्मा लद्दाख में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के पद पर कार्यरत हैं। आकाश वर्मा अम्बेडकरनगर के भीटी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम विशुन पुर निवासी हैं। इनके पिता राम जनम वर्मा बैंक में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। आकाश ने आई आई टी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है।आकाश ने आई आई एम कलकत्ता से एमबीए किया है। आकाश का चयन 2021 में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के पद पर हुआ था। वर्तमान में आकाश लद्दाख में नियुक्त हैं। दूरभाष पर अपनी सफलता की जानकारी देते हुए आकाश ने कहा कि धैर्य और मेहनत के साथ ही परिवार और मित्रों का इस सफलता में अहम योगदान है। आकाश की इस सफलता पर उन्हें बधाईयां मिल रही हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** चुनाव आयोग के निर्देश पर पूरे जिले में में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी गई है। उसी क्रम में मंगलवार उप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, खंड विकास अधिकारी बसखारी,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा एवं खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बीआरसीसी बसखारी में स्थित कंपोजिट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कंबोजिट विद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा लोक गीत,नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता ने मतदाताओ से आगामी 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की पहचान है। कार्यक्रम में मौजूद अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। खंड विकास अधिकारी अनुपम सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी के के सिंह ने मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदाताओं के हाथ में ही देश की डोर है। आने वाली 25 मई को मतदान दिवस के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक मतदान करें।

# अज्ञात कारणों से लगी आग ने निगल ली किसानों का अरमान

## एसडीएम फायर सर्विस के अलावा घंटों जूझते रहे ग्रामीण



**डुमरियागंज अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा एक बार फिर अगलगी के जद में आ गया। अज्ञात कारणों से लगी आग और तेज पछुआ हवा ने गौरी ताल में बिना कटे हुए सैकड़ों बीघे गेंहू को देखते ही देखते निगल लिया। दोपहर बाद 02 बजे के बाद पश्चिमी तरफ से आग की लपटे उठी दिखाई पड़ी। जब तक गांव वाले दौड़ते आग का वीभत्स रूप अपने रौं में आ गया। स्थिति की भयावहता थी कि खोरिया रघुवीर सिंह तक काले धूंए का गुबार छा गया। सूचना पर पहुंची तहसील टीम में उपजिलाधिकारी के अलावा फायर सर्विस और पथरा थाना मौजूद रहे। आग का तांडव इतना भयानक था कि सब बेबस हो गये थे। काश्तकारों में ग्रामीणों के अनुसार गौरी पाठक के राम अशीष पाठक का 30 बीघा, वंशमन पाठक का 15 बीघा, उदयभान पाठक का 15 बीघा, संकटा पाठक का 15 बीघा, प्रेम पाठक का 15 बीघा, प्रमोद पाठक का 12 बीघा, विश्व विजय पाठक का 13 बीघा, दिलीप पाठक का 4 बीघा, का नुक़सान हुआ है। इस विषय में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज ने कहा कि नुक़सान हुआ है कुछ क्राप फसल भी थी। मेरे अलावा तहसील टीम के अन्य लोग थे। सर्वे कराया जा रहा है जिसका भी नुक़सान हुआ है उनको मुआवजा दिलाया जाएगा।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर डीएम ने किया प्रेस वार्ता

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रिन्ट/ इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा 60-डुमरियागंज में छठवें चरण में 25 मई को मतदान हेतु नियत किया गया है, जिसके लिए निर्वाचन की अधिसूचना का 29 अप्रैल, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 6 मई, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 7 मई, नाम वापसी हेतु अन्तिम तिथि 9 मई, मतदान 25 मई तथा मतगणना की तिथि 4 जून को निर्धारित की गई है। पूरे जनपद को 209 सेक्टरो में बांटा गया है। इसके लिए 209 सेक्टर मजिस्ट्रेटो की ड्यूटी लगायी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन कार्य हेतु जिन कार्मिको की ड्यूटी लगायी गयी है, उन कार्मिको को मतदान करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फैसिलेशन बैलेट मतपत्र द्वारा वोट डाल सकेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओ को होम वोटिंग करने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता के मतदान करने हेतु पोलिंग पार्टी उनके वोट डालने हेतु निवास स्थान से सम्पर्क करेंगे। स्ट्रांग रूम मंडी समिति में बनाया गया है। पोलिंग पार्टी का प्रथम रेण्डमाइजेशन 20 अप्रैल तथा द्वितीय रेडमाइजेशन 8 मई को कराया जायेगा। ई.वी.एम. का प्रथम रेडमाइजेशन 24 अप्रैल तथा द्वितीय रेडमाइजेशन 11 मई को कराया जायेगा। 15 मई को आयोग से इंजीनियर आयेगे तथा ई.वी.एम. मशीनो की कमीसनिंग कार्य समाप्ति तक करेंगे। पोलिंग पार्टी का प्रथम प्रशिक्षण 1 मई से 3 मई तथा द्वितीय प्रशिक्षण 15 मई से 18 मई तक सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौंदा मसिना में कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने में मीडिया का सहयोग अत्यन्त ही आवश्यक है।

समाचार-पत्रों एवं सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रचार प्रसार कदापि न किया जाये। स्वीय/मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आप सभी का सहयोग जरूरी है और इसका प्रचार प्रसार आप लोगो द्वारा किया भी जा रहा है। पूरे जनपद को 218 सेक्टरो में बांटा गया है। इसके लिए 218 सेक्टर मजिस्ट्रेटो की ड्यूटी लगायी गयी है। फार्म-6 के माध्यम से बीएलओ/आयोग की साइट पर ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र बनाने हेतु आवेदन कर सकते है। इस समय मतदाता के नाम संसोधन की साइड आयोग द्वारा बन्द की गयी है। कन्ट्रोल रूम, मीडिया मानीटरिंग सेल, सीविजल, विकास भवन सभागार में स्थापित है और पूर्ण रूप से कियाशील है। राजनैतिक दलो को विज्ञापन प्रकाशन कराने हेतु अनुमति लेना होगा। वोटर आई कार्ड प्रत्येक मतदाता तक पहुँचाने हेतु प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत प्रयास किया जा रहा है। मतदाता पर्ची प्रशासन द्वारा प्रत्येक मतदाता के घरो तक प्रशासन द्वारा पहुँचाया जायेगा।

**निर्वाचन की अधिसूचना का 29 अप्रैल, नाम निर्देशन की अन्तिम तिथि 6 मई, नाम वापसी की अन्तिम तिथि 9 मई, मतदान 25 मई तथा मतगणना की तिथि 4 जून को निर्धारित**

## फलाहार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बढ़नीचाफा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नीचाफा अन्तर्गत प्रसिद्ध माता बलुआ समय स्थान पर फलाहार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती व जयकारे के साथ हुई। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। विगत कई वर्षों से नवरात्र पर्व पर फलाहार कार्यक्रम का आयोजन परंपरागत तरीके से यहां होता रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा के नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की आराध्य, दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने बताया कि अनेक जातियों में बंटे हिंदू समाज को संगठित करने के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। इस मौके पर मंटू पांडेय, संतोष पासवान, राहुल दुबे, प्रमोद गौतम, गुलाब चंद्र यादव, पारस गौड़, चंद्रपाल वर्मा, आकाश सोनी, धर्मराज यादव आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## कुत्तों के झुंड ने हिरन को किया घायल

**बढ़नीचाफा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नीचाफा में सोमवार की शाम बाजार के उत्तर कहीं से आये हिरन के बच्चें को कुत्ते के झुंड ने घेरकर हमला कर नोच लिया, जिससे वह घायल हो गया। बाजारवासियों ने किसी तरह से हिरन को कुत्तों के झुंड से बचा कर वन विभाग के लोगों को फोन से सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फारेस्ट गार्ड कायम अली व वाइचर साबिर अली ने हिरन को कब्जे में लेकर स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया। सुबह स्वास्थ्य होने पर हिरन के बच्चें को कुआनों नदी स्थित जंगल में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा छोड़ दिया गया।



# देश में परिवर्तन लाने के लिए हमें अपने बूथो को जीतना होगा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर इंडिया गठबंधन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आम आदमी पार्टी जनवादी पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारीयो की समन्वय बैठक 60 लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज से सपा उम्मीदवार श्री कुशल तिवारी जी की उपस्थिति में सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता /जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। उपरोक्त बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव फतह करने की रणनीति को लेकर चर्चा की गई और कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड है हमारा सबसे बड़ा नेता और कार्यकर्ता वह है जो अपने बूथ को जीतता है देश में परिवर्तन लाने के लिए हमें अपने बूथो को जीतना होगा हम अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं नेताओं और सहयोगियों के बल अपने प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में बैठी डबल इंजन भाजपा की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है पूरे देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है पूरे देश में भय का माहौल है आज भाजपा सरकार में बैंक द्य ढ्ढ ” रेलवे हवाई अड्डा नौकरी हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य ही नहीं बल्कि हमारा और आपका भाईचारा भी खतरे में है देश बहुत ही विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है होने वाला लोकसभा का चुनाव देश और संविधान को बचाने का चुनाव है। उपरोक्त बैठक को पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे विधायक डुमरियागंज सैयदा खातून पूर्व सांसद मोहम्मद मुकीम जिला अध्यक्ष कांग्रेस काजी सोहेल पूर्व विधायक विजय पासवान प्रदेश महासचिव कांग्रेस अरशद खुर्शीद ठाकुर प्रसाद तिवारी जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी जलाल अहमद एडवोकेट जिला अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी जगन्नाथ मौर्य बेचई यादव अजय चौधरी अफसर रिजवी राममिलन भारती श्रीमती किरण शुक्ला देवेंद्र कुमार गुड्डू नादिर सलाम चमन आरा रायनी आदि ने संबोधित किया तथा इंद्रासना त्रिपाठी मोहम्मद इदरीश पटवारी जुबैदा चौधरी कमाल अहमद डॉ धीरेंद्र यादव उदयभान तिवारी राम धीरज साहनी खालकुल्ला खान कमरूज्जमा खान घिसियावन यादव ओम प्रकाश श्रीवास्तव मणींद्र मिश्र मशाल बच्चा राम बौद्ध सत्यानंद सिंह पारसनाथ विश्वकर्मा हरिराम यादव जगदीश पांडे बड़कू पांडे बहराइची प्रसाद हरिनारायण यादव जोखन चौधरी बबलू खान विनोद यादव सोनू यादव रंजना मिश्रा बृजभान यादव सर्व देव यादव कृष्णनाथ यादव रामसेवक लोधी विजय चौधरी शकील शाह विष्णु उमर सुनीता गोस्वामी रमजान अली चंद्रभान पहलवान माते नेता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन



**डुमरियागंज अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के उपधी गांव में बीरेंद्र पाण्डेय उर्फ गुड्डू के आवास पे श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथावाचक आचार्य इन्द्रासन मिश्र महराज जी ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। मौके पर मुख्य यजमान विशेश्वर पांडेय प्रसाद पांड्ये शेषनाथ पांड्ये बैजनाथ पांड्ये अमन कुमार डॉ आशीष पाण्डेय वरिष्ठ समाजसेवी रमेश लाल श्रीवास्तव विक्रान्त श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दिशा वेलफेयर सोसायटी ने चलाया जागो मगदाता जागो अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्वयं सेवी संस्था दिशा वेलफेयर सोसायटी 2009 के लोकसभा चुनाव से जागो मगदाता जागो अभियान चलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करती आ रही है इस वर्ष भी ये संस्था मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागो मतदाता जागो अभियान चलाएगी।

सोसायटी अध्यक्ष राहिब रिज़्वी ने बताया कि कि इस अभियान का एक मात्र उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत हो जिससे सही प्रत्याशी का चयन हो सके और आम जनमानस अपने अधिकार को पहचान सके क्योंकि मतदान अधिकार ही नही परंतु परम कर्तव्य भी है दिशा द्वारा जागो मतदाता जागो अभियान अनेक शैक्षिक संस्थाओं एवं गाँव गॉव में मतदाताओं तक पहुचकर उन्हें उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने का भरसक प्रयास किया जाएगा अभियान के अंतर्गत जगह जगह पोस्टर, बैनर लगाकर पम्फलेट बांटकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया कालेश्वरी माता के मंदिर पर दुर्गा मंदिर का शिलान्यास



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र बांसी के ग्राम पंचायत मैंथवलिया में स्थित कालेश्वरी माता के मंदिर पर दुर्गा मंदिर का शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक जय प्रताप सिंह द्वारा भूमि पूजन कर किया गया। उन्होंने कहा नवरात्रि के पवित्र अवसर पर मां दुर्गा के मंदिर का शिलान्यास बहुत ही पुनीत कार्य है। इससे पूरे गांव में शक्ति का संचार होगा और खुशहाली बढ़ेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक प्रभास्कर राय और अर्जुन राजभर द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकुमार कुंवर, राजेंद्र पांडे , दिलीप चतुर्वेदी, विजयकांत चतुर्वेदी, अजय शर्मा, जोगी बाबा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा अजय राय सुरेंद्र राय सोनू मिश्रा शिवेंद्र द्विवेदी अर्जुन राजभर,विजय राय, कौशलेंद्र राय,सुधाकर राय, राजदेव शर्मा रजत राय आदर्श राय,सुरेंद्र राय, प्रमुख यादव,संदीप पाण्डेय,नित्यानंद पांडे,मुन्ना मिश्रा ,जोखन प्रसाद,अनुपमा सिंह, राजकुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# माता रानी के जगराता में झूमे श्रोतागण

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित के समय माता मन्दिर परिसर में सप्तमी तिथि यानी सोमवार को माता का जगराता कार्यक्रम का हुआ आयोजन। विधि-विधान से पूजन-अर्चन, गणेश वंदना एवं झांकी की मनमोहक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। भजन गायक नमन उपाध्याय ने गणेश वंदना के साथ कई भजनों को लोगो के बीच रखा, जो उन्हे बैठने पर मजबूर कर दिया। भजन गायिका जुली सिंह (प्रयागराज) की मनमोहक प्रस्तुति मैया आएगी-आएगी, हम दीप जलाएंगे दिवाली मनाएंगे, अब कभी राम मेरे बनवास न जायेंगे... बीर हनुमाना अति बलवाना सहित हिन्दी, भोजपुरी आदि भजनों ने पूरे पांडाल को भक्तिमय कर दिया, तो वहीं भजन गायक पंकज निगम (गोण्डा) की शानदार प्रस्तुति बाला जी सरकार, हनुमानजी महाराज, चुंदरी जयपुर से मंगवाई..सहित हिन्दी, भोजपुरी आदि एक के बाद एक कई भजनों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया, यही नहीं हाल ही में भगवान श्री राम के अयोध्या में विराजमान के समय बजने वाले प्रसिद्ध गीत, भजन आदि कई भजनों पर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया और श्रद्धालुओं ने पूरी रात झूमते नज़र आए। इसके साथ ही कलाकारों ने माता पिता का सेवा एवं सम्मान देने की शिक्षा के साथ सामाजिक बुराई को ख़त्म कर अच्छाईयों को धारण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय डंका वादक करन सिंह (दिल्ली) का डंका इस कदर बज रहा था कि लोग अपने आपको थिरकने से रोक नही पा रहे थे और डंके की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे और दरबार में अपनी हाजरी लगाई। राहुल अलबेला झांकी ग्रुप (गाजियाबाद) द्वारा प्रस्तुत झांकी- माँ वैष्णो देवी, बांके बिहारी लाल की, बृज की गली गली में शोर, आयो-2 माखन चोर, कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे... रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, जो राम को लाये है, हम उनको लाएंगे..... के साथ भक्ति रिकार्डिंग की गीत पर कलाकारों ने सुर-ताल के साथ श्रद्धालुओं के बीच जाकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी, नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्णा जी के लीलाओं का वर्णन भी किया गया जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। मंच पर मां शेरा वाली, भगवान शिव, भगवान श्री गणेश, रामदरबार आदि का दिव्य दरबार सजाकर जागरण परिसर को जीवन्त करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक विनय वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सपा नेता भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुऐ अपनी बात कही, और नवरात्रि के पावन पर्व पर उन्हे शुभकामनाए भी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक विनय वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सपा नेता भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी, व्यवसाई शिवकुमार अग्रवाल, व्यवसाई सोनू अग्रवाल, श्याम सुन्दर चौधरी, किशन अग्रवाल, सचिन रूंगटा, मुकेश रूंगटा, अभय चोखानी, पवन पोद्दार, मयंक, धर्मेंद्र वर्मा, श्रीराम पटवा, गुड्डू पटवा, राजकुमार, मधुपमा वर्मा, अमन पटवा, गोपी रूंगटा, अमृता रूंगटा, टिया, सोनू गौड़, अवधेश यादव, माइकल बाबा, हर्षित शर्मा, विकास निगम, आनन्द कसौधन, अंशु अग्रवाल, विमलेश तुलसियान, स्वाती पोद्दार आदि मौजूद रहे।

# संचार गतिविधि एवं माता बैठक का उद्देश्य अपने व बच्चों के स्वास्थ को लेकर रहे सजग

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भड़रिया में मंगलवार को संचार गतिविधि एवं माता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का औचक निरीक्षण करने पंहुचे अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने कहा कि माता बैठक का उद्देश्य लोग अपने साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सजग रहे।

डॉ. ओझा ने कहा कि लोगों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर विभाग सजग है, इसके लिए समय समय पर जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को बीमारियों के बारे में जानकारी दिया जाता है। योजना के अनुसार गांवों में हर बुधवार व शनिवार को गर्भवती महिलाओं का जांच व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें निर्धारित समय पर गर्भवती महिलाएं प्रसव पूर्व जांच व बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं।

गर्भावस्था के तीन माह के भीतर, पंजीकरण, ग्राम स्तर पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत से बताया। डॉ.ओझा ने लोगों को शौचालय उपयोग, साफ सफाई के साथ ही, लू से बचाव के लिए सिर ढक कर चलने, बच्चो को नंगे पाव न निकलने देने का सुझाव दिया। एएनएम साधना सिंह ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के रूप में दूध, दही, अंडा, मछली, अंकुरित चना, फल व पनीर शामिल करने का सुझाव दिया। इस दौरान राजीव कुमार त्रिपाठी, मालती, गिरजा देवी, सविता, रेनू, सुषमा, पूजा, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

## हालात बेकाबू न हो

दुनिया रूस यूक्रेन, इस्राइल, हमास युद्ध से पैदा हुई परेशानियों से जुझ रही है। अब ईरान ने इस्राइल पर कब्जा करके हालात करके हालात को और गम्भीर बना दिया है। दश्मिक में इरान के दूतावास पर हुये हमले के जवाब में इसे आत्मरक्षा की कारवाई बता रहा है। संयुक्त राष्ट्र को ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने बताया है इस कारवाई के बाद उसकी तरफसे मामले को खत्म माना जाये। पर इस्राइल अगर कोई कदम उठायेगा तो मामला गम्भीर हो जायेगा। इस्राइली प्रधानमंत्री ने हमले से ठीक पहले कहा था जो हमें नुकसाल पहुचायेगा। हम उसे नुकसा पहुचायेगे। ईरान के इस कदम को जरूरत से ज्यादा सख्त माना जा रहा है। इस्राइल अपने पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले को नज़रन्दाज कर देगा इसके आसार कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस्राइल की आत्मरक्षा के सवाल पर हर तरह के सहयोग का वादा किया है। पर यह भी कहा है कि इस्राइल की तरफसे किये गये किसी आक्रमक कारवाई में सहयोग नहीं करेगे। हालात इतने विकट दिख रहे है कि जरा सी असावधानी दुनियां के लिये बहुत बड़ा संकट पैदा कर सकती है।

भारत के लिये बड़ी पेचीदा स्थिति पैदा हो गई है। भारत का ईरान और इस्राइल दोनो से गहरे और करीबी रिश्ते है। ईरान के मिसाइल हमले से एक दिन पहले ईरान ने होरभुजे जल डमरू मध्य में इस्राइल से जुड़े जिस कार्गो जहाज पर कब्जा किया है उसमें 17 भारतीय नागरिक भी फंसे हुये है। इसलिये भारत के लिये सबसे पहला काम अभी यह है कि तत्काल भारतीयों को वहां से सुरक्षित निकालने के काम को अजांम दें। वैसे भारत और ईरान के सोहार्दपूर्ण सम्बन्धों को देखते हुये उम्मीद है भारतीय सुरक्षित निकल आयेगे। पर युद्ध की विभीषिका में कुछ भी हो सकता है इस लिये चुस्ती और सजगता कुछ भी हो बनाये रखना है। ईरान और इस्राइल के बीच जिस तरह की तनाव पूर्ण स्थिति बन गई है उससे युद्ध के अलावा भी बहुत से खतरे बढ़ गयें है। तेल जो हर राष्ट्र के लिये अहम आवश्यकता है अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत जो 90 डालर से ऊपर चल रही है वह उछल कर 100 डालर से ऊपर पहुच जायेगी इसकी सम्भावना बढ़ती जा रही है। तेल की कीमतों का प्रभाव मंहगाई पर तुरन्त असर डालती है आम मंहगाई तेल की बढ़ती घटती कीमतों के साथ ऊपर नीचे होती रहती है। दुनियां यो ही रूस युक्रेन, इस्राइल, हमास युद्ध से मंहगाई की चपेट में है। इसमें ईरान-इस्राइल का युद्ध बढ़ा तो स्थिति और विकट हो जायेगी। ग्लोबल चेन पर असर पड़ना निश्चित है। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर रूट पहले से ही बाधित कर रखा है। अब होरमज जलडमरू में भी हालात प्रतिकूल होते जा रहे है। पश्चिम देशो आने जाने में अब पहले से ज्यादा समय लगेगा इसलिये हवाई जहाज का किराया बढ़ जाने के पक्के आसार दिख रहे है। जो देश जितना ही संवेदनशील है उसकी जिम्मेदारी उतनी बढ़ गई है कि हालात को बेकाबू न होने दिया जाये भारत को आगे आ कर दूसरे राष्ट्रो को साथ लेकर यह भूमिका निभानी पडेगी। इस ओर प्रयास और चर्चा शुरू भी हो गये है। युद्ध किसी भी हालत में फैलने न पाये। दो विश्वयुद्ध की विभषिका झेल लेने का बाद भी दुनियां मे कई जगह छोटे मोटे युद्ध चल रहे है। हमेशा डर बना रहता है हालात बेकाबू न हो जाया इसके लिये दुनियां को हमेशा सजग होकर कारवाई करते रहना चाहिये।

## राम का नाम : सभी दुखों का नाशक

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के उपासना अनमोल निधि है यह योग वेदांत और सभी शास्त्रों का सार है। पुराणों, उपनिषदों और स्मृतियों में इसकी महिमा का बखान किया गया है। राम की उपासना करने वाले भक्तों के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। वह चारों पुरुषार्थ को आसानी से सुलभ कर सकता है। राम की उपासना सहज है इस नाम की महिमा के बारे में ऋषि जनों ने इतना कहा और लिखा है ,कि इसे समझने में विद्वानों को कई जन्म लग सकते हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक और आसाम से गुजरात तक हर हिंदू किसी ना किसी रूप में राम का पूजन करता है। सूर्यवंशी राम महा विष्णु के अवतार थे। त्रेता युग में तामसी शक्तियों के विनाश हेतु उन्होंने अवतार लिया था। वे समाज में सतोगुण के प्रसार के लिए महाराजा दशरथ के जेष्ठ पुत्र के रूप में दुनिया में जन्म लिए, और अपने प्रगट होने का प्रयोजन पूरा करने के बाद उन्होंने सरयू के पवित्र जल में समाहित हो कर अपनी लीला समेट ली थी।


सुरेश सिंह बैस

श्री राम जी की उपासना जिन मंत्रों से की जा सकती है उनमें कम से कम पचास अति प्रसिद्ध हैं। विष्णु और नारायण की उपासना का सबसे सहज रूप यह है कि आप राम भक्ति में लीन हो जाएं। इन तीनों देव शक्तियों की उपासना में कोई अंतर नहीं है। राम का नाम सहज है, सरल है और इसे हमेशा हर दशा में जपने से आपके सभी अभीष्ट काम पुरे होते रहते हैं। राम नाम अग्नि ( र ), अनंत ( अ ), और इंदु ( म ) का सहयोग है। इन अक्षरों में 'रा' बीज बनता है। इसके बाद रामाय नमः पद जोड़ने से छह अक्षरों वाला मंत्र रा रामय नमः बनता है। विद्वानों ने कहा है कि यह मंत्र साधना की सभी कामनाएं पूरी करता है। यह एक ऐसे रत्न के समान है जिससे साधक की सारी इच्छाएं पूरी होती है। यह भक्तों के लिए कामधेनु और कल्पतरु के समान है। इस मंत्र की साधना बहुत आसान है। सवेरे उठकर भगवान विष्णु का ध्यान करें। ओम नमो नारायणाय नमः मंत्र का जाप करें स्मरण करें। यह आठ अक्षरों वाला विष्णु मंत्र साधक का तन मन पवित्र करता है।

भगवान श्रीराम का एक अमोघ मंत्र है-हूं जानकी वल्लभाय स्वाहा! इस मंत्र में भगवान के साथ जगदंबा सीता की शक्ति का स्मरण किया गया है। शक्ति के बिना साधना पूरी नहीं होती। इसलिए इस मंत्र को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। इस मंत्र के जनक ऋषि वशिष्ठ हैं। इसका छंद विराट है। इसके देवता भगवान राम हैं। इसका बीज हूं और इसकी शक्ति स्वाहा है। पूजन के उपरांत भगवान श्रीराम का ध्यान इस प्रकार करना चाहिए मनोहर अयोध्या नगरी में रत्नों से जुड़ा हुआ एक सुंदर मंडप है। इस मंडप में मदार के फूल खिले हुए हैं! इसके चारों ओर सुंदर तोरण हैं। इसमें एक सिहासन रखा हुआ है। सिहासन पर फूल बिछे हुए हैं। उस पर भगवान श्री राम विराजमान हैं। उनके चारों ओर दिव्यमानों पर विराजमान राक्षस, वानर, देवता और मुनि उनकी वंदना कर रहे हैं। उनके बाएं ओर जगत माता सीता विराजमान हैं। प्रभु लक्ष्मण उनकी सेवा कर रहे हैं। भगवान राम श्याम वर्ण हैं। उनका दिव्य शरीर आभूषणों से शोभायमान है। वे प्रसन्न मुख मंडल से भक्तों को निहार रहे हैं। इस तरह ध्यान करने के साथ ही इस स्तुति का पाठ भी करना चाहिए।

अयोध्या नगर रम्ये रत्न सौंदर्य मंडपे मंदार पुष्प बध्द वितान तोरणानिवते सिहासन समारूढ़ पुष्प कोटी रघुवंम्!!
**रक्षोभिहरि मिदैवैं दिव्यम यान गतैः शुभः!!**
**संह्यूय मानं मुनिभिः सर्वज्ञैः परि शोभितमं।**
**सीतालंकृत वामांग लक्ष्मणेनोप से वितम।**
**श्यामं प्रसन्ना वदनम सर्वाभरण भूषितमं।।**

भगवान राम अखंड ब्रह्मा के रूप हैं। उनकी उपासना योगी जन इसी रूप में करते हैं। उनका सगुण रूप भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करता है। जो साधक उनकी पूजा में ज्यादा समय नहीं दे सकते उन्हें भक्ति भाव से राम की महिमा का बखान करने वाले स्त्रोतों का पाठ करना चाहिए। स्त्रोत और कवच की यह खासियत है कि इनका पाठ करने में ज्यादा समय नहीं लगता, ज्यादा साधन भी खर्च नहीं करने होते और आराध की उपासना भी हो जाती है। इनका पाठ करने में सिर्फ भक्तों के मन की एकाग्रता चाहिए। जो फल मंत्र ,जप ,यज्ञ और बड़े पैमाने पर पूजन का हो सकता है। वैसा ही लाभ स्त्रोतों और कोचों के पाठ से भी हो जाता है। भगवान राम की उपासना का एक अचूक तरीका है राम रक्षा स्त्रोत का पाठ। वज्र पंजर कवच के नाम से भी यह स्त्रोत प्रसिद्ध है। दरअसल दोनों में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों के ऋषि बुध कौशिक हैं। दोनों का छंद गायत्री है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है।

# श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा

हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के रामनवमी बहुत ही शुभ दिन होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। धार्मिक मत है कि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य इस दिन बिना मुहूर्त विचार किये भी संपन्न किए जा सकते हैं। रामनवमी पर पारिवारिक सुख-शांति और समृद्धि के लिए व्रत भी रखा जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही साधक भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनते हैं। पर्यावरण की विकराल होती समस्या के संदर्भ में भगवान श्रीराम का प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संदेश इस समस्या के समाधान का एक बड़ा माध्यम बन सकता है, ऐसा हुआ तो हमारा रामनवमी मनाना सार्थक होगा।


ललित गर्ग

श्रीराम के चैदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।



आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते। आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बुद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है। रामचरित मानस में पर्यावरण के संदर्भ में वर्णन करते हुए कहा है कि उस समय पर्यावरण प्रदूषण कोई समस्या नहीं थी। पृथ्वी के अधिकांश भू-भाग पर वन-क्षेत्र होता था। शिक्षा के केन्द्र आबादी से दूर ऋषि-मुनियों के वनों में स्थित आश्रम हुआ करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इन केन्द्रों से ही हमारी सभ्यता का प्रचार एवं प्रसार हुआ। यहाँ का वातावरण अत्यन्त स्वच्छ एवं निर्मल था।

# न्यूनतम मजदूरी से भी वंचित प्रवासी आदिवासी मजदूर

महाराष्ट्र के धुले जिले के 40 वर्षीय आदिवासी मजदूर चिंतामन दशरथ पंवार कहते हैं कि हम गन्ना काटने वाले मजदूरों का जीवन तो मालिकों व ठेकेदारों का कर्जा चुकाने में ही बीत जाएगा, क्योंकि हमारी मजदूरी बहुत कम है। हालांकि सरकार ने तो हमारी मजदूरी बढ़ा दी है लेकिन मिल मालिक हमें बढ़ा हुआ मजदूरी दे नहीं रहें हैं। वह कहते हैं कि देश में कहीं भी कर्जे का इतना ब्याज ही शायद कोई लेता होगा। हमारा मुकद्दम हमें जो कर्ज देता है, उसका 6 महीने में ही हमसे डेढ़ गुणा वसूल करता है।

मैं और मेरा परिवार पिछले 15 सालों से गन्ना कटाई का काम कर रहे हैं। लेकिन हमारी इतनी कम आमदनी है कि मेरे द्वारा लिया गया कर्ज भी हम मुकद्दम (ठेकेदार) को चुका नहीं पाते हैं। इसलिए फिर सालों साल इसी काम में फंसे रहते हैं, क्योंकि हमें उसे पेशगी का डेढ़ गुना अधिक ब्याज चुकाना होता है। यदि यह कर्ज चुकता नहीं होता है तो फिर अगले साल उसी मुकद्दम के साथ जाना होता है। जहां वह हमें मिलने वाली 375 रुपए मजदूरी में से अपना पैसा काट लेता है। जिसके बाद मेरे पास इतने कम पैसे बचते हैं कि परिवार पालने के लिए मुझे उससे फिर से कर्ज लेना पड़ता है। इस तरह मैं और मेरा परिवार पिछले 5 सालों से कर्ज के इसी भंवर जाल में फंसा हुआ है। यह कहना है 45 वर्षीय आदिवासी मजदूर उलूसया भाई गवली का जो दक्षिण गुजरात में बड़े पैमाने पर उगाये जाने वाले गन्ना के खेतों में प्रवासी मज़दूर के रूप में काम करते हैं। वह गुजरात के डांग जिला से रोज़ी रोटी कमाने के उद्देश्य से वलसाड में गन्ना के खेत में काम करते हैं। लेकिन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मज़दूरी से भी कम इन्हें और इनके जैसे लाखों मज़दूरों को मज़दूरी अदा की जा रही है। जिसके कारण इन मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। क़र्ज़ लेकर परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें एक बार फिर से कर्ज लेने पर मजबूर होना पड़ता है।


अमूल पवार

दरअसल महाराष्ट्र की सीमा से सटे गुजरात के दक्षिण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गन्ने का उत्पादन किया जाता है। इसकी वजह से यह क्षेत्र बहुत बड़ी मात्रा में चीनी के उत्पादन के तौर पर जाना जाता है। गुजरात के डांग, वलसाड, तापी, सूरत, नर्मदा और महाराष्ट्र के सकरी, धूलिया, नंदुरबार, अक्कलकुवा आदि जिले गन्ने की खेती व चीनी मिलें बाहुल्य क्षेत्र के तौर पर जाने जाते हैं। इन क्षेत्रों में गुजरात के डांग, तापी और सूरत तथा महाराष्ट्र के धुलिया और नंदूबार आदिवासी बाहुल्य जिलों से लाखों की संख्या में आदिवासी मजदूरों को परिवार सहित गन्ना काटने के लिए लाया जाता है। इसके अतिरिक्त हाल के कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश के धडगांव, शिरपुर, चालिसगांव और बलवानी जिलों के मजदूरों को भी इन क्षेत्रों में गन्ना काटने तथा वलसाड, नवसारी, सूरत, नर्मदा और भरूच के चीनी मिलों में काम कराने के उद्देश्य से लाया जा रहा है। जहां इन मजदूरों से न केवल 14 घंटों से भी ज्यादा समय तक काम करवाया जाता है बल्कि न्यूनतम मजदूरी भी अदा नहीं की जाती है। इतना ही नहीं, अक्सर सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर इनसे मजदूरी के मिले पैसों में से भी कुछ पैसे काट लिए जाते हैं।

2015 से मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी और अन्य मुद्दों पर गुजरात सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत मजदूरी तय की गई थी। उस समय विधानसभा में राज्य के तत्कालीन श्रम और रोजगार मंत्री ने कहा था कि लगभग तीन लाख श्रमिक गन्ना कटाई एवं लोडिंग कार्य में लगे हैं। जिनकी न्यूनतम मजदूरी दर दिनांक



01/04/2023 से राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या KHR/2023/ दिनांक 27/03/2023 द्वारा 27/LVD/10/2013/137375 (P.F) M (2) के माध्यम से गन्ना कटाई करने वाले मजदूरों के लिए 476 रुपए प्रति टन का भुगतान करने का विज्ञापन प्रकाशित किया था। लेकिन साल 2023-24 के दौरान न्यूनतम मजदूरी 476 रुपए में से प्रति मजदूर 101 रुपए की कटौती की जा रही है।

जिसका एक उदाहरण तापी जिले में संचालित दादरिया शुगर फैक्ट्री है। जहां बिल न्यूनतम मजदूरी 476 रुपए के अनुसार बनाया गया है लेकिन इसमें से 21 रुपए अन्य सुविधाएं तथा 80 रुपए मुक़द्दम (मजदूर उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार) कमीशन प्रति टन काटा जाता है। इस प्रकार मजदूरों को 375 रु प्रति टन भुगतान किया जा रहा है। इस वर्ष दक्षिण गुजरात की सभी चीनी मिलों में लगभग 90 लाख टन गन्ना पेराई होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार सभी चीनी मिलों में 375 रु प्रति मज़दूर के मजदूरी का भुगतान किया जाए तो 91 करोड़ से भी कम भुगतान किया जायेगा, जो एक प्रकार से इन गरीब आदिवासी मजदूरों का शोषण है?।

इस संबंध में महाराष्ट्र के धुले जिले के 40 वर्षीय आदिवासी मजदूर चिंतामन दशरथ पंवार कहते हैं कि हम गन्ना काटने वाले मजदूरों का जीवन तो मालिकों व ठेकेदारों का कर्जा चुकाने में ही बीत जाएगा, क्योंकि हमारी मजदूरी बहुत कम है। हालांकि सरकार ने तो हमारी मजदूरी बढ़ा दी है लेकिन मिल मालिक हमें बढ़ा हुआ मजदूरी दे नहीं रहें हैं। वह कहते हैं कि देश में कहीं भी कर्जे का इतना ब्याज ही शायद कोई लेता होगा। हमारा मुकद्दम हमें जो कर्ज देता है, उसका 6 महीने में ही हमसे डेढ़ गुणा वसूल करता है। इस कर्जे को चुकाते चुकाते हमारे सालों साल निकल जाते हैं। इस कर्ज को चुकाने के लिए घर की महिलाएं भी हमारे साथ 12 से 14 घंटे मजदूरी करती हैं, लेकिन फिर भी हम इस दलदल से बाहर नहीं निकल पाते हैं और अंततः हमें फिर से क़र्ज़ लेना पड़ता है। वह बताते हैं कि मज़दूरों के रहने वाले स्थान पर महिलाओं के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। उचित खानपान के अभाव में अधिकतर महिला मज़दूर कुपोषित और बीमार रहती हैं। लेकिन उन्हें इसी हालत में खेतों में काम करनी पड़ती है। यदि वह नहीं करेंगी तो मज़दूरी कट जाएगी। हालांकि पिछले महीने 11 मार्च को मजदूर अधिकार मंच के प्रतिनिधियों ने दादरिया शुगर फैक्ट्री के एमडी और राज्य प्रबंधक से मुलाकात की और न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान करने के मामले से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध फैक्ट्री प्रबंधक अजीत पाटिल कहते हैं कि ÷हम अपनी मनमानी से मजदूरों का मजदूरी बढ़ाते या घटाते नहीं हैं बल्कि गुजरात राज्य सहकारी चीनी उद्योग संघ ने एक पत्र जारी कर जिस प्रकार से मजदूरों का भुगतान करने का निर्णय लिया है, हम भी संघ के कथनानुसार मजदूरी का भुगतान कर रहे हैं।

इस संबंध में मजदूर अधिकार मंच, डांग के के सचिव जयेशभाई गामित कहते हैं कि मैं स्वयं मंच की ओर से गांधीनगर जाकर श्रम अधिकारी, गांधीनगर से मुलाकात किया था और आवेदन देकर पूर्व में ही मजदूरी से संबंधित सारे मामले से उन्हें अवगत करा दिया था, ताकि श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान श्रम अधिकारी की उपस्थिति में किया जा सके, लेकिन विभाग की ओर से इस मामले गंभीरता से कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसा लगता है कि सहकारिता विभाग और श्रम विभाग की उदासीनता के कारण ही मिल मालिकों द्वारा गन्ना कटाई के गरीब आदिवासी मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। वह प्रश्न करते हैं कि क्या सरकार द्वारा बनाये गये कानून इस तरह लागू किये जायेंगे कि सरकारी व्यवस्था न्यूनतम वेतन को धरातल पर उचित रूप से लागू भी न करा सकें? वास्तव में, हमारे देश में खेतों से लेकर छोटे बड़े विभिन्न व्यवसायों में लाखों मजदूर कार्यरत हैं। इनमें एक बड़ी संख्या असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की है। जो लगभग सभी प्रकार की सुविधाओं से वंचित हैं। इन मजदूरों में आधी संख्या महिलाओं की है, जो शौचालय और माहवारी के दौरान प्राप्त होने वाली बुनियादी हक से भी वंचित होकर लगातार मजदूरी करती हैं। इसके अतिरिक्त इन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है।

# 80 फीसदी लोगों की अनदेखी कर कैसे जीतेगा इंडी एलायंस

देशभर में शाकाहारी परिवार ऊंगलियों पर गिने जा सकते हैं। भारत के रजिस्ट्रार जनरल ने 2014 में एक सर्वे कराया था। यह जानने के लिए कि देश के किस राज्य में शाकाहारी और मासांहारी लोगों की संख्या कितनी है। इसके मुताबिक बिहार में 92.45 प्रतिशत लोग मांसाहारी थे। लिस्ट में तेलंगाना सबसे ऊपर था, जहां 98.7 प्रतिशत लोग मांसाहारी थे। देश में आमतौर पर नॉनवेज खाने वाले बहुसंख्यक हैं जो कि लगभग 63 फीसदी हैं।

अठारहवें लोकसभा चुनाव अपने चरम पर चल रहे हैं। बढ़त बनाने के लिए प्रत्येक पार्टी के नेता अपनी-अपनी बुद्धि अनुसार कुछ नया दिखाने का प्रयास करते रहते हैं और इस प्रयास में कई बार वे अपनी मर्यादाओं को भूल जाते हैं तथा ऐसा काम कर बैठते हैं कि उन्हें राजनैतिक लाभ की अपेक्षा बहुत नुकसान भी उठाना पड़ता है। देश भर के साथ ही बिहार में भी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरो-शोरो पर है। चुनाव प्रचार के दौरान ही लालू प्रसाद के लाड़ले व राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव के एक वीडियो ने बिहार की सियासत में खानपान को लेकर धमाल मचा रखा है। बिहार क्या देशभर में इस विडियो की चर्चा हो रही है। हुआ यह कि तेजस्वी यादव ने वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी के साथ नवरात्र के पहले ही दिन मछली खाते हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। फिर क्या था, सोशल मीडिया में इस विडियो को लेकर बवाल मच गया। सब अपनी-अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने लगे। मुकेश सहनी वीडियो में ही विरोधियों को चिढ़ाते हुए कहते हैं कि उनके इस वीडियो के बाद कुछ लोगों को मिर्ची लगेगी और हुआ भी कुछ ऐसा ही। और मिर्ची लगे भी क्यों न। आप अपने घर में कब क्या खाते हो यह आपका निजी मामला है, कोई तुम्हें पूछने अथवा रोकने नहीं आयेगा कि क्या खा रहे हो? क्यों खा रहे हो? किन्तु आप आदि शक्ति दुर्गा के पवित्र नवरात्रे के दौरान सोशल मीडिया में अपने प्लेन में बैठकर थाली में से मछली फ्राई उठाकर दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चढ़ाकर खाओगे कि रखो तुम देवी के नवरात्रे, मरो भूखे उपवास में, हम तो इसी तरह मस्ती से मछली खायेंगे और गुलछर्रे उडायेंगे। यह वायरल वीडियो केवल भाजपा के नेताओं या कार्यकर्ताओं ने ही नहीं देखी अपितु उन करोड़ो-करोड़ों भारतीयों ने भी देखी है जो अपनी अध्यात्मिकता को राजनीति से कोसों दूर रखते हैं। उन्होंने भी देखी है जिन्होंने न भाजपा से कुछ लेना ना विपक्षी पार्टियों से। उन सबको तुम्हारी यह असभ्यता क्यों न खले, उन सब तटस्थ भारतीयों को तुम्हारे इस दैत्य कार्य से मिर्ची क्यों न लगे।


डॉ उमेश प्रताप वत्स

यद्यपि सारा देश जानता है कि देशभर में शाकाहारी परिवार ऊंगलियों पर गिने जा सकते हैं। भारत के रजिस्ट्रार जनरल ने 2014 में एक सर्वे कराया था। यह जानने के लिए कि देश के किस राज्य में शाकाहारी और मासांहारी लोगों की संख्या कितनी है। इसके मुताबिक बिहार में 92.45 प्रतिशत लोग मांसाहारी थे। लिस्ट में तेलंगाना सबसे ऊपर था, जहां 98.7 प्रतिशत लोग मांसाहारी थे। देश में आमतौर पर नॉनवेज खाने वाले बहुसंख्यक हैं जो कि लगभग 63 फीसदी हैं। दिल्ली में 63.2 फीसदी लोग नॉनवेज खाते हैं, उत्तर प्रदेश में 55 फीसदी लोग, मध्य प्रदेश में 51फीसदी लोग नॉनवेज खाते हैं, महाराष्ट्र में 59 फीसदी लोग, सेवन सिस्टर प्रदेश व दक्षिण भारत की बात करें तो यह आँकड़ा 80 फीसदी से 99 फीसदी तक चला जाता है जबकि वैज्ञानिक रूप से मानव का जबड़ा माँस खाने के लिए बना ही नहीं किंतु मुँह के स्वाद के लिए ही अधिकतर लोग माँस खाते हैं। राजस्थान देश का इकलौता राज्य है, जहां सबसे कम आबादी मांस खाती है। डेटा के मुताबिक राजस्थान में महज 31.04 फीसदी आबादी मांस खाती है। हाल में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों में बताया गया कि, देश के 16 राज्यों में लगभग 90 प्रतिशत लोग मीट मछली या चिकन खाते हैं किंतु ये आश्चर्यजनक आँकडे नियमित माँस खाने वालों के नहीं हैं। उत्तर व मध्य भारत में इन माँसाहारियों में से आधे से अधिक ऐसे लोग हैं जो महीने अथवा सप्ताह में एक-आध बार शौकिया माँस भक्षण करते हैं जो कि पावन त्यौहारों पर सदैव माँस के सेवन से दूरी बनाकर रखते हैं। प्यू रिसर्च के इसी सर्वे में ये भी बताया गया है कि कितने प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो माँसाहारी तो हैं, लेकिन कई मौकों पर माँस खाने से बचते हैं। सर्वे के मुताबिक 67 फीसदी मुस्लिम और 66 फीसदी क्रिश्चियन लोग कई विशेष अवसरों पर कुछ कारणों से माँस का सेवन करने से बचते हैं। हिंदुओं में 44 फीसदी शाकाहारी को छोड़कर बाकी 39 फीसदी लोग ऐसे हैं जो कई त्यौहारों के मौकों पर माँस खाने से परहेज करते हैं या फिर बिल्कुल नहीं खाते हैं। देश में कितने लोग शाकाहारी है अथवा कितने माँस खाते हैं, बात यह नहीं है। निःसंदेह देश की बड़ी आबादी माँसाहारी हैं किंतु यह भी सच है कि नवरात्रे जैसे पावन पर्व पर ये लोग त्यौहारों का व समाज की आस्था का सम्मान करते हैं और इन विशेष अवसरों पर माँस के सेवन से बचने का प्रयास करते हैं तो राजद नेता तेजस्वी यादव नवरात्रे में दिखा-दिखाकर फिर किस आबादी को तुष्ट करने का प्रयास कर रहे थे तथा किस आबादी को मिर्च दिखाकर इशारा कर रहे थे। आईक्यू टेस्ट करने के लिए क्या थाली में परोसी गई मछली को उठाकर दिखाना आवश्यक था। हमारे देश में एक मान्यता रही है कि भजन, भोजन व व्यायाम पर्दे में ही श्रेष्ठ है। देश में तुष्टीकरण का ऐसा वातावरण बना है कि किसी भी हद तक जाना पड़े, झूठे-सच्चे जो भी वायदे करने पड़े, न चाहते हुए भी स्वयं को मुस्लिम समुदाय का हमदर्द दर्शाने हेतु गोल टोपी पहनकर जाना पड़े, बस! लक्ष्य एक ही है कि फलां-फलां समुदाय की वोट कैसे मिलेगी। कुछ लोगों अथवा कुछ समुदाय को तुष्ट करने के लिए भाजपा से मुखर विरोधी नेतागण देश की लगभग अस्सी प्रतिशत लोगो की अनदेखी कर कैसे जीत पायेंगे। ऐसी वीडियो वायरल करके इंडी एलायंस कैसे मोदी की आँधी का सामना कर पायेगा। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि जब वर्षो से आप लोगों को सत्ता में रहने का अवसर मिला तो तब आप देश समाज के लिए ऐसा कुछ कर ही नहीं पायें जिसे जनता के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। जब नेता लोग जन समाज के लिए कभी सेवाभाव से कार्य नहीं करते, उनके सुख-दुःख में भागीदार नहीं बनते तब उन्हें कभी नवरात्रे में मछली फ्राई का षड्यंत्र करना पड़ता है कभी सावन में इकट्ठे होकर मटन बनाते हुए वीडियो वायरल करनी पड़ती है, कभी केरल में भीड़ के सामने सड़क पर ही बैल को काटकर कुछ भी खाने की माँग का तरीका अपनाना पड़ता है तो कभी बीफ खाने के नाम पर एक प्रभावशाली लॉबी को तैयार कर सोशल मीडिया के समक्ष सभी संस्कारों को धता बताते हुए प्रस्तुत करना पड़ता है। इनके इन कुतर्क, कुत्सित मानसिकता से उपजे षडयंत्रों के बहकावे में लोग इनको वोट कर भी देते हैं, तब बाद में स्वयं को ठगा सा महसूस करते हैं क्योंकि न इन्होंने पहले इन समुदायों के लिए कुछ किया था ना आगे कोई विजन है। देश की मुख्यधारा, देश की संस्कृति, देश की राष्ट्रीय भावना से अलग करके आप किसी भी समाज का कभी भी ना भला कर सकते और ना ही चहुंमुखी विकास।



# तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा....

**देश में वंदेमातरम के जय घोष के बाद यदि किसी नारे ने लोगों के ठंडे पड़ चुके रक्त में उबाल लाने का कार्य किया तो वह उनके सम्मानित नेताजी सुभाषचंद्र बोस का पहला नारा था जयहिंद और दूसरा नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा इस आह्वान के बाद देश के अनेक हिस्सों से जहाँ बड़ी संख्या में लोगों में नेताजी की आजाद हिंद फौज में शामिल होने की होड़ सी लग गई वहीं महिलाओं ने भी जीवनभर की अर्जित की गई संपत्ति व गहने नेता जी के चरणों में देश की आज़ादी हेतु जंग की व्यवस्था के लिए समर्पित कर दिये। नेताजी ने भी युवाओं एवं देश की समर्पित महिलाओं के उत्साह और विश्वास को शिखर तक ले जाने के लिए मृत्यु पर्यंत स्वतंत्रता का शंख बजाये रखा। नेताजी ने जीवनभर न कभी अन्याय सहन किया और न ही कभी किसी गलत बात के लिए समझौता किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। उनके पिता एक प्रसिद्ध वकील थे। नेताजी एक मेधावी छात्र थे जिन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। अंग्रेजों के शासन में एक भारतीय के लिए प्रशासनिक सेवा में शामिल होना लोहे के चने चबाने जैसा दुष्कर कार्य था किंतु अपनी धुन के पक्के नेताजी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा न केवल पास की अपितु चौथा स्थान प्राप्त किया। यद्यपि देश की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष के चलते उन्होंने अंग्रेजी शासन के अधीन कोई पद स्वीकार नहीं किया और भारत वापिस आकर कांग्रेस में शामिल हो गए। भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने आजाद हिंद फ़ौज की स्थापना की थी। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में सुभाष चंद्र बोस का नाम बहुत ही सम्मान के साथ स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। नेता जी का नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी भारवासियों के भीतर राष्टभक्ति का भाव जागृत कर देता है।**





महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार कभी नहीं मिले। गांधी जी उदार दल के नेता थे तो वहीं बोस क्रांतिकारी दल का नेतृत्व करते थे। हालांकि पहली बार गांधी जी को भारत का राष्ट्र पिता नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ही कहा था। उसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रपिता बन गए। 1939 में सुभाषचंद्र ने कांग्रेस अधिवेशन में गांधी जी का समर्थन प्राप्त पट्टाभि सीतारमैया को हरा दिया तो इसके पश्चात गांधी जी के साथ उनके मनमुटाव ओर बढ़ गए तब नेताजी ने व्यथित होकर स्वयं ही कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और अंग्रेजों के विरुध्द अपना संघर्ष तेज कर दिया। इस बीच उनकी शादी सेक्रेटरी एमिली से हुई, जो कि ऑस्ट्रियन मूल की थी। नेता जी और एमिली की एक बेटी भी है जिसका नाम अनीता है, जो जर्मनी में अपने परिवार के साथ रहती है।

वास्तव में आजाद हिंद फौज एवं सुभाषचंद्र की बढ़ती हुई प्रसिद्धि से अंग्रेज बहुत व्याकुल थे। जब देश में अंग्रेजी सरकार हिंदुस्तान के युवाओं को सैनिक रूप में भर्ती कर द्वितीय विश्व युद्ध में विश्व का सिरमौर बनने का सपना पाले हर संभव प्रयास में जुटी थी तब अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए सुभाषचंद्र बोस ने जापान की मदद से %आजाद हिंद फौज% का गठन किया। तब उनके द्वारा दिया गया %जयहिंद% का यह नारा पूरे देश का राष्ट्रीय नारा बन गया। भारतवासी उन्हें सम्मान सहित %नेताजी% के नाम से संबोधित करते थे। 21 अक्तुबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थाई सरकार बनायी। जिसे जर्मनी, जापान, कोरिया, चीन, इटली, आयरलैंड, फिलीपींस सहित 11 देशों की सरकारों ने मान्यता दी थी। नियती भविष्य के गर्भ में सबकी सोच से परे एक भिन्न इतिहास लिखकर रखती है। भारतीय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष सुभाषचंद्र बोस के लिए नियती ने भी क्रांतिकारियों का बलिदानी पथ चुन रखा था तो फिर वे कांग्रेस के अध्यक्ष कैसे रह पाते। पहले कार्यकाल के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस 1938 में कांग्रेस के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। 1939 में मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित त्रिपुरी गांव में कांग्रेस का अधिवेशन होना था। महात्मा गांधी चाहते थे कि अबुल कलाम आजाद त्रिपुरी अधिवेशन की अध्यक्षता करें। इसके पीछे उनकी सोच ये थी कि अगर कांग्रेस का अध्यक्ष कोई मुस्लिम बने किंतु पेच फंस गया क्योंकि सुभाष चन्द्र बोस ने भी दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया। उधर गांधी जी के प्रभाव से बारडोली में कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में मौलाना अबुल कलाम आजाद की उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया गया। यद्यपि सुभाषचंद्र की तरह कलाम साहब भी बंगाल से आते थे तो बाद में उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। क्योंकि वह नेताजी की दिन दुनी, रात चौगुनी लोकप्रियता के बारे में जानते थे। वह नहीं चाहते थे कि बंगाल के ही दो लोगों में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला हो और उन्हें हार का मुंह देखना पड़े। मौलाना आजाद के पीछे हटने के बाद गांधीजी ने जवाहर लाल नेहरू को चुनाव लड़ने के लिए राजी करने की कोशिश की। उन्होंने नेहरू को लिखा, मौलाना साहब कांटों भरा ताज नहीं पहनना चाहते क्या आप इसके लिए तैयार है? हार के समक्ष नेहरू जी की अनिच्छा के कारण गांधी जी ने कहा कि अगर आप भी चुनाव नहीं लड़ते हैं तो पट्टाभि ही इकलौते विकल्प दिख रहे हैं। वैसे रविंद्रनाथ टैगोर की इच्छा थी कि सुभाषचंद्र जी अध्यक्ष बने। उन्होंने महात्मा गांधी को खत भी लिखा कि सुभाष को दूसरा कार्यकाल दिया जाना चाहिए। लेकिन बापू नहीं माने। 29 जनवरी 1939 को चुनाव होना था। अंत में 29 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग हुई। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के पक्ष में 1580 वोट पड़े जबकि सीतारमैया को 1377 वोट। बोस को बंगाल, मैसूर, यूपी, पंजाब और मद्रास से जबरदस्त समर्थन मिला। लगातार दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष का ताज उनके सिर सजा। चुनाव से पहले ही कांग्रेस नेताओं में कड़वाहट घुल चुकी थी। चुनाव के बाद महात्मा गांधी के एक बयान से यह कटुता और बढ़ गई। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि पट्टाभि सीतारमैया की हार उनसे ज्यादा मेरी हार है। त्रिपुरी अधिवेशन में कांग्रेस की अंदरूनी कलह और गुटबाजी खुलकर सामने आई। यहां तक कि दोनों गुटों के समर्थक आमने-सामने आ गए। त्रिपुरी अधिवेशन के अगले ही महीने अप्रैल 1939 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने न सिर्फ कांग्रेस अध्यक्ष पद से बल्कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को उन्होंने कलकत्ता की एक रैली में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना का ऐलान किया और इस तरह उनकी राह कांग्रेस से अलग हो गई। कांग्रेस से अलग होने के बाद सुभाषचंद्र का पूरा समय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष खड़ा करने हेतु योजनाओं को मूर्त रूप देने में ही लगता था। भारत को आजादी दिलाने के लिए नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने एक बैंक भी स्थापित किया, जिसे दस देशों बर्मा, क्रोसिया, जर्मनी, नानकिंग, इटली, थाईलैंड, मंचूको, फिलीपींस और आयरलैंड ने मान्यता दी। नेताजी की ताकत बढ़ रही थी, लेकिन 18 अगस्त 1945 को अचानक सुभाष चंद्र बोस का निधन हो गया। नेताजी की मौत एक रहस्य है, क्योंकि जिस हवाई जहाज से वह यात्रा कर रहे थे, वह रास्ते से ही लापता हो गया था। यद्यपि आज तक किसी को पता भी नहीं चल सका कि सुभाष चंद्र बोस का हवाई जहाज कहां गया और क्या वाकई उनका निधन हो गया था अथवा उनका अपहरण कर लिया गया था। तथापि भारत के लोग व नेताजी के परिवार के लोगों का मानना है कि 1945 में विमान दुर्घटना में नेता जी की मृत्यु नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नजरबंद थे। यदि ऐसा नहीं है तो भारत सरकार ने आज तक भी उनकी मृत्यु के संबंध में दस्तावेज अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं किये? नेता जी अखंड भारत के पहले प्रमुख थे जिन्होंने ब्रिटिश शासनकाल में भी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। आज इंडिया गेट के समीप हमारे राष्ट्रनायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की विशाल मूर्ति स्थापित है। ब्रिटिश शासन में गुलामी के समय यहां ब्रिटिश सत्ता के गवर्नर की प्रतिमा लगी हुई थी।

## उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन



### 01 मार्च से 15 अप्रैल तक कुल 15415.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 15 अप्रैल, 2024 तक कुल 15415.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2606.84 लाख रुपये नकद धनराशि, 3751.34 लाख रुपये कीमत की शराब, 5744.52 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.26 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन

### 15 अप्रैल को कुल 223.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नकदी जब्त

एजेंसियों द्वारा 15 अप्रैल, 2024 को कुल 223.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 49.46 लाख रुपये नकद धनराशि, 67.10 लाख रुपये कीमत की 25013.74 लीटर शराब एवं 99.08 लाख रुपये कीमत की 131989.93 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। 15 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद अमेठी की जगदीशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 33.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 166 ग्राम ड्रग, जनपद बांदा की तिन्दवारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 101000 ग्राम ड्रग तथा जनपद लखनऊ की लखनऊ उत्तर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.97 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 144.10 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 15 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4233 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,69,139 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-**

**01137/01138 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01137 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01138 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:10 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

**चलने की तिथि : 01137 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से दिनांक 21.04.2024 से 19.05.2024 (रविवार) तक एवं **01138 बनारस** से दिनांक 22.04.2024 से 20.05.2024 (सोमवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
**ठहराव:** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01169 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01170 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:45 | -- |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ जं. | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

**चलने की तिथि : 01169 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से दिनांक 19.04.2024 से 24.05.2024 (शुक्रवार) तक एवं **01170 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01141 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01142 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:45 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

**चलने की तिथि : 01141 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 22.04.2024 से 13.05.2024 तक एवं **01142 बनारस** से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 23.04.2024 से 14.05.2024 तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01143/01144 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01143 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01144 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 13:30 | -- |
| 16:30 | 16:40 | लखनऊ जं. | 08:55 | 09:00 |
| 23:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 03:30 |

**चलने की तिथि : 01143 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस** से दिनांक 18.04.2024 से 16.05.2024 (गुरूवार) तक एवं **01144 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 18.05.2024 (शनिवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01152 गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01152 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |
| लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| पुणे जं. | 06:40 | -- |

**चलने की तिथि : 01152 गोरखपुर जं.** से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं अनारक्षित श्रेणी।
**ठहराव:** बस्ती, गोंडा जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन एवं हडपसर स्टेशन।

**01419/01420 पुणे जं. – गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01419 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01420 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:30 | पुणे जं. | 06:40 | -- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |

**चलने की तिथि : 01419 पुणे जं.** से दिनांक 20.04, 24.04 एवं 28.04.2024 को एवं **01420 गोरखपुर जं.** से दिनांक 21.04, 25.04 एवं 29.04.2024 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** हडपसर, दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं., एवं बस्ती स्टेशन।

**04123/04124 प्रयागराज जं. – मानिकपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04123 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04124 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | प्रयागराज जं. | 09:00 | -- |
| 11:10 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 15:50 |

**चलने की तिथि : 04123 प्रयागराज जं.** से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **04124 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
**ठहराव:** शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतरी, बाँदा, महोबा जं., कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., धौलपुर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09016 भागलपुर जं. – वलसाड (वाया गोरखपुर जं.) अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 09016 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| वलसाड | 02:30 | -- |
| लखनऊ जं. | 00:30 | 00:40 |
| भागलपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09016 भागलपुर जं.** से दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** सुल्तानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ्फरपुर जं., चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, फर्रुखाबाद जं., मेनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टुंडला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं, बडोदरा जं., भरुच जं., अंकलेश्वर जं., सायन, सूरत एवं उधना जं. स्टेशन।

**09403/09404 अहमदाबाद जं. – गोरखपुर जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09403 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09404 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | अहमदाबाद जं. | 20:40 | -- |
| 08:10 | 08:20 | लखनऊ जं. | 22:20 | 22:30 |
| 14:00 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 09403 अहमदाबाद जं.** से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को एवं **09404 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** आनंद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01084 गोरखपुर जं. – लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| गोरखपुर जं. | 00:25 | -- |
| लखनऊ जं. | 19:45 | 19:55 |
| लोकमान्य तिलक टर्मिनस | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01084 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बस्ती, गोंडा, बाराबंकी ज., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड़ जं., नाशिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**09617/09618 रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 28 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09617 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09618 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | रेवाड़ी जं. | 04:15 | -- |
| 01:30 | -- | रोहतक जं. | -- | 02:35 |

**चलने की तिथि : 09617 रेवाड़ी जं.** से दिनांक 17.04.2024 से 30.04.2024 तक एवं **09618 रोहतक जं.** से दिनांक 18.04.2024 से 01.05.2024 तक।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** गोकलगढ़, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल एवं अस्थल बोहर स्टेशन।

**04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं. – ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04137 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04138 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:10 | ग्वालियर जं. | 10:20 | -- |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ जं. | 01:00 | 01:10 |
| 08:00 | -- | बरौनी जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं.** से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तक एवं **04138 बरौनी जं.** से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार) तक।
**स्थान:** वाता. कुर्सीयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, एट जं., उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन जं., कानपुर सेन्ट्रल जं., उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैल गंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04815 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04816 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | -- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ जं. | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

**चलने की तिथि : 04815 जोधपुर जं.** से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक एवं **04816 मऊ जं.** से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर,बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फर्रूखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – मऊ जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 17.04.24, 24.04.24, 08.05.24 एवं 15.05.2024 को (4 फेरे) एवं मऊ से दिनांक 19.04.24, 26.04.24, 10.05.24 एवं 17.05.24 को (4 फेरे) चलने के दिनों में वृद्धि के साथ चलाई जाएंगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वोट की ताकत दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति: सीडीओ

- इस्लामिया कालेज में मतदाता जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न
- कालेज परिवार इस अभियान में पूरा सहयोग करेगा: मोहम्मद अल्ताफ



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित संगोष्ठी में सीडीओ अजय कुमार गौतम ने कहा कि वोट की ताकत दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर पचास प्रतिशत से कम मतदान होता है वहां और अधिक मेहनत की आवश्यकता है। श्री गौतम ने उर्दू मोहल्ला, नोरंगाबाद तथा अड़ार के मतदाताओं से अधिकतम मतदान की अपील की। उपजिलाधिकारी सदर राघव विक्रम सिंह ने कहा कि हम बीएलओ की मदद से हर मतदाता तक जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से भी टोली में जागरूकता अभियान को संचालित करने को कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने कहा कि हर मतदाता को वोट का महत्व समझना ही चाहिए। कालेज के प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ एडवोकेट ने आश्वस्त किया कि कालेज परिवार इस अभियान में पूरा सहयोग करेगा। इस्लामिया कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि हमारे बच्चे मतदाता जागरूकता अभियान में सदैव अपना योगदान देते रहे हैं। इस बार भी इस्लामिया के बच्चे पूरे मन से अभियान का हिस्सा हैं। कवि कमलेश शर्मा ने कविता पाठ किया। नायब तहसीलदार शेखर मिश्र ने भी वोट प्रतिशत बढ़ाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन जनपद के स्वीप आइकॉन डा.कुश चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह मतदान का दिन छुट्टी का दिन न समझें और वोट डालने अवश्य जाएं। स्वागत उप प्रधानाचार्य साकिब अली खां, परीक्षा प्रभारी मुहम्मद जावेद, चीफ प्राक्टर मुहम्मद अतीक, उमैर आदिल, नाजिश इकबाल आदि ने किया। उप जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव भी उपस्थित रहे।

## सम्राट अशोक की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति एवं समता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में महान चक्रवर्ती सम्राट प्रियदर्शी अशोक महान की जयंती कृष्णा नगर बिजली घर पर पुष्पांजलि सभा आयोजन कर याद किया। सर्वप्रथम महान सम्राट अशोक के चित्र पर महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं समाजसेवी राजकुमार आजाद ने पुष्पांजलि अर्पित की इस मौके पर रमेश सैनी जी एवं राजकुमार ने संयुक्त रूप से महान सम्राट अशोक के द्वारा मानव कल्याण के किए गए के लिए किए गए कार्य एवं विशाल भारत के निर्माण का गुणगान किया और बताया संसार के इतिहास में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक जैसा जन कल्याणकारी राजा आज तक नहीं हुआ क्योंकि सम्राट अशोक ने जनता और शासन के बीच सीधा संवाद स्थापित किया था।

# धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 भी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। ग्राम राहिन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज सुधार समिति के बैनर तले समिति के अध्यक्ष भंते प्रज्ञा दीप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया समिति के उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा गांव में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों अनुयाइयों ने भाग लिया बाबा साहब भगवान बुद्ध की झांकियां प्रदर्शित की गई डाक्टर भीमराव अंबेडकर इंटर कालेज के प्रबंधक प्रेम सागर ने संबोधित करते हुए बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला।



अंबेडकर समिति के प्रबंधक बीपी राजन ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगों को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए समिति के सचिव दिव्यांशु राजन ने कहा कि बाबा साहब बौद्ध धर्म को अपना कर समाज को एक अच्छा संदेश दिया था उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर उन्हें नमन करना तभी सार्थक होगा जब उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया जयंती पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सैकड़ा युवाओं ने साइकिल रैली का भी आयोजन किया ग्राम प्रधान मनोज शाक्य ने भी अंबेडकर पार्क में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर शनि प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजीव कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह , सौरभ कुमार, दिव्यांशु राजन राकेश कुमार मलखान सिंह रामस्वरूप जाटव, नीशू गोलू , मोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

# कन्या भोज कराकर प्रसाद वितरण किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नवरात्र के पावन दिवसों के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद तुलसी के सौजन्य से कन्या भोज करा कर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश चंद्र यादव रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ ने पूजन अर्चन कर एवं कन्याओं को भोज कराकर प्रारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के प्रति आस्थावान होना चाहिए एवं नियमानुसार पूजन अर्चन तथा व्रत आदि करने चाहिए । उन्होंने आगे बताया की शक्ति स्वरूपा मां के विभिन्न रूपों की उपासना इन नवरात्रों के दौरान की जाती है। हम सबको



माता रानी के चरणों में अपने आप को समर्पित करते हुए नियम संयम एवं सात्विक जीवन जीने की ओर अग्रसर होना चाहिए। हम सबको बुराई पर अच्छाई को लेकर के आगे बढ़ना चाहिए आपसी द्वेष मनमुटाव आदि को भूलकर प्रेम एवं सहयोग की भावना से परस्पर मिलकर रहना चाहिए तथा चारों तरफ सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए स्वयं को समर्पित कर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि माता रानी की कृपा समस्त भक्तों पर सदैव बनी रहे एवं सभी लोग सुख शांति धन-धान्य से परिपूर्ण रहे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ तुलसी के सचिव डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर विचारधारा के पत्रकार को मिला सम्मान

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह पर मथुरा जनपद मैं बाबा साहब के विचारों को बढ़ावा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार का सम्मान किया। अंबेडकर विचारधारा को समाज में समरसता के मंत्र को आगे बढ़ाने का प्रयास हमेशा करते रहे हैं।

मथुरा जनपद मैं शोषित वंचित पीड़ित दलित परिवारों के मसीहा के रूप में अलग पहचान बनाने वाले के कार्य से प्रभावित हो राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने उन्हें सम्मानित किया। मथुरा के वयोवृद्ध पत्रकार दिनेश आचार्य ने पटुका ओढ़ाकर को सम्मानित करते हुए कहा समाज के हर वर्ग में ऐसे सेवाभावी लोगों को आगे आकर बाबा साहब के सिद्धांतो पर अमल करना चाहिए।

# नवरात्रि: काली वाहन के लिये आरम्भ की नि:शुल्क बस सेवा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी तथा नवमी में शास्त्री चौराहा से कालीवाहन मंदिर तक श्रद्धालुओं को पहुँचाने के लिये मंगलवार को नि:शुल्क बस सेवा आरम्भ की। नि:शुल्क बस सेवा को विद्यालय प्रबन्धक इं.हरि किशोर तिवारी एवं धर्मलाल चतुर्वेदी, अनूप सिंह परमार, उपेन्द्र दीक्षित, विनय कुमार, अरविन्द कुमार दुबे, नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा, आर.के.तिवारी तथा आनन्द पाठक ने शास्त्री चौराहे से हरी झण्डी दिखाकर काली वाहन के लिये बस को रवाना किया। इस अवसर पर हरि किशोर तिवारी ने कहा कि नारायन कॉलेज




ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स पिछले वर्षा की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये शास्त्री चौराहे से अष्टमी तथा नवमी के लिये नि:शुल्क बस सेवा आरम्भ कर रहा है। बस प्रातः 9:00 बजे से श्रद्धालुओं को शास्त्री चौराहे से लेकर काली वाहन मन्दिर के लिये रवाना होगी। इसके अतिरिक्त उन्होने बताया कि यदि किसी मोहल्ले या कॉलोनी में 20 से अधिक श्रद्धालु हैं जो काली वाहन मन्दिर जाना चाहते हैं तो इसकी जानकारी 9528141911 नम्बर पर दे। बस उन्हें उनके बताये स्थान से पिक करेगी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स आप सबकी सेवा में सदैव तत्पर है। नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ अपने सभी रूपों में हम सब पर कृपा बनाये रखें। उन्होंने सभी भक्तजनों को रामनवमी की अपार शुभकामनायें दीं।

इस नि:शुल्क बस सेवा को प्राप्त करके श्रद्धालुओं में हर्ष व उल्लास का माहौल था सभी श्रद्धालुओं ने विद्यालय प्रबन्धक तथा प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया।

# प्राइवेट डॉक्टरों की मतदाता जागरूकता रैली कल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महानगर में 18 अप्रेल को शाम चार बजे मथुरा मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर निजी चिकित्सक मतदाताओं को जागरूक करेंगे और उनके अमूल्य वोट का महत्व बताएंगे।

एसोसिएशन के नवागत अध्यक्ष डा.मनोज गुप्ता एवं सचिव डा.योगेश अग्रवाल ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को एक रैली जुबली पार्क डैम्पीयर नगर स्थित आईएमए भवन से निकाली जाएगी। रैली विकास बाजार, गांधी प्रतिमा होते हुए आईएमए भवन पर समाप्त होगी। साथ ही चिकित्सा संस्थानों के संचालक अपने-अपने यहां फ्लेक्स एवं बैनर लगवा रहे हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों एवं परिजनों को भी मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक मतदाता अपने वोट की शक्ति समझे और 26 अप्रेल को अपने-अपने पोलिंग बूथ पर मतदान अवश्य करें। पूर्व अध्यक्ष डा. अनिल चौहान, पूर्व अध्यक्ष डा.संजय गुप्ता,उपाध्यक्ष डा. गौरव भारद्वाज, डा.ललित वार्ष्णेय , डा.बिजेन्द्र तिवारी, डा.पंकज गुप्ता, डा.आशीष गोपाल, डा.प्रवीन गोयल, डॉ डी पी गोयल , डॉ एस के बर्मन आदि चिकित्सकों ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से चिकित्सकों द्वारा इस बारे में जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

# 262 अमरनाथ यात्रियों का सफल परीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** 29 जून से 19 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को अमरनाथ यात्रा मेडिकल कराने में 400 से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गठित अमरनाथ परीक्षण बोर्ड मंगलवार और शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का परीक्षण करता है इसी के तहत 400 से अधिक श्रद्धालु आ जाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा कुछ डॉक्टर इमरजेंसी में लगे होने के कारण देर से आए जिससे अमरनाथ यात्रियों का पारा साथ में आसमान पर रहा



बार-बार अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी होती रही भारी शोर शराबी के बावजूद फिजिशियन विकास राजपूत हड्डी रोग विशेषज्ञ दीपक गुप्ता डिप्टी सीएमओ बलराज सिंह राजू कुलदीप विष्णु दीक्षा आदि ने के द्वारा 262 अमरनाथ यात्रियों का सफल परीक्षण किया गया इस अवसर पर अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप उपाध्यक्ष जय सिंह चौहान अमन कश्यप सृष्टि चौहान ध्रुव अग्निहोत्री बंटी यादव अभय कश्यप रमेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मथुरा गोवर्धन मार्ग पर सड़क हादसे में दो की मौत

**मथुरा।** गोवर्धन रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं एक की हालात गंभीर है। घटना से गांव में मातम छा गया। मथुरा गोवर्धन रोड पर उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब एक बाइक पर सवार दो युवक व एक किशोर के साथ सरसों की पिलाई कराने के लिए अड़ींग बाजार जा रहे थे। बाइक सवार युवकों को मथुरा गोवर्धन मार्ग पर अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में राहुल और लक्ष्य निवासीगण पाली ब्रह्माणन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपाल को गंभीर हालात में उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घटना की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुँच गयी साथ ही खबर लिखें जाने तक परिवारीजन शवों का पोस्टमार्टम कराने से मना करते नजर आएं।

# जैंत के जंगल में डिमांड पर तैयार हो रहे थे तमंचे

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** पुलिस की कहानी पर विश्वास करें तो लोकसभा चुनाव के चलते जैंत क्षेत्र के जंगल में डिमांड पर अवैध तमंचा बनाने का काम हो रहा था।

थाना जैंत पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए अवैध शस्त्र बनाने वाले दो शातिर अभियुक्त को 12 अवैध निर्मित तमंचा व एक इकनाली बन्दूक, 23 जिंदा कारतूस, आठ खोखा कारतूस एवं अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा ने बताया कि चौकी आझई की बडी आटस के चामड़ माता मन्दिर के पीछे सड़क से करीब 200 मीटर दूर जंगल में बनी कोठरी के पास से अभियुक्त मनीष उर्फ मानवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी मइ पूरना थाना इगलास जिला अलीगढ हाल निवासी ग्राम कोटा थाना जैत जनपद मथुरा व कमल उर्फ गुल्ला पुत्र पप्पू निवासी जयसिंहपुरा गणेश टीला कमोली वाली धर्मशाला थाना गोविन्दनगर मथुरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दोनो अपने साथी अकरम पुत्र खिल्लू निवासी गोंदा आटस थाना जैंत जनपद मथुरा के साथ मिलकर नये तमंचे बनाते हैं व खराब तमंचों की मरम्मत करते हैं। शस्त्र बेचने का काम अकरम पुत्र खिल्लू करता है और अकरम ही हम लोगों को हिस्से के पैसे देता है।

# मैंटीनेंस कार्य से हो रही बिजली कटौती, किसान परेशान

- भाकियू चढूनी का एलान चुनाव बाद करेंगे बड़ा आंदोलन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भाकियू चढूनी के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीओ संजय कुमार से मिलकर बिजली कटौती के मुद्दे पर आक्रोश जताया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि बिजली कटौती से जायद की फसल पर संकट खड़ा हो गया है। खेतों में उर्द, मूंग, तरबूज व चारे आदि की फसल खड़ी हैं। सूर्य निकलते ही इन फसलों की पत्तियां मुरझा रही हैं लेकिन बिजली कटौती के कारण फसलों में किसान पानी नहीं दे पा रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, जिला अध्यक्ष संजय पराशर, बिल्ला सिंह सिकरवार, डा राधेश्याम, कुंतभोज रावत ने एसडीओ से कहा कि बिजली विभाग सुबह नौ बजे तक और शाम को छह बजे के बाद लाइन मेंटेनेंस का काम कर सकता है। दिन में किसानों की सूख रहीं फसलों की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रेम सिंह सिकरवार, ओमवीर मास्टर ने कहा कि रजवाहों में उड़ती धूल किसानों को मुंह चिढ़ा रही है। रवी की फसलों में पहले सही किसान नुकसान झेल रहा है। अब जायद की फसल पर भी संकट दिखाई पड़ने लगा है। मंहगे डीजल के कारण किसान निजी नलकूपों से सिंचाई नहीं कर पा रहे। पानी के अभाव में फसलें चौपट हो जाएंगी। हीरो काका, डा. सतीश चन्द्र, हरिपाल सिंह परिहार ने कहा कि पानी की कमी से किसान एक ही फसल करता है, थोड़ी बहुत खेती करें भी तो पानी की गम्भीर समस्या है। किसान को न तो बिजली मिल रही है और न नहर बंबों में पानी है। लोगों की पूरी दिनचर्या खराब होकर रह गई है। छोटे बच्चे, महिला और बुजुर्गो को भारी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इनवर्ट फेल हो गए हैं। किसानों में बिजली कटौती से भारी रोष है। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने एलान किया है कि किसानों की अनदेखी को लेकर चुनाव बाद बडा आंदोलन किया जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर चार दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

- मानवीय संवेदना जिंदा रखने को रक्तदान जरूरी: रमेश सैनी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के 133 में जन्म दिवस पर मानवीय संवेदनाओं के संरक्षण हेतु रक्तदान शिविर के आयोजन कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर लुकेश कुमार राही के नेतृत्व में 46 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम एडवोकेट बद्री प्रसाद सिंह संस्थापक एवं रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग मथुरा ने संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।




रक्तदाताओं के उत्साह वर्धन हेतु रमेश सैनी मथुरा महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग ने कहा कि मानवीय संवेदनाओं के संरक्षण हेतु किए गए इस रक्तदान शिविर आयोजन की अंबेडकर मिशन में महती आवश्यकता बताकर प्रशंसा की साथ ही कहा जिस व्यक्ति के अंदर समता न्याय बंधुत्व एवं मानव प्रेम नहीं होगा वह अंबेडकरवादी नहीं हो सकता।

अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहां की अंबेडकर जी के बताएं मार्ग पर चलकर ही आम आदमी को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है।

समस्त रक्तदाताओं एवं समर्थकों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना के साथ स्मृति चिन्ह देकर दुपट्टा उड़ा कर आभार व्यक्त कर स्वागत किया।

रक्तदाताओं में अरुण कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह ,फिरोज आलम, पवन गोला ,अमित दिवाकर एडवोकेट, अजय कुमार ,हुकम सिंह, कुलदीप कुमार ,दिनेश पाल सिंह, मृदुल कुमार, राजेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत कुमार सिंह, विजय सिंह ,दीपक कुमार बंसल ,नीरज कुमार ,चंद्रकांत ,मुनेंद्र प्रताप ,महेश चंद्र ,नितिन कुमार, प्रेमचंद, विपिन कुमार, दिनेश पाल सिंह ,नरेश चौधरी, सोनल अग्रवाल, रवि कुमार, विवेक कुमार ,आकाश बाबू ,कुलदीप कुमार ,गौरव कुमार, लुकेश कुमार राही ,भूदेव कुमार, शैलेंद्र कुमार रक्तदाता के अतिरिक्त बद्री प्रसाद सिंह एडवोकेट उनकी पत्नी का नाम का सरोज सुरेखा सिंह राजू भाई विकास बाबू सौदान सिंह चित्रसेन मौर्य धनीराम बाबा कन्हैयालाल ठेकेदार बृजलाल कामरेड नाम बताओ नरेंद्र कुमार दिनेश मिस्त्री राज गब्बर थान सिंह प्रधान एडवोकेट कृष्ण कुमार बृजवासी योगेश कुमार एवं ब्लड बैंक के कर्मचारी श्रीमती सुनीता शर्मा डॉक्टर गीता शर्मा अंजू शर्मा पप्पू सिंह युधिष्ठिर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रात की रंगीन वीडियो बनाकर मोटी रकम की डिमांड

## तीन नामजद युवतियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज, दो आरोपी महिला गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** ब्लैकमेलिंग का अनोखा मामला मथुरा में युवतियों ने होटल में युवकों के साथ रंगरलियां मनाई। इसके लिए तीन हजार प्रति युवती चार्ज किया। उन्होंने इसका वीडियो बना लिया। अब युवकों को ब्लैकमेल करके 30 लाख रुपये की डिमांड कर रही हैं। इसे सुनकर पीड़ितों के होश उड़ गए। उन्होंने थाने में तहरीर दी। मुकदमा दर्ज करके पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के सराफा बाजार क्षेत्र का है। यहां के निवासी दो लोगों ने वृंदावन कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस को बताया कि 24 मार्च को छटीकरा मार्ग स्थित होटल में कमरा लिया। जिले के हाईवे थाना क्षेत्र




निवासी तीन युवतियों को उनकी सहमति पर वहां बुलाया। इसके लिए उनको तीन हजार प्रति युवती के हिसाब से नौ हजार रुपये यूपीआई के जरिए भेज दिए। युवतियां दोनों लोगों से पहले होटल में बुक कमरे में पहुंच गई। कैमरा फिट कर दिया। इस दौरान युवतियों ने पूरा वाकया वीडियो में कैद कर लिया। इसके बाद 27 मार्च को पीड़ितों के मोबाइल पर युवतियों ने उनकी अश्लील वीडियो भेज दिया। 30 लाख रुपये की मांग की।घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित में एक व्यक्ति के बड़े भाई की तबीयत बिगड़ गई। उसे फरीदाबाद के मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। युवतियों को 28 और 29 मार्च को बुलाया। समझौता करने को कहा। 50 हजार रुपये भी युवतियों को दिए, लेकिन वह 15 लाख रुपये की मांग पर अड़ गई। इंस्पेक्टर क्राइम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर तीन नामजद युवतियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## उ0 प्र0 सरकार से शराब बन्द करने की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जन कल्याण समिति की ओर से मीरापुर हर्षवर्धन नगर कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता मो0 हन्जला, इलाहाबाद जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किया। संचालन परशुराम चौहान ने किया। समिति के सचिव परशुराम चौहान ने कहा कि जनपद प्रयागराज में सूखा नशा यानि धूम्रपान, चरस गांजा व भांग का कारोबार खूबल फल फूल रहा है। इनके सेवन व शराब के सेवन से उत्पन्न विकारों को पूरे समाज पर बुरा समाज पर असर डालने वाले कारक के रूप में देखा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले विकार एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसका सामना कई देश कर रहे है। गरीब तबके के लोग शराब में अपनी मेहनत का ज्यादातर पैसा बर्बाद कर देते है।

# हवाई वाहवाही लूटने में गुजार दिये दस साल: सुरेश सिंह

- रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था
- बाहरी प्रत्याशी समझ ही नहीं पाए मथुरा की जरूरतें: सुरेश सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि जनपद में 65 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र मानव संसाधन की बेहद कमी से जूझ रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। विकास की हालत यह है कि जिले में चार लाख परिवार हर महीने सरकारी राशन का इंतजार करते हैं। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। हर क्षेत्र में निराशा का माहौल है। यह निराशा लगातार गहरा रही है और माहौल बिगड रहा है। देष और प्रदेष की सत्ता में बैठी संस्कारी पार्टी ने हालात यह बना दिये हैं कि हर महीने करीब 100 करोड़ की शराब मथुरा जनपद में लोग पी जाते हैं। जिससे सरकार को करीब 65 करोड़ का राजस्व मिलता है। शराब की कमाई और जनता के शोषण से धन काम कर हाइवे बनवा रहे हैं और फिर टोल टैक्स से वसूली कर रहे हैं। इन हाईवे पर जितने का ईंधन नहीं फुंकता उससे ज्यादा का टोल लग जाता है। यह हाईवे गरीब जनता के चलने के लिए नहीं है, जबकि कहने वाले कह रहे हैं कि विकास हो रहा है। जहां कभी दूध दही की प्रचुरता रहती थी वहां अब लोग शराब के नशे में डूबे हैं। तनाव में झगड़े हो रहे हैं और परिवार बिखर रहे हैं। युवा तनाव में है और सरकार रोजगार देने की बजाय तनाव कम करने के टिप्स दे रही है। बाहरी प्रत्याशी आये और चुनाव भी जीत गये लेकिन वह स्थानीय जरूरतों को समझ ही नहीं सके। इस बार हमारे जनप्रतिनिधि ने हवाई वाहवाही लूटने में 10 साल गुजार दिये। इनकी समझ का आलम यह है कि जिस यमुना में गर्मी के मौसम में नाव चलाने के लिए भी ठीक से पानी नहीं रहता है, वहां क्रूज लाकर खडा कर दिया है। हमारे जनप्रतिनिधियों ने मथुरा में इस मुंहावरे पर मुहर लगा दी कि रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था।

# मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल की भारतीय टीम में वापसी

वर्ल्ड चैंपियशिप के सिल्वर मेडलिस्ट अमित पंघाल की 25 मई से 2 जून तक बैंकॉक में होने वाली आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई है। भारतीय मुक्केबाज महासंघ ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में 6 बदलाव किए हैं।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में छह बदलाव किये है। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसमें सभी मुक्केबाज कोटा स्थान हासिल करने में असफल रहे थे। इसके बाद हाई परफार्मेंस निदेशक बर्नार्ड डन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।



विदेशी कोच दिमित्री दिमित्रुक, सी.ए. कुट्टप्पा और धर्मेंद्र यादव की देखरेख में किये गये नवीनतम मूल्यांकन में 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) के साथ ही अनुभवी शिव थापा (63.5 किग्रा) और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। पंघाल ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और 2024 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में स्वर्ण पदक जीता था। वह हालांकि मूल्यांकन में बार-बार भोरिया से पीछे रहे, इसलिए एशियाई खेलों और पहले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में जगह नहीं बना पाये थे।

भारत ने 2024 ओलंपिक के लिए अब तक चार कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं, जिसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पिछले साल एशियाई खेलों में पेरिस का टिकट कटाया था। तोक्यो ओलंपिक में भारत के नौ मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था।

# भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलिया से हारी

ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। भारत ने 12वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वें, 47वें) और जैक वेल्च (54वें) के गोल ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में लगातार चौथी जीत दिला दी।

भारत शुरुआती टेस्ट में 1-5 से हार गया था, जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट क्रमशः 2-4 और 1-2 से हार गया था। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी रहा जहां दोनों



टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल के कई मौके बनाये। मनदीप सिंह ने मैच पहले मिनट में ही भारत के लिए मौका बनाया। हरमनप्रीत सिंह के पास पर सर्कल के पास से किये गये उनके प्रहार को ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर ने बचा लिया। ऑस्ट्रेलिया ने जवाबी हमला करते हुए दूसरे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन अनुभवी भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार बचाव से उनका दोनों प्रयास विफल हो गया।

भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच में मिडफील्ड का चतुराई से उपयोग कर गोल करने के मौके बनाये। भारत को 10वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज सिंह मौके को भुनाने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट बाद, ऑस्ट्रेलिया को तीसरा और चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने मजबूती से बचाव किया। भारत ने 12वें मिनट में हरमनप्रीत के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान ने टीम के दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकीपर के बायीं ओर से जोरदार फ्लिक से गोल किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की।

मैच के 19नें मिनट में हेवर्ड ने टीम को पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद भारत के पास बढ़त बनाने का मौका था लेकिन राजकुमार पाल का रिवर्स हिट गोलपोस्ट से टकराकर दूर चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके कुछ समय के बाद छठा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने कमाल का बचाव किया। शुरुआती हाफ में मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन मध्यांतर के बाद ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया। भारत ने भी इस दौरान तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को माकूल जवाब दिया। आखिरी क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये इसमें से हेवर्ड ने दूसरे प्रयास को गोल को बदल की टीम को बढ़त दिला दी।

हेवर्ड के तेज प्रहार को कृष्ण बहादुर की जगह टीम में शामिल हुए करकेरा रोकने में विफल रहे। बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने और आक्रामक खेल शुरू किया। इस दौरान अगले छह मिनट में टीम ने तीन और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। वेल्च ने 54वें मिनट में गोल कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 3-1 कर दिया। भारत ने भी आखिरी चार मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम ने सभी मौकों को जाया कर दिया। श्रृंखला का आखिरी टेस्ट शनिवार को खेला जायेगा।

# अब हमारे लिए हर मैच सेमीफाइनल की तरह है, एसआरएच के खिलाफ हार पर बोले आरसीबी कोच एंडी फ्लावर



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सात मैच में अपनी टीम की छठी हार के बाद स्वीकार किया कि बचे हुए सात में से प्रत्येक मैच को अब सेमीफाइनल की तरह ही खेला जायेगा। आरसीबी को सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 25 रन से हार का सामना करना पड़ा।

फ्लावर ने 'आरसीबी गेम डे' पर कहा, यह निश्चित रूप से नॉकआउट का समय है और प्रत्येक मैच को हम अब सेमीफाइनल की तरह ही लेंगे। लेकिन हमें सोचना होगा कि हम मजबूत वापसी करें। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आरसीबी के दिशाहीन गेंदबाजों के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। फ्लावर ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम के लिए मुश्किल रात थी। उन्होंने कहा, मैदान पर यह वास्तव में मुश्किल रात रही क्योंकि उन्होंने इतनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 28 गेंद में 62 रन बनाये।

फ्लावर ने कहा, ''हमने क्रीज पर बल्ले से जिस तरह का जज्बा दिखाया, उस पर मुझे बहुत गर्व है। हमने मैच गंवा दिया लेकिन हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उस पर गर्व है। इंग्लैंड के पूर्व कोच ने कार्तिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ायी, उसे देखते हुए अगर इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारत की टी20 विश्व कप टीम में चुन लिया जाता है तो हैरानी की बात नहीं होगी।

उन्होंने कहा, दिनेश कार्तिक अपनी बल्लेबाजी से भारत की विश्व कप टीम के लिए खुद की दावेदारी पेश कर रहा है और मैदान पर बेहतर से बेहतर ही होता जा रहा है। आरसीबी अब 21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स पर कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

# आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए। अब उनका मुकाबला मंगोलिया के एनखबोल्ड एनखबाट से होगा। यश तुशिर (74 किग्रा)अपने रेपेचेज चरण में कजाकिस्तान के सिरबाज तलगट से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। संदीप सिंह मान (86 किग्रा) भी जल्दी बाहर हो गए। वह अपना क्वालीफिकेशन मुकाबला जापान के तात्सुया शिराई से 0-5 से हार गए।

विनय भी 92 किग्रा क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अनुभवी पहलवान अदिलेत देवलुम्बायेव से हारकर बाहर हो गए। अनिरुद्ध कुमार 125 किग्रा भार वर्ग में पाकिस्तान के जमान अनवर पर 3-0 से जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन क्वार्टर फाइनल में ईरान के अमीर हुसैन अब्बास जारे से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए। ईरान के पहलवान के फाइनल में पहुंचने के कारण अनिरुद्ध के लिए कांस्य पदक का दरवाजा खुल गया। अब वह बहरीन के शमील मैगोमेद ए शारिपोव के खिलाफ कांस्य के लिए भिड़ेंगे। भारत के लिए गुरुवार को उदित (57 किग्रा, रजत), अभिमन्यु (70 किग्रा, कांस्य) और विक्की (97 किग्रा, कांस्य) ने पदक जीते थे। पुरुषों की फ्री-स्टाइल प्रतियोगिता आज समाप्त होगी और महिलाओं के मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे।

# मोहन बागान ने पहला आईएसएल लीग शील्ड जीता, फाइनल में मुंबई सिटी को दी मात

बागान को पहली बार एएफसी चैम्पियंस लीग 2 में भी पहली बार जगह बना ली। इसके साथ ही लीग चरण के मुकाबले खत्म हो गए और अब 19 अप्रैल से छह टीमों का प्लेआफ होगा। शीर्ष दो टीमें मोहन बागान और मुंबई सिटी सीधे सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रही गोवा, ओडिशा, केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी नॉकआउट प्रारूप में एकल चरण के प्लेआफ खेलेंगी।

मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर पहली आईएसएल लीग शील्ड जीत ली। लिस्टन कोलासो ने 28वें और जैसन कमिंस ने 80वें मिनट में मोहन बागान के लिये गोल दागे। मुंबई सिटी एफसी के लिये एकमात्र गोल लालियांजुआला छांगटे ने 89वें मिनट में किया। यह दो बार की विजेता मुंबई पर मोहन बागान की पहली जीत थी।



इस जीत से बागान को पहली बार एएफसी चैम्पियंस लीग 2 में भी पहली बार जगह बना ली। इसके साथ ही लीग चरण के मुकाबले खत्म हो गए और अब 19 अप्रैल से छह टीमों का प्लेआफ होगा। शीर्ष दो टीमें मोहन बागान और मुंबई सिटी सीधे सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रही गोवा, ओडिशा, केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी नॉकआउट प्रारूप में एकल चरण के प्लेआफ खेलेंगी। आईएसएल फाइनल चार मई को होगा। मोहन बागान की हौसलाअफजाई के लिये आईपीएल की लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल भी मौजूद थे।

# रणवीर सिंह हनुमान के डायरेक्टर प्रशांत वर्मा के साथ काम करेंगे, इस थीम पर हो सकती है फिल्म

जब प्रशांत वर्मा ने खुलासा किया था कि वह हनुमान के सीक्वल, जय हनुमान के लिए एक बड़े स्टार का ऑडिशन ले रहे हैं, तो अफवाहें उड़ीं कि वह रणवीर सिंह के बारे में बात कर रहे थे। हालांकि, नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, जबकि रणवीर जय हनुमान का नेतृत्व नहीं करेंगे, वह एक बड़े बजट के मनोरंजन के लिए प्रशांत के साथ सहयोग करेंगे।

रणवीर सिंह प्रशांत वर्मा के काम के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और हनुमान की रिलीज़ के ठीक बाद उनसे मिले थे। जब उन्होंने हनुमान को देखा तो वह उन पर मोहित हो गये। डायरेक्टर पिछले 3 महीने से एक बड़े बजट की फिल्म के लिए एक्टर से बातचीत कर रहे हैं। वे कई बार मिल चुके हैं और चर्चा में बने रहते हैं। रणवीर इस विचार से संतुष्ट हैं और इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि यह एक बहुत ही



महत्वाकांक्षी परियोजना है। सैद्धांतिक रूप से फिल्म के लिए रणवीर की ओर से हां है और टीम अब काम शुरू करने के लिए अन्य तौर-तरीकों पर विचार कर रही है, जुड़े एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया।

सूत्र ने बताया कि, रणवीर जानते हैं कि ऐसी परियोजनाएं चुनौतीपूर्ण हैं, और उन्हें मजबूत निर्माताओं और स्टूडियो के समर्थन की आवश्यकता है। जबकि वह अवधारणा, स्क्रिप्ट पूर्व-दृश्यता और दृष्टि से प्रभावित हैं, वह सभी कारकों को कवर करने के बाद फिल्म की घोषणा करना चाहते हैं। वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि फिल्म को कितने बजट की जरूरत है और इसलिए वह सभी सौदों को पूरा करने के लिए प्रशांत के साथ काम कर रहे हैं। रणवीर और प्रशांत वर्मा मिलकर कई बड़े स्टूडियोज से बात कर रहे हैं। अगर बात बनी और सब प्लानिंग के मुताबिक रहता है, तो फिल्म की जल्द अनाउंस की जाएगी। वहीं रणवीर सिंह इस फिल्म के अलावा सिंघम अगेन और डॉन 3 में नजर आएंगे।

इस बीच रणवीर सिंह जल्द ही दीपिका पादुकोण के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दोनों ने इस साल फरवरी में अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी जब दीपिका ने एक मनमोहक पोस्टर साझा किया था जिस पर सितंबर 2024 लिखा था। पोस्टर में बॉर्डर के रूप में बच्चों के कपड़े, खिलौने और गुब्बारे भी थे। दीपिका और रणवीर की शादी को अब पांच साल से ज्यादा हो गए हैं।

# किसी पॉलिटिकल पार्टी को प्रमोट नहीं कर रहे आमिर खान, वायरल वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर, कहा ये फर्जी है पूरी तरह

अभिनेता का एक फर्जी राजनीतिक विज्ञापन वीडियो वायरल होने के बाद आमिर खान की टीम ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी किया। वायरल वीडियो में वह आगामी लोकसभा चुनाव से पहले एक खास राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते नजर आ रहे हैं। आमिर खान के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि श्री आमिर खान ने अपने 35 साल के करियर में कभी भी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है। उन्होंने पिछले कई चुनावों में चुनाव आयोग के जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों को समर्पित किया है।

फर्जी वीडियो के पीछे के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर बयान में कहा गया, हम हालिया वायरल वीडियो से चिंतित हैं जिसमें आरोप लगाया गया है कि आमिर खान एक विशेष राजनीतिक दल को बढ़ावा दे रहे हैं। वह स्पष्ट करना चाहेंगे कि यह एक फर्जी वीडियो है और पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने इस मुद्दे से संबंधित विभिन्न अधिकारियों को मामले की सूचना दी है, जिसमें मुंबई पुलिस के साइबर अपराध सेल में एफआईआर दर्ज करना भी शामिल है। खान सभी



भारतीयों से आग्रह करना चाहेंगे कि वे बाहर आएं और मतदान करें और हमारी चुनावी प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बनें।

मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज के बाद हाल ही में आमिर खान की बेटी इरा खान और नुपुर शिखारे की शादी उदयपुर में हुई। इस बीच, काम के मोर्चे पर, आमिर आखिरी बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे। इसके अलावा आमिर खान काजोल की फिल्म सलाम वेंकी में कैमियो रोल में नजर आए थे।

पिछले साल, आमिर ने घोषणा की थी कि वह सनी देओल को मुख्य भूमिका में लेकर एक प्रोजेक्ट का निर्माण करेंगे। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे। इसके अलावा वह सितारे जमीन पर में नजर आने वाले हैं। फिल्म में दर्शील सफारी और जेनेलिया डिसूजा देशमुख भी होंगे।

# करीना कपूर खान, जॉन अब्राहम सहित इन सितारों ने देखा आईपीएल मैच, नेहा धूपिया ने साझा की हाइलाइट



नेहा धूपिया, जिन्होंने स्टेडियम से सीएसके बनाम एमआई आईपीएल मैच को लाइव देखा, ने इसकी एक झलक साझा की कि यह कैसा था। उनके साथ उनके पति अंगद बेदी के अलावा करीना कपूर खान और जॉन अब्राहम भी थे। यह दिलचस्प है, खासकर तब जब इंडस्ट्री में कई लोगों का मानना था कि करीना और जॉन के बीच कोल्ड वॉर था।

सीएसके और एमआई के बीच इस रोमांचक मैच को देखने के दौरान नेहा धूपिया ने स्टैंड से कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, पिछली शाम की मेरी अपनी सहाइलाइट्स! खेल से प्यार है... ऊर्जा से प्यार है... हमारे सक्रू से प्यार है। धूपिया को भी जोर-जोर से जयकार करते देखा जा सकता है और वह मुश्किल से शांत रह पाती हैं। उन्होंने मैच की एक झलक भी साझा की और यह सब करीना कपूर के बारे में है। गौर करने वाली बात यह है कि करीना कपूर खान और जॉन अब्राहम को एक दिन एक साथ कैसे देखा जा सकता है। कॉफ़ी विद करण के शुरुआती सीज़न में से एक में, उन्होंने अब्राहम के भावों को लकड़ी कहा था। ऐसा माना जाता था कि करीना कपूर और बिपाशा बसु के बीच कोल्ड वॉर चल रही थी। कई लोगों ने भी इस पर ध्यान दिया और इसके बारे में टिप्पणी की-करीना कपूर खान हाल ही में कृति सेनन और तब्बू के साथ क्रू में नजर आई थीं।

# इस मराठी फिल्म में विद्या बालन ने किया था काम? मराठी सिनेमा में दोबारा काम को लेकर एट्रेस ने दिया ऐसा जवाब

विद्या बालन की फिल्में- एक प्रयोगात्मक अभिनेत्री के रूप में जानी जाने वाली विद्या बालन अपने काम के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। उनके चयनात्मक कार्य के कारण दर्शक उनके प्रत्येक कार्य को लेकर उत्सुक रहते हैं। वे उनकी आने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर भी उत्सुक हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने खास बातचीत की।

अभिनेत्री विद्या बालन को हमेशा से ही आकर्षक काम करने का शौक रहा है। वह बहुत सोच-समझकर भूमिकाएं और काम चुनती हैं। यही कारण है कि दर्शक उनकी हर कलाकृति को लेकर उत्सुक रहते हैं। दो और दो प्यार उनकी आने वाली फिल्म है। शीर्षक से ही दर्शकों में फिल्म के विषय को लेकर उत्सुकता है। ये टाइटल खुद विद्या बालन ने दिया है।

फिल्म का नाम क्या होना चाहिए, इस पर चर्चा करते हुए मुझे यह नाम सूझा। इसलिए मुझे खुशी है कि मेरे द्वारा सुझाया गया नाम



फिल्म को दिया गया है। फिल्म दो और दो प्यार अमेरिकी फिल्म द लवर्स पर आधारित है। हॉलीवुड फिल्मों पर आधारित हिंदी फिल्में बनाने का चलन नया नहीं है। विद्या ने कहा, फिल्म निर्माता एक ऐसी फिल्म बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो अंग्रेजी कोड के मूल को बनाए रखते हुए भारतीय दर्शकों को पसंद आए। अब तक कई हॉलीवुड फिल्मों का हिंदी में रूपांतरण हो चुका है। वे फिल्में दर्शकों के बीच लोकप्रिय भी हुई हैं।

फिल्मों के साथ-साथ विद्या की सोशल मीडिया रील्स भी फैन्स को काफी पसंद आती हैं। हर किसी ने उनके हास्य के समय का अनुभव किया है। खासकर अलग-अलग भाषाओं में उनकी रील्स लोकप्रिय हैं. इसमें वह मराठी में भी रील बनाती हैं. विद्या ने इससे पहले मराठी फिल्म एक अलबेला में काम किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी मराठी रील देखने के बाद दोबारा किसी मराठी फिल्म या नाटक में नजर आएंगी, तो उन्होंने कहा, नाटक में काम करना चुनौतीपूर्ण है। किसी नाटक पर काम करते समय, अक्सर रीटेक की आवश्यकता होती है। जो संभव नहीं है। लेकिन मैं दोबारा मराठी फिल्म में काम करने के लिए उत्सुक हूं। इतना ही नहीं, मैं अपने किरदार को किसी और द्वारा आवाज देने के बजाय खुद मराठी में संवाद बोलना पसंद करूंगा।

# अजय देवगन की फिल्म मैदान की कमाई में 5वें दिन भारी गिरावट



अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म मैदान बॉक्स ऑफिस पर कड़ी मेहनत कर रही है। स्पोर्ट्स बायोग्राफिकल फिल्म सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। Sacnilk.com के अनुसार, मैदान ने पांचवें दिन सिर्फ 1.5 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे कुल कलेक्शन 23.5 करोड़ रुपये हो गया। मैदान को बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से कड़ी टक्कर मिल रही है।

अजय देवगन अभिनीत फिल्म की समीक्षा हमारा देश शुरुआती समय से ही क्रिकेट और हॉकी के लिए जाना जाता है, हालांकि एक समय ऐसा भी आया जब भारतीय फुटबॉल को एशिया का ब्राजील कहा जाता था। यह सैयद अब्दुल रहीम और उनकी टीम की वजह से ही संभव हो सका। मैदान एक आदमी की अमर भावना और मौत से उसके विद्रोह के बारे में एक फिल्म है। फिल्म कहीं-कहीं थोड़ी खिंची हुई लग सकती है। कुछ लोगों के लिए बंगाली उपयोग विदेशी हो सकता है। अजय देवगन का हैदराबादी लहजा सिर्फ मियां कहने तक ही सीमित है। सिगरेट भी बहुत ज्यादा है। यह देखते हुए कि फिल्म निर्माता रहीम की हालत का कारण दिखाना चाहते थे, लेकिन फुटबॉल फेडरेशन के दृश्यों से लेकर हैदराबाद हाउस के दृश्यों तक, कई स्थानों पर धूम्रपान को आसानी से काटा जा सकता था। तमाम खामियों के बावजूद मैदान भारत में बनी बेहतरीन खेल फिल्मों में से एक है।

# चुनाव आयोग ने कहा- सभी दलों के साथ हो रहा समान व्यवहार, एक महीने की कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की

**खिलाफ**

**आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है।**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है। आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन में रखेगा। इसका मकसद समय-समय पर कुछ क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों और आक्षेपों को संबोधित करना है। आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान 07 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की। राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर भी कई प्रतिनिधिमंडल मिले। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगभग 200 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गयी है। शिकायतों में से भाजपा से प्राप्त कुल शिकायतें 51 थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई है। कांग्रेस की ओर से 59 शिकायतें थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य पक्षों से प्राप्त शिकायतें 90 थीं, जिनमें से 80 मामलों में कार्रवाई की गई है।इसके अलावा आयोग ने हाल ही में उसकी ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों, नेताओं और अफसरों पर की गई कार्रवाई और सरकारों तथा विभागों को दिए गए निर्देशों में से कुछ चुनिंदा की जानकारी साझा की है।आयोग के अनुसार नागरिकों के लिए बने पोर्टल सी विजिल पर कुल 2,68,080 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 2,67,762 मामलों में कार्रवाई की गई और 92 प्रतिशत मामलों का समाधान औसतन 100 मिनट से भी कम समय में किया गया।

## कांग्रेस ने लोकसभा के लिए झारखंड से तीन उम्मीदवारों की सूची की जारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड से 3 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। यह सूची कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने मंगलवार को जारी की। इसके तहत गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह, चतरा से कृष्णा नंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह चुनाव लड़ेंगी।

# परिवारवादी पार्टियों ने रोका जम्मू एवं कश्मीर का विकास: अनुराग ठाकुर

**भावना**

**मोदी ने सबका साथ, सबका विकास की भावना से काम किया है।**



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर का विकास रोक कर रखा था जबकि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के विकास को नए पंख लगाने का काम किया है। जम्मू एवं कश्मीर में चुनावों को लेकर अपार उत्साह है। देश भर की तरह यहां भी कमल खिलेगा, क्योंकि इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले हैं और हम जोड़ने वाले हैं।अनुराग ठाकुर मंगलवार को अपने चुनावी कार्यक्रमों के मद्देनजर जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में परेड ग्राउंड व गुलाबगढ़ स्टेडियम में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा की किश्तवाड़ और उधमपुर को पूरे देश में सबसे पहले वोट देने का मौका मिल रहा है और यहां के लोगों का उत्साह बता रहा है कि यहां से कमल खिलना तय है। उन्होंने कहा कि आज अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर पूरी तौर पर भारत के साथ जुड़कर आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष 2 करोड़ 10 लाख से ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर आए। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 3 करोड़ पार कर जाएगा। जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला द्वारा भारतीय जनता पार्टी को मुस्लिम विरोधी पार्टी बताए जाने को तथ्यविहीन बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन परिवारवादी पार्टियों का काम सिर्फ झूठ, भ्रम और भ्रष्टाचार फैलाना है। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास की भावना से काम किया है। जम्मू कश्मीर में गुर्जर-बकरवाल समुदाय का जो हक़ कांग्रेस ने 70 सालों से नहीं दिया, उसे मोदी ने देने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया है। अनुराग ठाकुर ने आगे लोगों से कहा कि आप तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ, हम देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे। कांग्रेस के समय हमारा रक्षा बजट 3 लाख 70 हजार करोड़ था, आज 6 लाख 8 हजार करोड़ है।

# उल्फा-स्वा ने ली असम राइफल्स के वाहनों पर हमले की जिम्मेदारी

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा-स्वा ने तिनसुकिया के नामधांग में मार्घेरिटा-चांगलांग रोड पर असम राइफल्स के वाहनों पर हमले की जिम्मेवारी ली है। यह हमला मंगलवार की सुबह करीब 8~30 बजे उस समय हुआ था, जब तीन वाहन असम राइफल्स के गश्ती दलों को लेकर जा रहे थे।असम राइफल्स के अनुसार यह हमला घात लगा कर बैठे अज्ञात बंदूकधारियों ने उस समय किया, जब असम राइफल्स के तीन वाहन गुजर रहे थे। सुरक्षा बलों ने त्वरित जवाबी कार्रवाई करके हमले को विफल कर दिया। हालांकि, इस हमले में असम राइफल्स का एक जवान घायल हो गया, जिसे जोरहाट सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सैनिक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उल्फा-स्वा के स्वयंभू कप्तान रुमल असम ने दावा किया है कि यह हमला उल्फा-स्वा ने किया है, जिसमें कई सैनिक मारे गए। इस दौरान कई सैनिक घायल हो गए, जिन्हें हवाई मार्ग से वहां से ले जाया गया। उल्फा ने दावा किया कि सही नुकसान की जानकारी नहीं हो सके, इसलिए मीडिया को घटनास्थल पर नहीं जाने दिया गया।



# विधि-विधान से आचार्य बने समय सागर महाराज, लाखों लोगों की मौजूदगी में पदारोहण

**दमोह (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में स्थित कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र में मंगलवार को समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के उत्तराधिकारी के तौर पर मुनि समय सागर महाराज ने विधि-विधान से आचार्य पद स्वीकार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समय सागर महाराज को आसन तक लेकर पहुंचे। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हुई। इस पल के लाखों लोग साक्षी बने। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस दौरान मौजूद रहे।कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण का कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर एक बजे शुरू हुआ। मुनि संघ उन्हें अपने साथ लेकर पहुंचा। सोने-चांदी के कलश से उनके चरण धुलवाए गए। कार्यक्रम का संचालन नियम सागर महाराज, प्रणाम सागर महाराज और अन्य मुनियों ने किया। समय सागर महाराज को सबसे ऊंचे आसन पर बिठाया गया। चौक पूरने के बाद आचार्यश्री का आसन रखा गया। इसके बाद मुनि संघ ने समय सागर महाराज से पद स्वीकार करने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। आचार्य पद ग्रहण करने की विधि शुरू हुई तो नियम सागर महाराज ने सभी से आचार्य समय सागर महाराज की वंदना करने को कहा। मांगलिक क्रिया में सबसे पहले कलश स्थापना की गई। इसके बाद आचार्य पद ग्रहण करने की विधि शुरू हुई। एक के बाद एक पांच स्वर्ण कलश स्थापित किए गए।




समय सागर महाराज के आसन पर विराजमान होने और आचार्य पद स्वीकार करने के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, दमोह विधायक जयंत मलैया सहित अन्य लोगों ने आचार्यश्री को श्रीफल भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी निर्धारित समय से करीब एक घंटे बाद कुंडलपुर पहुंचे। उन्होंने आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस नजारे को देखने के लिए पूरे देशभर से लाखों लोग कुंडलपुर पहुंचे थे।

कार्यक्रम में शामिल होने आए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कुंडलपुर पहुंच कर सबसे पहले बड़े बाबा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने आचार्य समय सागर महाराज सहित अन्य मुनियों का आशीर्वाद लिया। मंच पर पहुंच कर कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन किया। इसके बाद सरसंघचालक ने आचार्यश्री से पहली मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज से मेरा परिचय पहली बार जबलपुर के नर्मदा घाट पर हुआ था। पहली बार उनसे मिलने पहुंचा था।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की चुनाव आयोग से वाईएसआरसीपी की शिकायत



**नई दिल्ली।(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की शिकायत की। मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, ओम पाठक, डॉ. संजय मयूख और जीवीएल नरसिम्हा राव सहित भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर वाईएसआरसीपी पर अधिकारियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने आरोप लगाया कि आंध्रप्रदेश में लोकसभा चुनाव में वाईएस जगनमोहन रेड्डी को राज्य के अधिकारी खुले आम मदद कर रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक पर दवाब बना रहे हैं। पुलिस प्रशासन जगनमोहन रेड्डी के साथ है और विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में वहां एनडीए सरकार बनाएगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें भी जीतेंगे।

## मैंने लड़ाई क्यों नहीं की? सलमान रुश्दी ने अपनी किताब 'नाइफ' में किया 2022 में हुई भयावह घटना का जिक्र

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपने नए संस्मरण नाइफ़ में 2022 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक घातक छुरा घोंपने की घटना का जिक्र किया है, जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। उस दौरान उनका इलाज कैसे हुआ था इसकी जानकारी इस किताब में दी गई है। बता दें कि सलमान रुश्दी की ये किताब स्टोर्स में आज उपलब्ध कर दी गई है। भारतीय मूल के लेखक, न्यूयॉर्क में रहने वाले मूल अमेरिकी, को तब से जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जब उनके 1988 के उपन्यास ÷द सेटेनिक वर्सेज÷ को ईरान के सर्वोच्च नेता ने ईशनिंदा घोषित कर दिया था, जिससे रुश्दी मुक्त भाषण का वैश्विक प्रतीक बन गए।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

**बेंगलुरु।** ग्राहक-सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने




आज इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन, 10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) पेट्रोल रूपांतर की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं-

रीएनर्जाइज्ड एक्सटीरियर - फ्रंट एलईडी फॉग लैंप, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, रियर डिफॉगर

बेहतर आराम चेस्टनट थीम वाले इंटीरियर, डैशबोर्ड और डोर पैनल में सॉफ्ट टच सामग्री, मिड-ग्रेड फैब्रिक सीटें और रियर सनशेड

परिष्कृत सुविधा ऑटो एसी, 10.1 इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले, पैनोरमिक व्यू मॉनिटर

जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर - वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में, हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो।

# नेपाल में चीनी गिरोह ने की एक साल के भीतर तीन हजार किलो सोने की तस्करी

**काठमांडू(हि.स.)।** केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने गृह मंत्रालय को भेजी जांच रिपोर्ट

**संरक्षण**

**जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजनीतिक और सरकारी संरक्षण मिलने के कारण चीनी तस्कर गिरोह यह काम करता आया है और अभी भी जारी है।**

में खुलासा किया है कि नेपाल में सक्रिय चीनी तस्कर समूह ने एक साल के भीतर करीब तीन हजार किलो सोने की तस्करी की है। सोने की तस्करी मामले में सबसे अधिक माओवादी नेताओं के शामिल होने की बात कही गई है। नेपाल में पकड़ी गई सोने की बड़ी खेप के बाद सीआईबी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। करीब 6 महीने की जांच के बाद सीआईबी को पता लगा कि पिछले 12 महीने में नेपाल के रास्ते 2931 किलो सोने की तस्करी की गई है। इस जांच समिति का नेतृत्व कर रहे सीआईबी के एसएसपी दिनेश आचार्य ने बताया कि नेपाल में 90 प्रतिशत सोने की तस्करी चीनी गिरोह द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि सोने की तस्करी के लिए चीनी गिरोह ब्रेक शू, शेविंग मशीन, वाटर पम्प, स्मार्ट वाच, ई-सिगार सहित कई इलेक्ट्रानिक सामानों में सोना छिपाकर लाने का खुलासा हुआ है। नेपाल में एक क्विंटल सोना पकड़े जाने के बाद हुई जांच में इस काम में चीनी गिरोह के सक्रिय होने और देश के बड़े नेताओं और मंत्रियों तक के शामिल होने की बात सामने आई थी। जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजनीतिक और सरकारी संरक्षण मिलने के कारण चीनी तस्कर गिरोह यह काम करता आया है और अभी भी जारी है। अब तक इस मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे, पूर्व स्पीकर, उनके बेटे, कुछ मंत्रियों की ओर से चीनी गिरोह को संरक्षण देने और तस्करी में सीधे शामिल होने की बात कही गई है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिनमें पूर्व स्पीकर से लेकर पूर्व मंत्री तक शामिल है।



# पाकिस्तान पुलिस का दावा, सरबजीत का हत्यारा तांबा है जिंदा

**लाहौर (हि.स.)।** पाकिस्तान की जेल में कई झूठे आरोपों में सजा पाए भारतीय मूल के सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने का आरोपित आमिर सरफराज तांबा अभी जिंदा है, यह दावा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने किया है। ज्ञात रहे कि सरबजीत सिंह की 2013 में पाकिस्तान के जेल में हत्या करने का आरोपित तांबा है, जिसकी एक दिन पहले अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या करने की सूचना सामने आई थी।

हालांकि इस नाटकीय घटना क्रम के बीच पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि वह अब भी जिंदा है। जबकि एक दिन पहले सामने आई सूचना में पता चला था कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) 'ऑपरेशंस' सैयद अली रजा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, सोमवार को एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने इस मामले को 'संवेदनशील' बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

दिलचस्प बात यह है कि एसएसपी रजा ने यह नहीं बताया कि अगर तांबा जीवित है तो उसे 'चिकित्सा उपचार' के लिए कहां स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। मंत्री होने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, अतीत में यहां कुछ हत्या की घटनाओं में भारत सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और इस स्तर पर इस (तांबा) मामले में भारत की संलिप्तता के बारे में कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उन्हें भारत की संलिप्तता का संदेह है। यहां पैटर्न के लिहाज से एक समारूपता है।

पुराना लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके सनंत नगर में रविवार दोपहर को दो बंदूकधारियों ने तांबा की उसके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी। तांबा के खून से लथपथ शव की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

## ईरान की मिसाइलों को आईडीएफ ने हवा में यूं किया तबाह

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले इजरायल ने ईरान पर मिसाइलों से हवाई हमले किए। इजरायल ने दावा किया कि ईरान की ओर से 170 ड्रोन, 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें और 120 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। हालांकि, उनमे से 99 प्रतिशत हमलों को रोक दिया गया था।

इजरायल डिफेंस फोर्स ने कुछ वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए हैं, जिसमें देखा जा सकता है इजरायल की ताकतवर डिफेंस सिस्टम की वजह से ईरान की ओर से दागे गई मिसाइलों को हवा में नष्ट किया जा रहा है। इजरायल का रक्षा कवच कहे जाने वाले आयरन डोम ने हवा में इन मिसाइलों को नष्ट किया है। हालांकि, कुछ मिसाइलों को एयर डोम ट्रेस नहीं कर सका, जो इजरायल के नेवातिम एयरबेस के आसपास टकरा गई। आईडीएफ ने पोस्ट में लिखा,÷99 प्रतिशत अवरोधन दर इस तरह दिखती है। इजरायल के एयर डिफेंस ने अधिकांश ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को एरो एरियल डिफेंस सिस्टम की मदद से इजरायली क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही मार गिराया। आइए जानते हैं कि आखिर इजरायल की वो ताकत क्या है, जिसकी मदद से उसने एक बार फिर मध्य पूर्व के आसमान में अपनी बादशाहत कायम की है। इजरायल ने एरो 2 के बाद उन्नत श्रेणी के एरो 3 को भी शामिल किया है। इसका काम हवा में लंबी दूरी के लक्ष्य को नष्ट करना है। इसका रॉकेट मैक 9 (लगभग 11,000 किमी प्रतिघंटा) की रफ्तार से दुश्मन की मिसाइल को नष्ट कर सकता है। डिफेंस सिस्टम में मिसाइल लॉन्चर, ग्रीन पाइन फायर कंट्रोल और एक सिट्रान ट्री बैटल मैनेजमेंट सिस्टम शामिल है। ग्रीन पाइन रडार 2,400 वि लंबी दूरी तक लक्ष्य का पता लगाने और एक साथ 14 लक्ष्यों रोकने में सक्षम है। रडार 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को निशाना बना सकता है।इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली कई स्तरों पर काम करती है। एरो डिफेंस सिस्टम इसके सबसे ऊपरी स्तर पर काम करता है, जिसे इजरायल की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी मिसाइल रक्षा एजेंसी के साथ मिलकर तैयार किया है।

## भारत ने अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए हैं कई कदम

**वाशिंगटन।** शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने कांग्रेस को बताया कि 2023 में भारत ने खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया क्योंकि उसने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा दिखाई और अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी मूल-उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए।

रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस की टिप्पणी चीन का मुकाबला करने वाली रक्षा खुफिया पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान आई।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को खुफिया और विशेष अभियानों पर उपसमिति से कहा, पिछले वर्ष के दौरान, भारत ने समूह 20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया है और पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चीन) पूरे भारत-प्रशांत क्षेत्र में गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा, भारत ने प्रशिक्षण, रक्षा बिक्री और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के



साथ सहयोग को गहरा करने के माध्यम से फिलीपींस जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ इंडो-पैसिफिक में उन्नत साझेदारी की है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। क्रूस ने कहा, 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी मूल के उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने अपने पहले घरेलू स्तर पर निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है। क्रूस ने कहा, रूस भारत का सबसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बना हुआ है। अपनी रक्षा अधिग्रहण साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद भारत मास्को से एस-400 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली जैसे हथियार हासिल करना जारी रखे हुए है। उन्होंने सांसदों से कहा, 2024 में, भारत शायद अपने राष्ट्रीय संसदीय चुनावों को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयास के हिस्से के रूप में %मेक इन इंडिया पहल पर ध्यान केंद्रित करेगी - जिसका उद्देश्य बीजिंग का मुकाबला करना है।

# चुनाव के लिये रवाना हुआ पुलिस बल

**मतदान ड्यूटी के लिए पुलिस कमिश्नर ने दूसरे जिलों में भेजी फोर्स, कहा चुनाव आयोग के निर्देश का पालन हो**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में भी इसे लेकर तैयारी जोरों पर हैं। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने आज मगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में ड्यूटी में लगे पुलिस बल को दूसरे जिलों के लिए रवाना किया।

पुलिस बल को रवाना करने से पहले सीपी ने ब्रीफिंग कर सकुशल चुनाव कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण अपनी-अपनी निर्धारित बसों में टोलीवार बैठकर यात्रा करेंगे। दौरान यात्रा, चुनाव ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाएं रखें। सीपी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स का हर हाल में पालन करेंगे। प्रथम चरण की ड्यूटी पूर्ण करने के उपरान्त दूसरे दिन रवाना होकर अगले चरण की ड्यूटी में संबंधित जनपद पहुंचकर अपने आगमन की सूचना अंकित कराएंगे। जनपद में उपस्थित रहकर, शांति एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी भी संपादित करेंगे। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अपने नियुक्ति जनपद वापस नही आएगा न ही अनुपस्थित होगा। सभी अपने-अपने शस्त्र एवं



एम्यूनेशन की सुरक्षा के प्रति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने कहा कि दौरान यात्रा या चुनाव ड्यूटी उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन करेंगे तथा प्रथम चरण की ड्यूटी पूर्ण करने के उपरान्त दूसरे दिन रवाना होकर अगले चरण की ड्यूटी में सम्बन्धित जनपद पहुँचकर अपने आगमन की सूचना अंकित करायेंगे तथा जनपद में उपस्थित रहकर, जनपद की शांति एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी भी संपादित करेंगे। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने नियुक्ति जनपद वापस नही आयेगा और न ही अनुपस्थित होगा। सभी अपने-अपने शस्त्र एवं एम्यूनेशन की सुरक्षा के प्रति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

पुलिस बल के प्रस्थान के समय फर्स्टएेड किट, ओआरएस पैकेट, मॉस्किटो अगरबत्ती, लंच पैकेट व पानी की बोतल टोलीवार संख्या के अनुरुप प्रदान की गयी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि यात्रा के समय किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अपने पार्टी प्रभारी को अवगत करायेंगे। समस्या निदान न होने पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं नोडल चुनाव अधिकारी तथा चुनाव सेल प्रभारी को अवगत करायेंगे। ब्रीफिंग में पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राशन दुकानों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान को लेकर वोटरों को जागरूक करने की मुहिम को जिला प्रशासन लगातार आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। शहरों और गांव-गांव में मतदाताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए सभी राशन की दुकान पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए जिला खाद्य एवं रसद विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशन की दुकानो पर बड़ी संख्या में लोग राशन लेने आतें है, आने वाले उपभोक्ताओं को निष्पक्ष शत-प्रतिशत मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है और साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को शाप नम्बर 70 मियांपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने किया। उन्होंने मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किया तथा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने कहा कि हर व्यक्ति को आभास होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती एवं स्वस्थ जनतंत्र में मतदान का बहुत महत्व है। सभी मतदाताओं का कर्तव्य है कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिले का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहने पाए। उन्होने बताया कि जनपद में शासकीय उचित मूल्य दर की 2081 दुकानें हैं, सभी कोटेदारों को निर्देशित किया गया है कि अपने दुकान पर मतदाता जागरूकता बैनर लगाए तथा राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों को प्रेरित करते हुए निर्वाचन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जाए, इस दौरान राशन लेने आये नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाये। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग सभी वोटर अपना वोट अवश्य करें, उन्होंने लोगों से अपील किया कि आपके परिवार के अन्य वोटर जो दूसरे शहरों में रह रहे हैं उन्हें 25 मई को मतदान करने के लिए ज़रुर बुलाये।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: अगले सप्ताह घोषित हो सकता है परिणाम

**रिजल्ट घोषित करने की तैयारियां अंतिम दौर में**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम तैयार किए जाने की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल के निर्देश पर क्षेत्रीय अपर सचिवों ने मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों को दिए गए अंकों का मिलान करा लिया है।

अब परीक्षाफल को अंतिम रूप देने में बोर्ड के अधिकारी जुटे हुए हैं। बोर्ड पिछले वर्ष 25 अप्रैल को घोषित किए गए परीक्षाफल से पहले इस बार परिणाम घोषित करने की तैयारी में हैं। तेजी से तैयारी को देखते हुए माना जा रहा है कि अगले सप्ताह की शुरुआत में परीक्षाफल घोषित किया जा सकता है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच 12 कार्यदिवस में संपन्न कराकर बोर्ड सचिव ने उतने ही कार्यदिवस में 16 से 30 मार्च के मध्य मूल्यांकन पूर्ण कराया। मूल्यांकन कार्य निर्धारित तिथि 31 मार्च से एक दिन पहले पूर्ण कराकर बोर्ड ने पिछले वर्ष से भी पहले इस बार परीक्षाफल घोषित किए जाने के संकेत दे दिए हैं। मूल्यांकन कार्य प्रदेश के 259 मूल्यांकन केंद्रों पर संपन्न कराया गया। मूल्यांकन के आधार पर परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं पर दिए गए अंकों का मिलान अवार्ड ब्लैंक से करा लिया गया है। इस तरह परीक्षाफल घोषित करने के पहले सभी परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में पहुंचा दी गई हैं, ताकि परीक्षाफल घोषित किए जाने के बाद स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थी आवेदन कर सकें और कापियों में पर दिए गए अंकों का परीक्षण किया जा सके। वर्ष 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 55,25,308 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 51,99,308 सम्मिलित हुए।

## पंडित त्रिपुरारी मिश्रा के निधन पर शोक संवेदना देने पहुची संगीता आजाद

**आजमगढ़।** आज डॉ संतोष कुमार मिश्रा राजा साहब चेयरमैन एमएसडी ग्रुप ऑफ कॉलेज के पिता पंडित त्रिपुरारी मिश्रा महाराज के स्वर्गवासी होने के आठवे दिन भी शोक संवेदना देने वाले लोगों का आना जाना जारी रहा, आने वाले व्यक्तियों में आजाद अरीमर्दन , (पूर्व विधायक), संगीता आजाद( सांसद लालगंज) अशोक कुमार( महा प्रधान) सुशील कुमार सिंह (पूर्व प्रत्याशी सदर आजमगढ़), अभिषेक सिंह निक्की (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष), अमित चौरसिया (जिलाध्यक्ष अपना दल लालगंज) रविशंकर राय मोनू, रविशंकर पांडे (पत्रकार), आलोक चौबे (एडवोकेट), चंद्रभान चौबे, राम नयन चौबे, कमलेश तिवारी व अन्य लोग उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# तीन सौ किताबों के लेखक अल्लामा ज़ीशान हैदर को किया याद

**जव्वादी की बरसी पर पेश कि गई खेराजे अकीदत**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के बड़े और ख्याति प्राप्त अज़ीमुश्शान मज़हबी रहनुमा अल्लामा ज़ीशान हैदर जव्वादी की चौबीसवीं बरसी पर शहर के मुख्तलिफ तन्ज़ीमों व अदारों के साथ ओलमा ने खेराजे अक़िदत पेश की। मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार में खानवादा ए अल्लामा जव्वादी की ओर से बरसी की मजलिस में उनके क़ायम किए गए मदरसे जामिया अनवारुल उलूम के उस्ताद छात्र व बड़ी संख्या में ओलमा ने शिरकत की। हुज्जतुल इस्लाम मौलाना कमाल अहमद खां साहब क़िब्ला ने मजलिस को खेताब करते



हुए उनकी ख़िदमात ए ख़ल्क़ व उनके द्वारा लिखी गई तीन सौ किताबों का हवाला देते हुए तफसीली तक़रीर की। मजलिस का आग़ाज़ मौलाना मोहम्मद ताहिर की तिलावत ए कलाम ए पाक से हुआ। कई शायरों ने ताज़ियती नज़्म भी पेश किए।

उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार अल्लामा ज़ीशान हैदर जव्वादी का निधन सन दो हज़ार में आबूधाबी में रोज़े आशूरा यानि दस मोहर्रम को शहादत ए इमाम हुसैन पर शामें ग़रीबां की मजलिस पढ़ने के उपरान्त ह्रदयाघात से हुआ था। उनका जनाज़ा प्रयागराज लाया गया था और दरियाबाद क़ब्रिस्तान में उनको सुपुर्द ए खाक किया गया था। उनके निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके निधन को देश के अमन पसन्द लोगों के लिए बड़ी क्षति बताया था। मजलिस में अल्लामा जवादी की शरीके हयात (पत्नी) ज़मीर फात्मा व छोटे बेटे मौलाना एहसान हैदर जव्वादी के लिए भी मग़फीरत की दुआ की गई जो अब इस दुनिया से रुखसत हो चुके हैं।

इस मौक़े पर मौलाना रज़ी हैदर, मौलाना मोहम्मद अली गौहर, डॉ रिज़वान हैदर रिज़वी मौलाना शहरयार हुसैन, मौलाना मोहम्मद अब्बास, मौलाना कल्बे अब्बास, मौलाना आमिरुर रिज़वी, मौलाना अख्तर हुसैन, मौलाना अम्मार ज़ैदी, मौलाना ज़रग़ाम हैदर, मौलाना आज़म मेरठी, फरीद रज़ा, फरमान रज़ा, मक़सूद रिज़वी, ज़ुलक़रनैन आब्दी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शाहरुख काज़ी, ज़ुल्फ़ेकार हैदर आदि शामिल रहे।

# मतदाता जागरूकता हेतु निकाली बाईक रैली

**मण्डलायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के प्रत्येक मतदाता को 25 मई को घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए कहा**

**मंडलायुक्त ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीप व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव के साथ मंगलवार को केपी इण्टर कालेज ग्राउण्ड में लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से लगभग 3000 से अधिक मोटर साईकिल स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण कतारबद्ध ढंग से खड़े होकर एवं अपने-अपने वाहनों में मतदाता जागरूकता सम्बंधी स्टीकर लगाकर लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक लोगो को मतदान किए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह मोटर साईकिल/स्कूटी रैली शहर के विभिन्न हिस्सों में होते हुए पुनः के0पी ग्राउण्ड में समाप्त हुई। कार्यक्रम में साई बंधुओं के द्वारा ''आओ मतदान करें हम'' व सेंट एंथोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता



सम्बंधी गीत एवं राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज की क्षात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि मैं चन्द्रशेखर आजाद की धरती पर आप सभी जोश से भरे हुए प्रयागराजवासियों का स्वागत करता हूं। इस गर्म मौसम में आने वाला यह 25 मई का दिन आपके लिए परीक्षा का दिन है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि रैली के माध्यम से आप सभी जनपद वासियों को मतदान हेतु जागरूक, प्रेरित व प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल, 2024 को जो भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए है और उन्होंने अभी तक अपना मतदाता सूची में पंजीकरण नहीं कराया है, वे सभी लोग 26 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करा सकते है। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भदाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त - नगर निगम, सह जिविनि एलबी मौर्य, डॉ0 बी0एस0 यादव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आर के ग्लोबल स्कूल का किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** शिक्षा क्षेत्र सठियांव अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय पर सोमवार को आर के ग्रुप इन्स्टीच्यूट के तत्वावधान में सोमवार सी बी एस सी पैटर्न की न ई शाखा आर के ग्लोबल स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन ग्रुप के संस्थापक डाक्टर प्रेमप्रकाश यादव एवं डाक्टर शशि कला यादव व निदेशक डॉक्टर विशाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक डाक्टर प्रेमप्रकाश यादव ने कहा कि इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नयी शिक्षा पद्धति से जोड़ना है। शिक्षा की अलख जगा कर बच्चों




को विकास कर उनमें देशभक्ति की भावना जगाना और अच्छा नागरिक बनाना है।वहीं बच्चों ने रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्रा ओं ने -भर दो झोली मेरी या मोहम्मद। कौव्वाली पेश कर श्रोताओ का मुगध कर दिया। इसके अलावा देशभक्त गीत और अन्य कार्यक्रम काफी देर तक चला। कार्यक्रम में आये अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद नन्द किशोर यादव, अखिलेश मिश्रा,डाक्टर उमा कान्त यादव, फौजदार सिंह, राजेन्द्र यादव, सभाजीत यादव, विजय यादव, राम लखन यादव, पूर्व विधायक राम दर्शन यादव, राम अवध यादव मोहम्मद शहजाद, कमर आजमी डाक्टर राजकुमार गुप्ता, डाक्टर अभय यादव, डाक्टर भावना यादव, डाक्टर नरेन्द्र यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीयू के डॉ. धीरेंद्र का भारतीय पेटेंट प्रकाशित

**नैनो कॉम्पोसीट मैटेरियल को किया डिजाइन**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भइया संस्थान के सेंटर फॉर रिन्यूएबल एनर्जी शोध केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र चौधरी का भारतीय पेटेंट प्रकाशित हुआ है। डॉ. चौधरी ने बताया कि इस पेटेंट के अन्तर्गत उनके द्वारा नए नैनो कॉम्पोसीट मैटेरियल को डिजाइन किया गया है जिससे इस कॉम्पोसीट मैटेरियल का प्रयोग करने से ऑर्गैनिक सोलर सेल डिवाइसेस की दक्षता में बढ़ोतरी होती है। यह शोध उनके द्वारा भारतीय प्रद्योगिकी संस्थान, कानपुर



(आईआईटी, कानपुर) मे किया गया है। बताते चले कि डॉ. धीरेन्द्र चौधरी कम दर और उच्च दक्षता के सोलर सेल के विकास मे विशेष रूप से कार्य कर रहे है।

इससे की इस प्रकार के सोलर सेल को जन सामान्य तक आसानी से पहुचाया जा सके। वैकल्पिक ऊर्जा के इस क्षेत्र में कार्य करने हेतु गत वर्ष डॉ. चौधरी को सर्ब-नई दिल्ली द्वारा एसआइआरइ फेलोशिप प्राप्त हुआ था जिसके अन्तर्गत इन्होंने जर्मनी के कोलोन विश्वविद्यालय मे 03 महीने तक सोलर सेल डिवाइसेस की दक्षता के विकास में शोध कार्य किया। डॉ. धीरेन्द्र चौधरी को विभिन्न फन्डिंग एजेन्सीस द्वारा 08 शोध अनुदान प्राप्त है जिसके अन्तर्गत वो वैकल्पिक ऊर्जा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान और विकास कार्य कर रहे है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने खुशी व्यक्त किया तथा जन सामान्य के वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शोध करने को कहा। इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. काजल डे, डॉ. मिथिलेश यादव आदि ने बधाई दी है।

## विभिन्न संस्थाओं में कराए जाने वाले फायर मॉक ड्रिल

**आजमगढ़।** अग्निशमन सेवा सप्ताह में जनपद के विभिन्न संस्थाओं में कराए जाने वाले फायर मॉक ड्रिल के तहत आज 16 अप्रैल को आजमगढ़ जनपद के सर्वोदय पब्लिक स्कूल आरटीओ ऑफिस के सामने हरबंशपुर में श्रीमान मुख्य अधिकारी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में फायर मॉक ड्रिल व इवेक्युएशन ड्रिल कराई गई। जिसमें स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र कुमार यादव जी प्रिंसिपल विधान तिवारी व समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित बच्चों से विद्यालय में स्थापित अग्निशमन उपकरण को कैसे प्रयोग करे सिखाया गया व कैसे अग्निकांड में खुद को सुरक्षित रखें व अग्नि निवारण हेतु जरूरी सावधानियां के बारे में चर्चा की गई अग्निशमन संबंधी चित्रकला बनवाई गई वह कुछ निबंध भी लिखवाए गए।

# धूमधाम से मनाया गया रामनवमी एवं दुर्गाष्टमी उत्सव

**रामनवमी का पर्व सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है: बांके बिहारी**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के नेतृत्व में रामनवमी एवं दुर्गाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने अपनी धर्मपत्नी सीता पाण्डेय के साथ मां दुर्गा जी एवं भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके विधिवत पूजन अर्चन करने के पश्चात



विद्यालय की नन्ही मुन्नी देवी स्वरूपा नौ कन्याओं का पूजन अर्चन करते हुए सभी का पांव धुलाकर चुनरी पहनाई और माला पहनाकर तिलक लगाया। उसके बाद दही जलेबी खिला करके सभी को उपहार एवं दक्षिणा प्रदान करके उन्होंने एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद विद्यालय की छात्राओं यशी तिवारी, आराधना मिश्रा, कीर्ति सिंह एवं पल्लवी पाण्डेय ने संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में श्री रामचंद्र जी एवं देवी जी के भजनों को सुनाकर भक्ति रस का वातावरण बना दिया। इस अवसर प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने कहा कि रामनवमी का पर्व सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है और इस दिन का भगवान राम के भक्तों को वर्ष भर इंतजार रहता है। रामनवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। रामनवमी और महानवमी दोनों ही हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्यौहार हैं, लेकिन इनकी तिथि, महत्व, पूजा, और उत्सव में अंतर होता है। रामनवमी भगवान राम के जन्म का उत्सव है, जबकि महानवमी देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सत्य प्रकाश पाण्डेय ने किया।

# साहित्यिक गोष्ठी आयोजित




**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** नगर के गुरू घाट स्थित श्री रामजानकी मंदिर में लोक मनीषा परिषद् के तत्वावधान में महाकवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के 159वें जन्मदिवस पर देरशाम आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन विजयेंद्र श्रीवास्तव ने किया। विषय परिवर्तन करते हुए प्रख्यात साहित्यकार जनमेजय पाठक ने कहाकि हरिऔध जी ने खड़ी बोली में प्रथम महाकाव्य प्रिय प्रवास की रचना कर आजमगढ़ को गौरवान्वित किया। इसके अलावा विभिन्न साहित्य ग्रंथों की उनकी रचनाएं अद्वितीय हैं। मुख्य अतिथि शिक्षकश्री डा गीता सिंह ने कहा कि हरिऔध जी महा मानवतावादी एवं विश्व मैत्री के कवि थे। वैदेही वनवास में हरिऔध जी ने एक नया रूप देते हुए यह दर्शाया है कि मर्यादा की रक्षा के लिए श्रीराम जी ने सीता जी की सहमति से उन्हें वनवास दिया। उन्होंने बालकों एवं युवाओं के लिए प्रेरणादायी रचनाए की जो आज भी प्रांसगिक है।

# स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का निरीक्षण किया। हाई रिस्क प्रेगनेंसी दिवस के अवसर पर लगभग 30 गर्भवती महिलाएं (एएनसी) जांच के लिए उपस्थित थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लिया तथा सुरक्षित प्रसव हेतु उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हीट वेव से बचाव हेतु की गई तैयारी को देखा। शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रभात कुमार को



निर्देशित किया कि हीट वेव से ग्रसित मरीजों के लिए कोल्ड रूम को सक्रिय रखें। कोल्ड रूम में थर्मामीटर, कोल्ड पैक्स उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त कुछ आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं जैसे ओआरएस पैकेट, पेरासिटामोल, आरएल बाटल, डीएनएस बाटल, आइसोलेट पी बाटल इत्यादि की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया की ओपीडी में हीट वेव से जागरूकता हेतु पोस्टर, बैनर इत्यादि का डिस्प्ले कराया जाए। ओपीडी में आने वाले मरीजों को पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

वर्तमान समय में हल्के सुपाच्य भोजन करें तथा रसदार फलों एवं लस्सी, छाछ, नींबू पानी इत्यादि का खूब सेवन करें। शरीर पर ढीले आरामदायक सूती वस्त्र जो पसीना सोखता हो उन्हें पहने। हीट वेव के कुछ प्रमुख लक्षण है- शरीर का तापमान बढ़ना, प्यास की इच्छा का कम हो जाना। शरीर एवं मांसपेशियों में ऐंठन होना तथा कमजोरी एवं चक्कर आना। यदि किसी भी तरह की परेशानी का अनुभव हो तो रोगी को ठंडे छायादार स्थान पर रखें। पानी से भीगे कपड़े से पोंछे। जिससे तापमान न बढ़ने पाये । रोगी को पेय पदार्थ पीने के लिए दें। ज्यादा दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल उपचार हेतु ले जाएं।

तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने रामपुर के आशा नंदपुर एवं भानपुर ग्राम का निरीक्षण कर संचारी एवं दस्तक अभियान के दौरान की जा रही गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया। उन्होंने ग्राम वासियों से साफ सफाई, झाड़ी की कटाई, एंटी लारवा छिड़काव इत्यादि के विषय में जानकारी लिया। लोगों ने बताया कि ग्राम में साफ सफाई इत्यादि का कार्य कराया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा घर-घर भ्रमण कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव हेतु की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। आशा कार्यकर्ता द्वारा ग्राम वासियों को हीट वेव से बचाव की जानकारी दिया गया था। अन्य बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग, क्षय रोग इत्यादि के विषय में भी परिवार को जानकारी दिया गया था। आशा द्वारा परिवार के सदस्यों की आभा आईडी भी बनाया जा रहा था।

## पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि बढ़ी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित किया था। अब अब यह तिथि बढ़ाकर 20 मई 2024 कर दी गई है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट- vbsà¿u.ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), ट्रांसलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी64 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटो जी64 5जी स्मार्टफोन के लॉन्च की घोषणा की, जो इस सेगमेंट का सबसे शानदार 5जी स्मार्टफोन है। मोटो जी64 5जी स्मार्टफोन ने दुनिया के पहले मीडियाटेक डाईमेन्सिटी 7025 प्रोसेसर और इस सेगमेंट की सबसे दमदार 6000 एमएएच बैटरी के अलावा सेगमेंट के सबसे बेहतर शेक फ्री 50एमपी ओआईए कैमरे और क्वाड पिक्सल टेक्नोलॉजी के साथ 15 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है, क्योंकि यह स्मार्टफोन सिर्फ 14,999 रुपये (ऑफ़र के साथ सिर्फ 13,999 रुपये) की कीमत पर उपलब्ध है। सबसे बेहतर प्रोसेसर, बैटरी और कैमरे जैसी खूबियों के अलावा, यह इस सेगमेंट में सबसे शानदार 12जीबी रैम के साथ 256 जीबी स्टोरेज वाला स्मार्टफोन भी है, जिसकी कीमत सिर्फ 16,999 रुपये (ऑफ़र के साथ सिर्फ 15,999 रुपये) है। मोटो जी64 5जी स्मार्टफोन दुनिया के पहले मीडियाटेक डाईमेन्सिटी 7025 प्रोसेसर से लैस है, जो बेहद दमदार ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है और 2.5गीगाहर्ट्ज तक की फ्रीक्वेंसी प्रदान करता है। अपनी रफ़्तार से हैरत में डाल देने वाले इस प्रोसेसर का परफॉर्मेंस सचमुच अल्ट्राफास्ट है। इससे यूजर्स



अपने डिवाइस का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं, साथ ही बिना किसी रूकावट के गेमिंग और बेहतर वीडियो का आनंद ले सकते हैं, तथा बेहतर नाइट लाइट फोटोग्राफी के लिए मीडियाटेक द्वारा संचालित इसकी नवीनतम इमेज तकनीकी के साथ बेहतर फोटोग्राफी अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, इस सेगमेंट में सर्वोत्तम वीओएनआर के साथ 14 5जी बैंड तथा 4गुणा4 एमआईएमओ और 3 कैरियर एग्रीगेशन से सुसज्जित इस सुपरफास्ट 5ळ स्मार्टफोन के साथ, यूजर्स बैटरी लाइफ की चिंता किए बिना बिजली की तेजी से गेम और फिल्में डाउनलोड कर सकते हैं। मोटो जी64 5जी अपनी 6000 एमएएच की दमदार बैटरी के साथ जबरदस्त बैटरी लाइफ की पेशकश करता है, जो इस सेगमेंट में सबसे शानदार है और स्मार्टफोन के घंटों तक उपयोग की अनुमति देता है। इसके अलावा, टर्बो पॉवर 33 वाट चार्जर इस डिवाइस को तेजी से चार्ज करने में सक्षम बनाता है, और आप लंबे समय तक वीडियो चैटिंग, गेमिंग एवं बिंज-वॉचिंग का आनंद ले सकते हैं। लॉन्च के मौके पर अपनी राय जाहिर करते हुए, श्री टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोबाइल बिजनेस ग्रुप भारत, ने कहा, ÷यह लॉन्च सही मायने में भारतीय ग्राहकों को सबसे किफायती मूल्य पर इस सेगमेंट में बेमिसाल फीचर्स को सबसे पहले उपलब्ध कराने के हमारे संकल्प को दर्शाता है, और टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे विजन पर खरा उतरता है। मोटो जी64 5जी खास तौर पर भारतीय बाजार के लिए डिजाइन किया गया प्रोडक्ट है, जो इस सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस, एडवांस बैटरी, कैमरा और मनोरंजन के बेमिसाल अनुभव जैसे फीचर्स से लैस है।

## नाबार्ड का किसानों को सीधे कर्ज देने पर स्पष्टीकरण, सूचना को बताया गलत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने स्पष्ट किया है कि वह आम किसानों को सीधे तौर पर ऋण न देकर ग्रामीण विकास से जुड़े वित्तीय संस्थानों और सहकारी समितियों को वित्तीय मदद मुहैया कराता है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने यह स्पष्टीकरण सीधे किसानों को डेयरी ऋण दिए जाने संबंधी भ्रामक सूचना प्रसारित होने के बाद दिया है। दरअसल, कुछ मंचों से कहा जा रहा था कि नाबार्ड डेयरी विकास के लिए सीधे किसानों को कर्ज दे रहा है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि बहुत सी गलत सूचनाएं और फर्जी खबरें फैलती नजर आ रही हैं। नबार्ड के मुताबिक असत्यापित जानकारी से वित्तीय जोखिम और गलतफहमी पैदा हो सकती है। बैंक ने बताया कि नाबार्ड किसानों को सीधे ऋण प्रदान नहीं करता है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि सटीक जानकारी के लिए हमारी आधिकारिक वेबसाइट 'nabard.org' (नाबार्ड डॉट ओआरजी) को देखें।

## सिफडैक ने भारत में लॉन्च किया महत्वपूर्ण ब्लॉकचेन इकोसिस्टम

**लखनऊ।** सिफडैक द इवॉल्यूशन ऑफ इनोवेटिव ब्लॉकचेन ईकोसिस्टम पावर्ड बाय एआई नए जमाने की एक फिनटेक कंपनी है जो ब्लॉकचेन लेयर 1 नेटिव कॉइन, एक्सचेंज सेवाओं, एमपीसी वॉलट, डेफी, एनएफटी, गेमिंग समेत अन्य प्रॉडक्ट्स सहित अनेक समाधान प्रदान करती है। कंपनी ने भारत में अपने परिचालन के शुभारंभ की घोषणा की है। सिफडैक के फाउंडर एवं चेयरमैन हिमांशु मराडिया ने सिफडैक के भारत में प्रवेश को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा हम सिफडैक की यात्रा के इस नए अध्याय की शुरुआत को लेकर उत?साहित हैं क्योंकि हमने तेजी से विकसित होते और गतिशील भारतीय बाजार में कदम रखा है। हमारे अभिनव समाधान भारत के ब्लॉकचेन और डिजिटल वित्त इकोसिस्टम में मौजूद चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य व्यवसायों और व्यक्तियों को मजबूत सुरक्षा और दक्षता के साथ सशक्त बनाना और विभिन्न क्षेत्रों में विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।÷सिफडैक के भारत लॉन्च के बारे में सिफडैक को-फाउंडर और



वैश्विक सीईओ राहुल मराडिया ने कहा, ÷हम सिफडैक को बदलाव को गति देने वाले घटक के रूप में देखते हैं, जो व्यवसायों और व्यक्तियों को अत्याधुनिक समाधानों के साथ सशक्त बनाता है और डिजिटल वित्त में सुरक्षा, दक्षता और पहुंच में बढ़ोतरी करता है। हमारा लक्ष्य ब्लॉकचेन ईकोसिस्टम में क्रांति लाना और इसकी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करना है, जिससे अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जा सके।सिफडैक के नए समाधान पारंपरिक ढांचे और ब्लॉकचेन टेक?नोलॉजी के बीच अंतर को कम करके व्यवसायों को तेजी से विकसित हो रहे वेब 3.0 परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाते हैं। साथ ही केंद्रीकृत सरकार, विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था और यूजर्स के हितों के बीच संतुलन सुनिश्चित करते हैं। सिफडैक पारदर्शिता, सुरक्षा, स्केलेबिलिटी और तालमेल को प्राथमिकता देते हुए केंद्रीकृत अर्थव्यवस्थाओं के साथ समन्वय का काम करता है।सिफडैक ब्लॉकचेन इकोसिस्टम इंडस्ट्रीज़ आईएनडी अब आधिकारिक तौर पर भारत में पंजीकृत है और इसका मुख्यालय मुंबई में है। इसके अन्य कार्यालय रणनीतिक रूप से दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता में स्थित हैं। भारतीय बाज़ार में इसकी शुरुआत ब्लॉकचेन परिदृश्य को आगे बढ़ाने की इसकी प्रतिबद्धता को जाहिर करती है।20 साल की उम्र से राहुल ने अपने पिता हिमांशु मराडिया के साथ सिफडैक की अवधारणा तैयार करने में योगदान दिया। उन्हें नियमित रूप से वेब 3.0 और ब्लॉकचेन वैश्विक समुदाय के बीच इस क्षेत्र के प्रमुख युवा उद्यमियों में से एक के रूप चिन्हित किया गया है।

## लखनऊ में नए हॉस्पिटल और चिकित्सा सुविधाओं के लिए मैक्स हेल्थकेयर का 2500 करोड़ का निवेश

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े प्राइवेट हेल्थ प्रोवाइडर्स में से एक, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड ने आज शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए लगभग ?2500 करोड़ निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। साथ ही सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ किए जाने की भी घोषणा की गई।

मैक्स हेल्थकेयर ने सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड से 550 बिस्तरों वाले सहारा हॉस्पिटल का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण 940 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर मंदी बिक्री के आधार पर किया गया है। सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के मध्य में स्थित है और इसकी वर्तमान परिचालन क्षमता 285 बिस्तरों की है। यह अस्पताल गोमती नगर में 27 एकड़ भूमि पर



स्थित है, जो एक विकसित आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्र है।

मैक्स हेल्थकेयर अपने मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को बेहतर बनाने के लिए 150-200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। इसमें नए उपकरण, 265 नए बेड, और बुनियादी सुविधाओं में बदलाव शामिल हैं। हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए एक नया केंद्र (मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर) भी खोला जाएगा। इसके साथ ही, अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की सुविधा मज़बूत की जाएगी और बेहतरीन रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी शुरू किए जाएंगे।

सहारा हॉस्पिटल को खरीदकर मैक्स हेल्थकेयर ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और निवेश बढ़ाने की योजना शुरू कर दी है। कंपनी कुल 2500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इसमें शहीद पथ पर 5.6 एकड़ ज़मीन पर 500 बिस्तरों वाला एक नया हॉस्पिटल बनाना और लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की क्षमता बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा, यह निवेश अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक लाने में भी मदद करेगा, जिसमें रोबोटिक्स, कैंसर में रेडिएशन थेरेपी, प्रत्यारोपण (लिवर, किडनी, बोन मैरो, हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण) और नर्सिंग शिक्षा शामिल हैं।

मैक्स हेल्थकेयर ने मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, 265 और बिस्तर जोड़ने और नागरिक बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण के लिए 150-200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। अत्याधुनिक मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की शुरुआत, अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम को मजबूत करने और विश्व स्तरीय रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की शुरूआत के साथ हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है।जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है - ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में,



हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है, 10+ फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं। एक्स-शोरूम कीमतों का विवरण (ग्रेड-वार) इस प्रकार है।

## अप्रैल 2024 कम्यूनिटी डेः बेलस्प्राउट




हम मार्च 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के प्रशिक्षकों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें बेलस्प्राउट को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा।हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप शनिवार 20 अप्रैल, 2024 को स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के 21 शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, मुंबई का हॉर्निमन सर्कल गार्डन, पुणे का सारस बाग, गुरुग्राम का एंबिएंस मॉल, जयपुर का जवाहर सर्कल, बेंगलुरु का कब्बन पार्क में स्थित एडवर्ड ड्ढद्धद्ध की प्रतिमा, कानपुर का कारगिल पार्क, चंडीगढ़ का रोज़ गार्डन, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्धमान का मालिर मठ, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलकाता का रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान नगर निगम, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, अहमदाबाद का परिमल गार्डन, विशाखापत्तनम का ऑल एबिलिटीज पार्क और तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय शामिल हैं।

## हायर इंडिया ने पेश की S800QT QLED सीरीज, इमर्सिव व्यूइंग के लिए नया बेंचमार्क किया स्थापित

**नई दिल्ली।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट QLED सीरीज S800QT के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4K QLED डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75", 65", 55" और 43" में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी।ऑल-न्यू QLED सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, स्800त्त्क्ष सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विजुअल्स और 4K डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है।हायर इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने कहा, हायर में, हम घरेलू मनोरंजन अनुभव को लगातार पुनर्परिभाषित करने के लिए समर्पित हैं और फीचर पैक्ड S800QT QLED सीरीज के साथ, हम अत्याधुनिक तकनीक और सौंदर्य संबंधी कुशलता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रदान कर रहे हैं। हमारा मकसद उपभोक्ताओं को ऐसी तकनीक सर्व करना है जो अपने घरों में बेजोड़ पिक्चर क्वालिटी और एक व्यापक सिनेमेटिक एक्सपीरियंस चाहते हैं। ऐसे में हायर इंडिया का लक्ष्य उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करना है और उन्हें एक अद्वितीय होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन देना है। नई QLED सीरीज का लॉन्च उपभोक्ताओं को बेस्ट टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट देने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो स्टाइल और इनोवेशन को जोड़ते हैं। उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए, हायर इंडिया ने माडर्न लाइफस्टाइल में सहजता से घुलने-मिलने के लिए S800QT सीरीज को सावधानीपूर्वक तैयार किया है। स्मूथ और शानदार मेटल डिजाइन इसके परिष्कार को दर्शाता है और इस सीरीज के पूरे एस्थेटिक्स को बढ़ाता है।

## निसान ने जापान में अपनी निर्माणाधीन ऑल-सॉलिड-स्टेट पायलट लाइन दिखाई



**योकोहामा, जापान।** निसान ने आज मीडिया कर्मियों को कनागावा प्रांत स्थित अपने योकोहामा प्लांट में निर्माणाधीन ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरी पायलट लाइन दिखाई।पायलट लाइन का उद्देश्य बैटरियों के लिए इनोवेटिव मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एवं विकास को बढ़ावा देना है।

लंबी अवधि के अपने विजन निसान एंबिशन 2030 के तहत निसान का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक इन बैटरियों से लैस ईवी लॉन्च करना है। ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियां ईवी के लिए गेम चेंजर साबित होंगी। इनमें पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरियों की तुलना में करीब दोगुनी एनर्जी डेंसिटी की क्षमता होगी। सुपीरियर चार्ज एवं डिस्चार्ज पर फॉर्मेंस के कारण इनका चार्जिंग टाइम कम होगा और कम खर्चीले मैटेरियल के प्रयोग के कारण इनकी लागत भी कम होगी।निसान की योजना पिकअप ट्रक समेत विभिन्न व्हीकल सेग्मेंट में ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों का प्रयोग करने की है। इस से ईवी को ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाना संभव होगा।

निसान मॉलीक्यूलर-लेवल बैटरी मैटेरियल रिसर्च से लेकर इलेक्ट्रिक व्हीकल डेवलपमेंट और स्टोरेज बैटरी के रूप में ईवी का प्रयोग करते हुए सिटी डेवलपमेंट तक के लिए व्यापक शोध एवं विकास कार्य कर रही है। इस अनुभव का प्रयोग करते हुए निसान व्यावहारिक क्रियान्वयन के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रही है।

## अमेज़न मिनीटीवी ने इस अप्रैल में मिनीटीवी इम्पोर्टेड के इंटरनेशनल रोस्टर लाइनअप में स्विच ऑन

**मुंबई।** अमेज़न की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनी टीवी ने 2024 की गर्मियों की शानदार शुरुआत की तैयारी कर ली है, और इस अप्रैल में दर्शकों के लिए कई बेहतरीन इंटरनेशनल सीरीज़ के साथ हाज़िर है। ÷मिनीटीवी इम्पोर्टेड÷ पर शो की मनोरंजक लाइनअप उनकी मूल-भाषा के साथ-साथ हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगी, जो यकीनन यह हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी।

अमेज़न की इस सर्विस पर रिलीज़ के लिए तैयार शो में स्विच ऑन, द गर्ल हू सीज़ स्मेल्स, 365 रिपीट द ईयर और मेलोडी ऑफ लव जैसे बेहद मशहूर कोरियाई एवं तुर्की ड्रामा शामिल हैं।

दर्शकों के दिलों को लुभाने वाली इस नई रिलीज़ की घोषणा करने के लिए, अमेज़न मिनीटीवी ने एक डायनामिक पोस्टर जारी किया है, जो दर्शकों को आने वाली रिलीज़ की मनमोहक दुनिया की एक झलक पेश करता है।




रिलीज़ होने वाली सभी सीरीज़ अलग-अलग जॉनर की है, और यकीनन अलग-अलग तरह की प्राथमिकताओं वाले दर्शकों को पसंद आएगी। टाइम ट्रेवल के ज़रिये एक मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करने वाली हाई-ऑक्टेन थ्रिलर स्विच ऑन से लेकर एक महिला की गंध को दिखाई देने वाले रंगों और आकृतियों के रूप में देखने की विशेष क्षमता पर आधारित रोमांचक सस्पेंस ड्रामा ए गर्ल हू सीज़ स्मेल्स तक, इन सभी शो की कहानियाँ फैन्स को उनकी सीटों से बांधे रखेगी। 365 रिपीट द ईयर की कहानी बड़ी दिलचस्प है, जिसमें 10 लोगों को एक साल के लिए समय को पीछे करने का मौका मिलता है। लेकिन जब वे अपनी किस्मत को बदलने की कोशिश करते हैं, तब कई अनजाने रहस्य उजागर होने लगते हैं, और उनकी सोच से भी परे उतार-चढ़ाव के साथ उन्हें इस सफर में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एक युवा लड़की याज़ की जिंदगी पर आधारित मेलोडी ऑफ लव एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जो अपनी यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के लिए इस्तांबुल आई थी और ग्रेजुएशन होने के बाद वापस अपने होमटाउन नहीं जाना चाहती।

इसके लिए वह अपनी माँ एमिन से झूठ बोलती है और इस्तांबुल में एक नया जीवन बसाती है। इस दौरान उसे एक नए शहर में रहने के उतार-चढ़ाव के साथ-साथ अपनी लव-लाइफ के इर्द-गिर्द मौजूद उलझनों से भी निपटना पड़ता है।

## ब्रिक्स सीसीआई वी 2024 रिपोर्ट में प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता में महिला सशक्तिकरण को रेखांकित किया गया

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स




सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट पेश की है। यह रिपोर्ट सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रगति एवं मौजूदा चुनौतियों दोनों को ही रेखांकित करती है। वर्ष 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के साथ जिसमें नए सदस्यों को शामिल करना और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व शामिल है, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी एवं कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल के महत्व को रेखांकित करती है। यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से विकसित की गई है और इसका अनावरण पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया।

**मुख्य बातें**

क महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिकाः यह रिपोर्ट टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि को हासिल करने में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका रेखांकित करती है।

क ब्रिक्स सदस्यता का विस्तारः वर्ष 2023 में ब्रिक्स का विस्तार किया गया जिससे इसमें विश्व की 47 प्रतिशत आबादी और 36 प्रतिशत जीडीपी शामिल हो गई। यह इसकी बढ़ती विविधता एवं प्रभाव को प्रदर्शित करता है।

क लिंग समानता को लेकर प्रतिबद्धताः ब्रिक्स देश लिंग समानता पहल को लेकर प्रतिबद्ध हैं जिससे महिलाओं के प्रौद्योगिकीय सशक्तिकरण एवं उद्यमशीलता के महत्व को पहचान मिलती है। डिजिटल समावेश को पासा पलटने वाले एक संभावित घटक के तौर पर रेखांकित किया जाता है।

ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एव sheatwork.com की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें। ब्रिक्स सीसीआई की संयुक्त निदेशक सुश्री अंकिता सचदेवा ने कहा, जैसा कि हमने 2023 में बिक्स का विस्तार होते देखा है, यह स्पष्ट है कि टेक और कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल पूर्व के मुकाबले कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों की सतत वकालत करते रहना होगा जो संसाधनों, अवसरों और मार्गदर्शन तक महिलाओं की पहुंच का समर्थन करे। टेकआर्क की निदेशक और सह संस्थापक डाक्टर सहाना कुतब ने कहा, ÷ब्रिक्स सीसीआई वी 2024 रिपोर्ट महिला उद्यमियों के समक्ष अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालती है और साथ ही कारोबार में महिलाओं के लिए अधिक समावेशी एवं सहयोगात्मक वातावरण के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर बल देती है।

## महिंद्रा ने लॉन्च किया बोलेरो नियो, कीमत 11.39 लाख से शुरू

**अयोध्या।** भारत की अग्रणी एसयूवी विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो नियो. 9-सीटर का अनावरण किया, जिसे दो वेरिएंट- पी4 और प्रीमियम पी10 में पेश किया गया है। इस एसयूवी को स्टाइलिश, विशाल और मज़बूत एसयूवी चाहने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें ड्राइवर सहित 9 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। बोलेरो नियो. 9-सीटर बोलेरो के भरोसेमंद, शक्तिशाली और कहीं भी जाएं वाली विशेषता पर आधारित है जो नियो के स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर और प्रौद्योगिकी से लैस है। एसयूवी ग्राहकों को बड़े परिवारों, संस्थागत ग्राहकों, टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटर और कंपनियों को पट्टे पर वाहन देने वाले कांट्रैक्टर के लिए अनूठी पेशकश करती है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी वाहन खंड, नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा, बोलेरो ब्रांड वर्षों से हमारे ग्राहकों के लिए मज़बूती और विश्वसनीयता की मिसाल बन गया है, जो लगातार उम्मीद से अधिक प्रदर्शन कर रहा



है। बोलेरो नियो. के लॉन्च के साथ, हम टिकाउपन, उन्नत सुविधाओं और बेहतर आराम का वादा कर रहे हैं जो हर परिवार और बेड़े के मालिक के लिए ड्राइविंग अनुभव को समान रूप से समृद्ध करता है।

कहीं भी जाने की क्षमता के साथ शक्तिशालीः बोलेरो नियो. मजबूत 2.2 लीटर एमहॉक डीजल इंजन से लैस है जिसमें उत्कृष्ट ईंधन दक्षता और प्रदर्शन के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हुआ इसका बॉडी-ऑन-फ्रेम निर्माण और उच्च शक्ति वाला स्टील बॉडी शेल टिकाउपन और सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसयूवी ईबीडी के साथ एबीएस, डुअल एयरबैग, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट, इंजन इमोबिलाइज़र और ऑटोमैटिक डोर लॉक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आता है, जो सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करता है।

स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन बोलेरो नियो. में एक्स-आकार के बंपर, क्रोम इन्सर्ट से लैस फ्रंट ग्रिल और एक एक्स-आकार के स्पेयर व्हील कवर जैसे सिग्नेचर बोलेरो तत्व हैं और साथ ही साइड बॉडी क्लैडिंग भी है। इसका प्रामाणिक एसयूवी डिज़ाइन और प्रभावशाली रुख को स्टाइलिश हेडलैंप, फॉग लैंप और एक कमांडिंग हुड से और बढ़ता है। 40.64 सेंटीमीटर अलॉय व्हील और मस्क्युलर साइड तथा रियर फुटस्टेप के साथ, बोलेरो नियो. आत्मविश्वास और मज़बूती सौम्यता का परिचय देता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह किसी भी सड़क पर अलग दिखे।

# एसडीएम खजनी शिवम सिंह बने आईएएस अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट किया जारी**

**गोरखपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 1016 आवेदकों ने सफलता पाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं।

इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है तो वही एसडीएम खजनी शिवम सिंह को मिला 877 वी रैंक। दूसरे नंबर अनिमेष प्रधान रहे, जबकि तीसरे स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने पाया है। आईएएस 2023 की परीक्षा में टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव लखनऊ के रहने वाले हैं।यूपीएससी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सार्वजनिक सूचना के माध्यम से परिणामों की घोषणा की। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सितंबर, 2023 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के लिखित भाग और जनवरी-अप्रैल 2024 में आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर, नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची जारी की गई है। मृदुल भाषी शिवम सिंह रायबरेली के प्रगतिपुरम में रहने वाले राम नरेश सिंह के छोटे सुपुत्र है। आग जिसमे लगन की जलती है, कामयाबी उसी को मिलती है रायबरेली के शिवम पर यह पंक्ति बिल्कुल सटीक बैठती है बेहद साधारण से परिवार में जन्मे शिवम सिंह ने अपनी काबिलियत और मेहनत के बलबूते पहली ही बार मे सूबे की पीसीएस परीक्षा में 38 वी रैंक हासिल की थी अब सिविल सर्विस परीक्षा में 877 वी रैंक हासिल कर आईएएस बनने का सपना पूरा किया अब देखना है कि रैंक के हिसाब से केडर कौन सा मिलता है श्री सिंह वर्तमान में खजनी तहसील के उप जिलाधिकारी के पद पर ईमानदारी के साथ अपनी सेवा दे रहे हैं यह जानकारी होने पर खजनी एसडीएम के सिविल सर्विस परीक्षा के अंतिम परिणाम आने के बाद 877 वी रैंक हासिल हुआ है तहसील सहित शुभचिंतकों माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त किया माता पिता ने कहां की बेटे की मेहनत रंग लाई है श्री सिंह ने बातचीत में बताया कि अभी देखना होगा कि केडर कौन सा मिलता है और किस पद पर नियुक्ति मिलती है उसी हिसाब से अपना निर्णय लेंगे।

# चूल्हे से निकली चिंगारी ने मचाई तबाही 20 रिहायशी घर जलकर राख

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के गांव माघी कोठिलवा के मुन्नी लाल टोला दलित बस्ती में सोमवार की रात साढ़े आठ बजे भोजन बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। जिसमें 20 झोपड़ियां जलकर राख गई। घर में रखे अनाज, कपड़े, नकदी व गृहस्थी के सामान भी आग की भेंट चढ़ गए तथा आग के चपेट में आने से 16 बकरियों की मृत्यु हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नकछेद प्रसाद के घर की महिलाएं रात में भोजन पक रही थीं। उसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। तेज हवा के कारण बेकाबू हुई आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया देखते-देखते ब्यास प्रसाद, रोहित हरी, रवींद्र प्रसाद लाल रतन यादव, जगत यादव, रामा यादव, जसवंत प्रसाद, राजू प्रसाद, रोहित, महंगू, गरजू, छिन्नू, राजेश, राजकुमार समेत 20 लोगों के घर जल गए तथा आग की लपटों से 15 बकरियों की झुलस कर मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना तथा फायर ब्रिगेड सर्विस को दिया जिसके कुछ समय उपरांत फायर ब्रिगेड सर्विस तथा स्थानीय थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आग को शांत कर दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार कई लोगों के परिवारों में बेटियों की शादी भी तय हुई है उसके लिए लोग जरुरी सामान जुटा कर घर में रखे हुए थे। इस भीषण अग्निकांड में सभी के सामान जल गए हैं जिससे उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## भूसा बनाने वाले मशीन से लग रही आग, रोक के बाद भी क्षेत्र मे धड़ल्ले चल रही भूसा मशीन

**बोदरवार, कुशीनगर।** वर्तमान समय में गेहूं की फसल कटाई चल रही है



आगजनी की घटना को देखते हुए प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल तक भूसा बनाने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर रोक लगा दिया गया, लेकिन पुलिस के सह पर भूसा बनाने वाले जबरन मशीन से भूसा बना रहे हैं। जिसके कारण मंगलवार बोदरवार, बडहरा, साखोपार आदि गांवों मे आगजनी की घटना घटित हुआ जिसके कारण कई किसान बर्बाद हो गए। बताते चले कि वर्तमान समय में प्रशासन ने आगजनी की घटना को लेकर बचाव की दृष्टि को देखते हुए 20 अप्रैल तक भूसा काटने पर प्रतिबंध लगा दिया है लेकिन क्षेत्र के प्रत्येक गांवों मे भूसा काटने वाले ट्रैक्टर ट्राली मालिकों पर प्रशासन के आदेश का कोई असर नहीं पड रहा है। क्षेत्र में धडल्ले से भूसा कटाई का कार्य किया जा रहा है। कुछ ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन से वार्ता कर चोरी चोरी से भूसा काटा जा रहा है ताकि समय से पशुपालकों को भूसा की व्यवस्था मिल जाय। पशु पालकों व ट्रैक्टर चालको के लिए भूसा एक समस्या बनी हुई है, लेकिन क्षेत्र मे प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए भूसा मशीन का प्रयोग धडल्ले से किया जा रहा है।

# चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच सीएम योगी ने की गोसेवा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युद्धस्तरीय चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद सीएम मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**भाटपार रानी, देवरिया।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापक तथा कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन, पोस्टर, रंगोली के द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न हुआ, तत्पश्चात मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सभी छात्र-छात्राओं ने मतदान एवं मतदाता जागरूकता पर अपने विचार रखे, तथा अतिथियों ने मतदान के प्रतिशत को कैसे बढ़ाया जाए मतदाता कैसे स्वतंत्र होकर अपना मतदान करें- पर अपना प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ )सतीश चंद्र गौड़ ने कहा कि लगातार सरकार तथा स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं पर समाज में मतदाताओं की उदासीनता और जड़ता समाप्त नहीं हो रही है अर्थात उस स्पीड से मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ रहा है जिस स्पीड से बढ़ना चाहिए।

# स्वीप के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर चलाया गया विशेष अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा नगर क्षेत्र देवरिया स्थित गांधी विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बीएसए ने उपस्थित जन समुदाय को शपथ दिलाया एवं अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जांच ले और न होने की स्थिति में अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वा लें एवं 1 जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें।छात्रों ने रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर लोगों को मतदान नहीं की जागरूक किया। विकासखंड भागलपुर के बीजीएम इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव एवं खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश कुशवाहा द्वारा सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण से किया गया।

समारोह में उपजिलाधिकारी ने मतदाता शपथ दिलाई एवं अपने संबोधन में कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महत्त्वपूर्ण स्थान है। अभी तक के मतदान आंकड़ों पर नजर डाले तो देवरिया जनपद में 56 फीसदी मतदान होता है और 44 फीसदी लोग मतदान में भाग नहीं लेते हैं, उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं पूर्ण भागीदारी- पूर्ण मतदान के तहत महिलाओं को घर की चौखट लांघकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि चुनाव पांच वर्षों के बाद ही आते हैं इन चुनावो का उद्देश्य हमें अपने देश और राज्य के लिए अच्छे प्रतिनिधियों का चयन करना होता है जिससे देश में या राज्य में अच्छी सरकार का गठन किया जा सके। भारत में लोकतंत्र है इस लोकतंत्र में हमें सरकार चुनने का मौका मिला है। इसलिए ÷ लोकतंत्र में हर-हाल में करें अपने वोट का प्रयोग- सभी चुने सही चुने÷ के उद्देश्य वाक्य से उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के लालच में आकर वोट नहीं करना चाहिए। ऐसे प्रत्याशी को ही वोट करें जो कि अपने क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर हो इसलिए 1 जून को प्रत्येक मतदाता, मतदान केंद्र पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के संचालक राजन वर्मा ने अपना वोटर जाग उठा नाम की मतदाता जागरूकता संबंधी कविता की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़- नाटक प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, लोकगीत गायन, सांस्कृतिक नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## नि:शुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा पाली ब्लाक के ग्राम टिकरिया के पंचायत भवन पर निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 175 मरीजों को एमएमयू की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण तथा चिकित्सकीय जांच करा कर मरीजो को सलाह दी गयी। जिला प्रभारी सुधाकर यादव ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुनील प्रसाद, लैब टेक्नीशियन पूर्णेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव , फार्मासिस्ट शत्रुघन साहनी, स्टाफ नर्स सुशील सिंह, गौरव कुमार की टीम ने यूरिक एसिड, लिपिड प्रोफाइल, बीपी, सुगर, टाइफाइड, मलेरिया की जांच कर मरीजो को सलाह दी गयी। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम प्रधान सुनीता देवी,जयगोविन्द निषाद, निशीध कान्त मिश्र उर्फ नीशू, विष्णु कान्त मिश्र, सुनील निषाद, विनय कुमार सिंह, अश्विनी यादव, विश्वम्भर निषाद ,संजय निषाद, प्रदीप यादव ,राजेश निषाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्थानीय प्रत्याशी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार : रजनी

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी



महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और लोकसभा देवरिया की प्रभारी रजनी पाण्डेय ने स्थानीय प्रत्याशी के रूप में शशाक मणि का नाम घोषित करने पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। भाजपा नेत्री ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का यह फैसला देवरिया की महान जनता और भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुकूल होने के साथ ही जीत के प्रति उत्साह बढ़ाने वाला है। जिले में भाजपा के कार्यकर्ता 2014 के बाद लगातार जीत का परचम लहरा रहे हैं। इस बार भी यहां के कर्मयोगी भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि को भारी अंतर से जीत दिलाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम करेंगे।

# जीवात्मा और परमात्मा का मिलन है महारास

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** नगर के एसडीएम कालोनी में मनीष पाण्डेय के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास आचार्य सुभाष शांडिल्य महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण के अनेक मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया।उन्होंने महारास प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।बताया कि जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास है। कथा व्यास ने महारास के मर्म को बताते हुए कहा कि भगवान जब पृथ्वी पर अवतार लिए तो सिद्ध महात्मा और संत बृज में गोपियों के रूप में अवतरित हुए। जिनके साथ भगवान ने शरद पूर्णिमा की धवल रात्रि में महारास किया।बताया कि जब माया मोह के सभी बंधनों से ऊपर उठकर भक्ति की पराकाष्ठा को जीव पार कर जाता है तभी परमात्मा की प्राप्ति होती है। आज के प्रसंग में उन्होंने अक्रूर जी द्वारा भगवान कृष्ण और बलराम को मथुरा ले जाने का प्रसंग कालयवन बध उद्धव गोपी संवाद का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि उद्धव जी निर्गुण ज्ञान के पक्षधर थे उधर गोपियां सगुण प्रेमलक्ष्णा भक्ति मार्ग पर थी। उन्होंने कहा कि यहां दृष्टिगोचर होता है कि उद्धव जी ज्ञान की मूर्ति है और गोपियां प्रेम की ध्वजा है उद्धव का ज्ञान और गोपियों का प्रेम दोनों अप्रतिम है यहां मंच से सूरदास जी द्वारा रचित यह पंक्ति गूंजती है उधो मन न भए दस बीस एक हुतो सो गयो श्याम संग को अवराधै ईस। शिथिल भई सब ही माधव बिनु जथा देह बिनु सीस। अर्थात गोपियों का कहना है कि उद्धव जी माना कि आपके पास ज्ञान का भंडार है लेकिन हमारे पास एक ही मन था जो श्याम के साथ मथुरा चला गया आपका यह ज्ञान उड़ेलना निरर्थक है इसे सुनने वाला कोई नहीं है।

# हीटवेव से बचाव को लेकर डीएम ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव से बचाव हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान समय में हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें-क्या ना करें का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी अस्पतालों सीएचसी पीएचसी हेल्थ वेलनेस सेंटर कलेक्ट्रेट तहसील ब्लाक थानों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगवाने को कहा तथा अस्पतालों में सभी जगह हीट वेव से संबंधित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी को खाद बीज की दुकानों पर पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए इसी प्रकार नलकूप विभाग को भी सभी नलकूपों पर पोस्टर लगवाने को कहा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौशालाओं में गोवंशों हेतु पर्याप्त छांव व पीने के पानी की व्यवस्था टीन शेड के ऊपर पराली व जूट के बोरे आदि डालने के निर्देश दिए ताकि धूप का प्रभाव कम रहे और शेड के नीचे ठंडक रहे। गर्मी के दृष्टिगत सभी तालाबों में पानी भरवाने के निर्देश डीपीआरओ व अधिशासी अभियंता जल निगम तथा सिंचाई को दिए। खराब पड़े हैंडपंप को रिबोर तथा मरम्मत कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन पर पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्रम विभाग को निर्देश दिए गए की 12 से 3 बजे के मध्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से कार्य न कराया जाए। बैठक में वर्तमान समय में बिजली तथा अन्य कारणों से लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने हीट वेव से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए जारी किए गए निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर में 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकले यदि अपरिहार्य कारणों से बाहर निकलना पड़ रहा है तो छाते का प्रयोग अवश्य करें हल्के वस्त्र तथा सर को ढक कर बाहर निकले। आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें छोटे बच्चों गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी उतना ही महत्वपूर्ण है इसके दृष्टिगत उन्होंने कहा कि वह पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबंध करें तथा पक्षियों के लिए दान एवं पानी रखें धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं जानवरों को ना छोड़े तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें।

## भूसा बनाने वाली मशीन से लगी आग



**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** जिला देवरिया अंतर्गत थाना तरकुलवा के बाबू पट्टी निवासी वशिष्ठ कुशवाहा, राधेश्याम कुशवाहा, राम आशीष कुशवाहा, नरेंद्र प्रसाद के गेहूं खेत में आग लग जाने के कारण 5 एकड़ गेहूं समेत एक साइकिल जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है की अलाउद्दीन पुत्र रामसुल्ह हक ग्राम सीता पट्टी पोस्ट बजरिया बाजार जिला देवरिया के रहने वाले है। इनकी भूषा बनाने की मशीन है मशीन को अलाउद्दीन के छोटे भाई बुलेट चलवा रहे थे। जिस के वजह से भूषा मशीन गर्म हो जानें के कारण आग लग गई। जिसके वजह से 5 एकड़ गेहूं समेत साइकिल भी जल राख हो गई। आग को ग्रामीणों के इसकी सूचना वशिष्ठ कुशवाहा द्वारा डायल 112 नंबर को और हल्का लेखपाल कांगो दिया गया लेकिन गेहूं की फसल जल जाने के बाद डायल 112 नंबर पहुंची पर लेखपाल और कांगो समाचार लिखे जाने तक नही पहुंचे। इस तरह ये घटनाएं अक्सर देखने को मिल रहा है। समय रहते हुए घुसा मशीन पर रोक नहीं लगाया गया तो ऐसे ही फसल जलते रहेंगे इसमें किसान का हमेशा नुकसान होता रहेगा। आग बुझ जाने के बाद गांव के लोगों के द्वारा कड़ी मशक्कत होने के पश्चात करीब मौके पर 3 घंटे देर से पहुंचे देवरिया एसडीएम लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिली।

## शशांक को टिकट देकर किया कार्यकर्ता का सम्मान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा द्वारा शशांक मणि को लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि युवा चेहरे पर विश्वास जताकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरा है।देवरिया की जनता टिकट वितरण से पूरी तरह खुश एवं संतुष्ट है और इस बार फिर भाजपा को जिताकर जनता केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोगी बनेगी। भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि आम कार्यकर्ता को टिकट देकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि पार्टी का काम ईमानदारी से करने पर परिणाम अच्छा ही मिलता है।

# देवरिया से शशांक मणि को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को पार्टी द्वारा उम्मीदवार घोषित होने पर कुशीनगर जिला के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं। मंगलवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर उन्हें शशांक मणि त्रिपाठी को शुभकामनाएं देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम एक पल भी बैठने वाले नहीं हैं और अबकी बार 400 पार सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इस अवसर पर विनोद भारती, विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन कुमार आनन्द, मार्कण्डेय शाही, मार्कण्डेय दूबे, प्रवीण मिश्र गुंजन, केशवनाथ उपाध्याय, निशांत शुक्ल, भुवनेश्वर त्रिपाठी, महेश रौनियार, धीरज पाठक, देवेश मिश्र, नीरज सिंह बिट्टू, रितिक सिंह गौतम, शैलेन्द्र सिंह, विकास यादव, अरुण राय, मनीष विश्वकर्मा, अमर पाण्डेय, सुनील दीक्षित, रोहित राय, प्रमोद राय सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गंदगी के ढेर में डूबा सीएचसी कुबेरस्थान

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कुबेरस्थान सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में जगह-जगह कूड़े की ढेर लगा हुआ है। इसमें कुछ कचड़ा अस्पताल का है तो कुछ बाजार के लोगों ने यहां दुकानों का कचरा फेंक दिया है। जिससे अस्पताल परिसर में दुर्गंध के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने गया है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था तार तार**

बता दें कि कुबेरस्थान का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भौगोलिक दृष्टि से जिले का सबसे बड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है यहां प्रत्येक दिन दो सौ से ढाई सौ तक मरीज अपना ईलाज कराने आते है परन्तु यहां बुनियादी सुविधाओं का बेहद आभाव है। पूरे अस्पताल में जगह जगह कूड़ा करकट फैला हुआ है। अस्पताल के गेट नंबर एक के सामने कूड़े के साथ साथ प्रयोग की हुई खाली वैक्सीन फेका हुआ मिला वहीं चिकित्सकों के आवास के पीछे खिड़की के पास भी काफी गंदगी



कुबेरस्थान सी एच सी में लगा कूड़े की ढेर

देखने को मिली। यही हाल लेबर रूम का भी है यहां भी खिड़की के पास ही लगभग दो ट्राली तक कूड़े का ढेर लगा हुआ है यहां बाजार के फलों के दुकानदार भी अपनी दुकानों के फलों के छिलके फेक जाते हैं जिसमे सड़न होने से भयंकर दुर्गंध होता है तथा मक्खी मच्छर जुटते हैं जिससे लेबर रूम में आने वाली प्रसूति महिलाओं को संक्रमण का खतरा बना रहता है। इस संदर्भ में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर डॉ सुरेश पटारिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानकारी नही है दिखवाता हूं।

## दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**अमेठी।** बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंगलवार को दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका।वासन्तिक नवरात्रि के आठवें दिन भक्तो ने अपने घरों में भी पूजा अर्चना की।व्रतियों ने विधि विधान से माँ का पूजन अर्चन और पाठ किया।आठवें दिन माँ आदि शक्ति दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जाती है। मां महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर है। यहां तक कि इनके वस्त्र और आभूषण सभी सफेद हैं मां की चार भुजाएं हैं और इनका वाहन बैल है। मां के दाहिने ओर के ऊपर हाथ में अभय मुद्रा और नीचे हाथ में त्रिशूल है वहीं बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में डमरू और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है।इस दिन बहुत से श्रद्धालुओं ने हवन और कन्याभोज का भी आयोजन किया।कहा गया है कि इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते।

अवधनामा



# बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इसौली में कैश नहीं होने से खाता धारक परेशान

**रोज करोड़ों का लेनदेन प्रभावित, सोमवार तक कैश मिलने की सम्भावना**



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा में आएदिन कैश नहीं होने से रोज करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित होता रहता है। मंगलवार को शाखा इसौली में कैश नहीं होने से बैंक ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ जमा रही। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों की परेशानी का सबब बना रहा। एक बैंक कर्मचारी ने बताया कि हम रोज चालीस लाख कैश मंगाते हैं,लेकिन हममे आज अस्सी लाख की मांग की थी, लेकिन पैसा नहीं आया। उन्होने बताया कि मुख्य शाखा सुल्तानपुर चेस्ट में रकम नहीं होने से नकद रकम नहीं आ पाई है। आरबीआई ने नकद रकम देने की रोक लगा रखी है। इसीलिए बैंक शाखा में कैश नही पहुँच पार रहा है। सवाल पूछने पर कबतक कैश उपलब्ध हो जाएगा, कर्मचारी ने जवाब दिया कि इस सप्ताह कोई सम्भावना नहीं है। करोड़ों का लेनदेन प्रभावित हुआ है। ग्राहकों की परेशानी को हम समझते लेकिन क्या करें। सोमवार तक कैश आने की सम्भावना है। बैंक ग्राहकों का कहना है कि इसौली शाखा में बैंक कर्मचारियों की लापरवाही से आएदिन रुपये नहीं मिल पा रहे हैं।जब हमारा ही पैसा तय समय पर नहीं मिल पा रहा है, तो बैंक में पैसे रखने से क्या फायदा है।एक ग्राहक ने तो यहां तक कहा कि सारा पैसा चुनाव में खर्च कर दिया जा रहा है, तो शाखा में कैसे कैश उपलब्ध रहेगा। सात साल हो गया जबसे नोट बंदी चालू हुई है, तबसे बैंक की शाखाओं में हमेशा पैसा ही नहीं रहता है। हालांकि बैंक ऑफ बड़ौदा की हालात खराब आर्थिक संकट से जूझ रही है ऐसे ही रहा तो ग्रामीण क्षेत्रों में राज करने करने वाली बैंक ऑफ बड़ौदा का दीवालियापन का शिकार होने में कोई बहुत दिन नहीं लगेंगे।

# सेल्फी प्वाईन्ट का डीएम, एसपी व सीडीओ ने किया शुभारम्भ



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर सेल्फी प्वाईन्ट का शुभारम्भ किया तथा वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा कर आमजन से मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि सेल्फी प्वाईन्ट के उद्घाटन अवसर पर मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले युवा व नवीन मतदाताओं में काफी उत्सुकता देखने को मिली। डीएम, एसपी व सीडीओ को अपने बीच पाकर युवा व नवीन बालिका मतदाओं ने एक-एक कर जिले की शीर्ष महिला अधिकारियों के साथ सेल्फी शूट की।

# नगर के सौरमऊ में सांसद मेनका गांधी की हुई नुकसान सभा

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के नरायनपुर वार्ड सौरमऊ में नुक्कड़ सभा का आयोजन स्थानीय सभासद अखिलेश मिश्र के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद मेनका गांधी का उद्बोधन प्राप्त हुआ गांधीज़ ने कहा मैं सेवा के लिए आई हूं ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो काम बताएं और उसका काम पूरा ना करु। सबका साथ सबका विकास भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति को सुचारू से पालन कर रही हूं मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रदेश प्रथम रहेगा भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनेगी। आप सबका सहयोग ही भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाएगा। जिला उपाध्यक्ष आलोक आर्य ने पार्टी पदाधिकारी को जीत का मंत्र दिया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल सबको आस्वस्थ किये कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अनवरत सेवा में लगी रहेगी। बूथ के सभी पदाधिकारी पन्ना प्रमुख एवं शक्ति केंद्र संयोजक लालेंद्र प्रताप सिंह पयागीपुर वार्ड के सभासद गिरीश मिश्रा, डा0योगेश शुक्ला,विनोद मिश्रा पूर्व जिला मीडिया प्रभारी रचना अग्रवाल नगर कोषाध्यक्ष मंजू तिवारी महिला मोर्चा पदाधिकारी अरुण कुमार पूर्व सभासद नारायणपुर धनंजय सिंह चरनजीत सिंह बृजेश मिश्र संदीप मिश्रा प्रदीप मिश्रा नारायणपुर शक्ति केंद्र प्रभारी हुबदार सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ये पवित्र ग्रंथ हमारे भारत का संविधान है: रामकृष्ण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** परमपूज्य बोधिसत्व विश्वरत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर अंबेडकर पार्क स्थित जेल चौराहा पर धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह द्वारा की गई। बाबा साहब की प्रतिमा पर अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बाबा साहब के आदर्शों पर चलने के लिये उनके अनुयायियों द्वारा शपथ ली गई एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड. द्वारा किया गया। उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि जिस पर हमारे देश को अभिमान है, वो पवित ग्रंथ हमारे देश का संविधान है। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बाबा साहब पर अपने विचार व्यक्त किये गये। वक्ताओं में डा.सी.एल.वर्मा, डा.फूलचन्द्र पटेल, इंजी.सतीश चन्द्र गौरव, इंजी.धीरज कुमार, इंजी.सुनील कुमार रंजन, इंजी.सुरेन्द्र अहिरवार, रामकुमार अहिरवार, नूर मंसूरी, इंजी संतोष, एड.हरगोविन्द अहिरवार, एड.बृजेन्द्र यादव, रामस्वरूप नामदेव, एड.अर्चना गौतम, अरविन्द अहिरवार, रघवीर राजपूत, रोहित कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

# परिवार परामर्श महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी सीमा सरोज के नेतृत्व में एक जोड़े को समझा बुझाकर विदाई कराई गई। उक्त कार्य में आरक्षी रेनू यादव, महिला आरक्षी सीमा शर्मा, महिला आरक्षी रूपा देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे, सदस्य. पीएलवी ऊषा शर्मा, अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह सदस्य का सराहनीय योगदान रहा। जिनके अथक प्रयासों से लगभग 1 साल से विवादित चल रहे मामले को सुलझा कर शबनूर खान पत्नी आदिल खान निवासी मकान नंबर 30/3 तपस्या रोड साउथ कोलकाता को समझा-बुझाकर उनके पति आदिल खान के साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवाद चल रहा था किंतु सारे मत भेदों को बुलाकर आदिल खान ने अपनी पत्नी शबनूर खान को अपने घर लिवा कर गया। जिसकी भूरि भूरि सराहना की जाती है। वहीं दूसरी तरफ़ देखा जाय तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ साथ नई सोंच भी लोगों में जागृत हो रही है। लगभग सैकड़ों परिवार जो पड़ी मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी खुशी जीवन बसर कर रहे हैं पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

## ऑपरेशन अमानत, रेलवे सुरक्षा बल ने यात्री का छूटा मोबाइल उसे प्राप्त कराया

**सुल्तानपुर।** यात्री अंकित जायसवाल ने सूचित किया कि गाडी सं0 12331 हिमगिरी एक्स0 के कोच सं0 एस-05 सीट नं0 27 पर वह यात्रा कर रहा था। जब गाडी सुल्तानपुर स्टेशन पर आई तो वह कुछ सामान लेने उतरा तो दुकान पर मेरा मोबाइल छूट गया । उक्त सूचना पर कां0 प्रीति द्वारा उक्त मोबाइल को दुकान से लेकर रे0सु0ब0 पोस्ट कार्यालय पर रखा गया। इसकी सूचना यात्री के मो0 नं0 8417857585 पर दी गयी। दिनांक 15 अप्रैल 2024 को एक व्यक्ति जिनका नाम अंकित जायसवाल पुत्र प्रेम कुमार जायसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी म0नं0 126 वार्ड सं0 13 रसडा थाना रसडा जिला बलिया उ0प्र0 पोस्ट उपस्थित हुए तथा अपना एक अदद् मोबाइल को सुपुर्द किए जाने की मॉग की।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने लगाई फांसी,मौत

**सुलतानपुर।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने फांसी लगाकर जान दे दिया। बबलू पुत्र कृष्ण यादव निवासी श्याम नगर अहिमाने जो की तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था, बबलू यादव रात में एफसीआई गोदाम श्याम नगर पीपल के पेड़ पर फांसी लगा लिया। वहां पर पहुंचने पर पता चला कि आर्थिक तंगी की वजह से बबलू ने फंसी लगाई ।मौके पर देहात कोतवाली क्षेत्र की प्रतापगंज पुलिस चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह,दीवान वीरेंद्र मिश्र पहुंचकर उचित कानूनी कार्रवाई की गई।

### कालेज की ई पत्रिका का पंचम अंक लोकार्पित

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के पंचम अंक का मंगलवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। कालेज पत्रिका का पंचम अंक नवरात्रि विशेषांक है। यह विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

# श्रीमरीमाता मन्दिर से कोतवाली देहात तक बनायी मानव श्रृंखला

**जन-जन को मतदान का सन्देश देने में सफल रही मानव श्रृंखला, डीएम ने दिलायी मतदाता शपथ**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में सजग होकर मतदान करने की आवाज जन-जन तक पहुचाएं जाने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(स्वीप 0189 रम्या आर. के कुशल नेतृत्व में जनपद में अभिनव पहल के तहत श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से कोतवाली देहात तक लगभग 05 किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। जिसमें लगभग 8000 जनपदवासियों द्वारा पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभाग किया गया।

मानव श्रृंखला की विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के आहवान पर मानव श्रृंखला के निर्माण में समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं, शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों, जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य ने प्रतिभाग किया।

मानव श्रृंखला में सम्मिलित होते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ मौजूद लोगों का आभार व्यक्त किया तथा मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान दिवस 13 व 20 मई 2024 को आप लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यालय आने वाले बच्चों को किया जायेगा सम्मानित: डॉ. हेमन्त तिवारी

**गर्मी के मौसम में भी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की अनूठी पहल**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के मौसम में बच्चों की उपस्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों और प्रधानाध्यापकों को अनेक प्रयास करने पड़ रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक डा.हेमंत तिवारी ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित करने की घोषणा की। मंगलवार को संकुल केंद्र बिल्ला पर आयोजित मासिक बैठक में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन प्रदीप सोनी और महेश वर्मा ने इन मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बुंदेलखंड राज्य की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रकाशित करने वाले डा.हेमंत तिवारी को भी विशेष प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इस बैठक में संकुल शिक्षक अखिलेश श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, शैलेंद्र बुंदेला, अखिलेश अवस्थी, दीपक रजक, शैलजा यादव, शिव, कृपाल सिंह, महतम, रूपेश पटेरिया, अनूप जैन, रविंद्र सिंह परमार, मयभान सिंह, खुशबू सैनी आदि प्रधानाध्यापक आदि शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की आख्या खंड शिक्षा अधिकारी ने मांगी है जिनको स्पष्टीकरण जारी किए जा रही है।

## सम्राट अशोक महान की 2328वीं जयन्ती मनायी

**ललितपुर।** अखिल भारतीय सेन समाज उ.प्र. के तत्वाधान में आयोजित एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य अतिथ्यि में संपन्न हुयी। बैठक में भारत के महान सम्राट अशोक की 2328वीं जयन्ती मनायी गयी। इस दैरान उनके जीवनकाल में किये गये कार्यो एवं शिलालेखों के स्तम्भ लेखों के बारे में प्रकाश डाला गया। सम्राट अशोक का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की अष्टमी को तदानुसार ईसा पूर्व 304 में हुआ था। वह 40 वर्ष बिना तलवारर के धम्म के सहारे शासन करने के बाद 72 वर्ष की आयु में ईसा पूर्व 232 में परिनिवृत्व हुये थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि ईसा, बुद्ध, अरस्तु, बेकन व लिंकन के साथ सम्राट अशोक को भी इतिहास में 6 प्रमुख व्यक्तियों में सम्मान दिया गया है।

# इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदान किया गया प्रशिक्षण

**दिलायी गयी मतदाता शपथ**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में स्थापित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम के संचालित शिकायत कन्ट्रोल रूम, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया कन्ट्रोल रूम, बेवकास्टिंग कन्ट्रोल रूम, ईवीएम ट्रैकिंग कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम में तैनात किये गये अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान प्रदान की गयी जानकारी के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आप सभी लोगों को महत्वपूर्ण कार्य का दायित्व सौपा गया है। डीएम ने कहा कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाले शिकायतों, समस्याओं का समय से सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराया जायेगा। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति पूरी तरह प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि आपको अपने दायित्व का निर्वहन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होनें निर्देश दिया कि कन्ट्रोल रूम में तैनात किये गये अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके दायित्व के अनुसार व्हाट्सअप ग्रुप बना दिया जाय ताकि त्वरित ढंग से सूचनाओं का आदान प्रदान हो सके।

# धूमधाम से मनाया गया दुर्गा अष्टमी एवं रामनवमी का पर्व



अवधनामा संवाददाता

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** विद्यालय के मीडिया प्रमुख एवं संगीताचार्य दीनबंधु सिंह की सूचना के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर के वंदना सभा में दुर्गा अष्टमी एवं रामनवमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने भगवान राम और मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, प्रधानाचार्य अवधेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां राम के रूप में भैया एवं दुर्गा के रूप में बहने विराजमान है, भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं क्योंकि वह गुणों की खान है, हमें अपने अंदर गुणों को विकसित करके आदर्श बन सकते हैं। विद्यालय की बहन साक्षी सिंह ने कहा हमें पुस्तकों का आदर्श अपने जीवन में उतरना है, विद्यालय के अचार्य नीरज पान्डेय ने कहा कि जब पृथ्वी पर धर्म की हानि और अधर्म बढ़ता है तो ईश्वर का अवतार होता है, इसी कड़ी में भगवान राम का अवतार अयोध्या में हुआ था। बहन सुष्मिता पाठक ने आंग्ल भाषा में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने अंदर की बुराई दूर करके अच्छाइयों को विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आस्था उपाध्याय ने किया इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु आचार्या भगिनी एवं भैया बहन मौजूद

## सुल्तानपुर में संचारी रोग अभियान बना मजाक

**सुल्तानपुर।** मच्छर रोधी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान शुरू किया। इसके तहत मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेकिन गांवों में सफाई न होने और छिड़काव के अभाव में मच्छरों की तादाद निरंतर बढ़ रही है। साफ सफाई का जिम्मा पंचायतों को दिया गया था। लेकिन सफाई ना होने के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है। नालिया कीचड़ से बज बजा रही हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

जिम्मा पंचायतों को दिया गया था। लेकिन सफाई ना होने के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है। नालिया कीचड़ से बज बजा रही हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

## ईद मिलन कार्यक्रम मुशायरा के साथ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गोविंद सागर बांध ग्रुप का ईद मिलन समारोह स्वामी अनुराग अमर के आवास पर मुशायरा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ललितपुर जनपद के जाने-माने शायर भाई करीम असर, जहीर ललितपुरी, आचार्य लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं स्वामी अनुराग अमर ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए स्वामी अनुराग अमर ने कहा कि ईद का त्योहार खुशियों का त्यौहार है, आज हम सब यहां मिलकर ईद को खुशियों के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा भारत वर्ष में त्योहार हमें आपस में भाईचारा एवं प्रेम का संदेश देते हैं हमें मिलजुल कर रहना और आपस में प्रेम करना सिखाते हैं। ललितपुर के जाने-माने शायर करीम असर ने अपनी शायरी गजल एवं गीत प्रस्तुत किया। उनका गीत फूलों का गुलदस्ता प्यारा हिंदुस्तान हमारा है को श्रोताओं ने बहुत सराहा। जहीर ललितपुरी द्वारा से सुनाई गई गजल अपने सीने में झांक कर दिल को आदमी ने कभी नहीं देखा, एहसास का समुंदर है जो किसी ने कभी नहीं देखा की श्रोताओं ने सराहना की। आचार्य लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने अपनी कविता अंतर तो है में बहुत से अंतरों को प्रस्तुत किया, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया।

# संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियां गुणवत्तायुक्त पूर्ण करें अधिकारी: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2024 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत करते हुए सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने द्वितीय सप्ताह में सम्पन्न गतिविधियों का मानीटरिंग फीडबैक प्रस्तुत करते हुए बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा की जाने वाली गतिविधियां झाडियों की कटाई, ग्रामों में नालियों की सफाई, जलजमाव का निस्तारण, लार्वीसाइडल दवा का छिड़काव तथा नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियां नालियों की सफाई, वार्डो में फागिंग, नालियों में लार्वानाशक दवा का छिड़काव। कृषि विभाग द्वारा की जाने वाली गतिविधि चूहों और छछून्दरों से होने वाले रोगों से बचाव हेतु ग्रामों में जनजागरूकता बैठकें करना। महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनबाड़ी द्वारा दस्तक अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधि आंगनबाड़ियों का आशाओं के साथ घर भ्रमण, घर भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ियों द्वारा परिवारों को कुपोषण से बचाव के सम्बन्ध में सलाह देना। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत आशाओं द्वारा की जाने वाली गतिविधियां आशाओं द्वारा घर भ्रमण, 108 एम्बुलेन्स के उपयोग के बारे में जानकारी देना, परिवारों को मच्छर प्रजनन स्रोतों की जानकारी देना, मच्छर प्रजनन स्रोतों को नष्ट करने के बारे में बताना, लू से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी देना, तेज बुखार में जल्दी इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने के महत्व के बारे में बताना, चूहों, छछून्दरों एवं झाडियों से होने वाली बीमारियों के बारे में बताना आदि सभी विभागों की गतिविधियों का मानीटरिंग फीडबैक राज्य औसत से बहुत कम पाया गया, विशेष तौर पर नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग की गतिविधियों का जनपद का मानीटरिंग फीडबैक राज्य औसत से बहुत कम पाया गया।

# जिला जज को दी गयी विदाई

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिऐशन में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला बार एसोसिऐशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव व महामंत्री महेन्द्र कुमार जैन झब्बू व समस्त कार्यकारिणी जिला बार एसोसिऐशन के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, ए.डी.जे डकैती, साविरता अकिल, ए.डी.जे, एस.सी/एस.टी एक्ट बाबर खान, ए.डी.जे पॉक्सो एक्ट मैराज अहमद, ए.डी.जे / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सिंह तृतीय, ए.सी.जे.एम अक्षयदीप यादव, ए.सी.जे एम (एफ.टी.सी) सुरेखा के अन्यत्र स्थानांतरित होने पर भावभीनी विदाई दी गयी। उनके द्वारा किये गये फैसलों व उनकी कार्य कुशलता की सराहना करते हुये उनके उज्जवल भविष्य कामना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष ने कहा की जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान अनेक फैसले किये हैं। कार्यक्रम के दौरान अन्य अधिवक्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। जिला बार एसोसिऐशन की ओर से स्थानांतरित हुये न्यायाधीशों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.ए.सी.टी. न्यायाधीश अरविन्द कुमार, ए.डी.जे प्रथम गुलाब सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह को जिला बार एसोसिऐशन के अध्यक्ष व महामंत्री व अन्य जिला बार एसोसिऐशन के पदाधिकारी व सम्मानित किया गया। इस दौरान अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, लखनऊ की तरफ से निम्न कार्य हेतु दिनांक को समय बजे तक IREPS पर दवा आपूर्ति के कार्य हेतु पंजीकरण के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नवत है।

| | |
|---|---|
| 1. | सूचना सं. : 43-Med/Vendor Registration/LP/2024 Dt. |
| 2. | निविदा नम्बर : NRDH-LKO-2024LP |
| 3. | कार्य का नाम : मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ के अधीनस्थ दवा/एवं सर्जिकल एवं कन्ज्यूमेबिल (आरथोपेडिक इम्पलान्ट), की खुदरा आपूर्ति उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ में करने के लियें, जिला लखनऊ में स्थित प्रतिष्ठानों/वेन्डर्स का पंजीकरण करने के कार्य हेतु |
| 4. | दो वर्ष की कार्य अवधि की अनुमानित राशि : रु. 3,62,40,000 (रु. तीन करोड़ बासठ लाख चालीस हजार मात्र) |
| 5. | कार्य का अपेक्षित मूल्य मासिक टर्न ओवर : रु. 15.14 लाख (रु. पन्द्रह लाख चौदह हजार मात्र) |
| 6. | मंडल चिकित्सालय उ.रे. लखनऊ के वार्षिक स्थानीय क्रय का परिमाण/मात्रा: पिछले दो साल की खरीद का औसत रु. 1.812 करोड़ |
| 7. | पिछले तीन वर्षों (2020-21, 2021-2022 एवं 2022-2023) में फर्म/वेन्डर से अपेक्षित न्यूनतम वार्षिक घरेलू कारोबार: पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए फर्म का औसत वार्षिक टर्न ओवर रु. 5.436 करोड़ के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। निविदा के अनुमानित वार्षिक मूल्य का तीन गुना (पिछले 2 वित्तीय वर्षों में की गयी स्थानीय खरीद के औसत मूल्य के आधार पर 1.812 x 3=5.436 करोड़) |
| 8. | पंजीकरण अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये |
| 9. | ई. ओ.आई./निविदा का प्रकार : Open on IREPS. |
| 10. | Bidding प्रणाली : एकल पैकेट (तकनीकी एवं वित्तीय) |
| 11. | अग्रिम धनराशि/धरोहर राशि : रु. 7,24,800 (निविदा मूल्य का 2%) |
| 12. | निविदा बंद करने की तिथि एवं समय : 06.05.2024, 17:00 बजे |
| 13. | उत्तर रेलवे बेबसाईट : (www.ireps.gov.in) |
| 14. | पंजीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी : पंजीकरण व आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। |

1141/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्राम टेढ़ा में आग से सवा सौ बीघे की फसल जलकर हुई राख

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लॉक सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में विद्युत तार टूट कर खेत में गिर जाने से एक दर्जन किसानों की सवा सौ बीघे खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई , आग से करीब 30लाख की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है, सूचना पाकर देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की मशीन ने आग पर पूरी तरह काबू पाया, इसी तरह ग्राम चंदौखी में भी अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन बीघे फसल जलकर खाक हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार टेढ़ा गांव के पचखुरा रोड के किनारे नलकूप के पास मंगलवार की



दोपहर करीब ढाई बजे राजन सिंह के खेत में विद्युत तार टूट कर गिर पड़े तो खड़ी फसल में आग लग गई, हवा का रुख पाकर पल झपकते ही आग ने विकराल रूप ले लिया तो एक दर्जन किसानों की सवा सौ बीघे में खड़ी गेहूं की फ़सल स्वाहा हो गई मौके पर पहुंचे किसान देखते ही रह गए, फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद मशीन जब तक पहुंची सवा सौ बीघे की फसल स्वाहा हो चुकी थी, आग से रामासरे तिवारी की 30 बीघे, हरिचरन चंदेल 30 बीघे, कैलाश साहू 12 बीघे,कौशल किशोर साहू 6 बीघा, पुत्तन साहू 6 बीघा, रमेश साहू 4बीघा ,दिनेश साहू 4बीघा ,महेश साहू 4बीघा , रामनरेश 6 बीघा, राजेंद्र सिंह 6 बीघा तथा प्रेमा देवी की 6 बीघा कुल 124 बीघे फसल जलकर नष्ट हुई है, जिससे किसानों का करीब 30 की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी तरह ग्राम चंदौखी में दिनेश श्रीवास्तव के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई तो तीन बीघे की फसल जलकर स्वाहा हो गई है।

# प्रधान संघ ने की कार्यवाही की मांग

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर सुमेरपुर** विकास खंड सुमेरपुर में एक इंशोरेन्स कम्पनी का मैनेजर बताकर ग्राम प्रधानों को अनावश्यक ढंग से फोन करके परेशान कर रहा है। प्रधान संघ की अध्यक्ष ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर इसकी जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

ब्लाक सुमेरपुर के ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष बन्दना सचान ने थाना प्रभारी सुमेरपुर को शिकायती पत्र देकर बताया है कि राहुल त्रिपाठी नाम का व्यक्ति जो अपने आप?को यूनाइटेड इंडिया इंशोरेन्स कम्पनी के हमीरपुर ब्रांच का मैनेजर बताता है। प्रधानों को अनावश्यक ढंग से फोन करके ग्राम पंचायतों की सूचना मांगता है। जब उससे प्रधान सूचना माँगने कर कारण जानना चाहते है तो फोन द्वारा कथित मैनेजर अभ्रद भाषा का प्रयोग करता है।और जिलाधिकारी के नाम की धमकी देता है। जिससे ग्राम प्रधानों में रोष व्याप्त है। प्रधान संघ अध्यक्ष बंदना सचान,नोखेलाल यादव टेढ़ा, उदय भान यादव नदेहरा, कलौलीजार अरविंद यादव, कुंडोरा प्रधान सबिता देवी सहित ग्राम प्रधानों ने इस प्रकरण की जांच कराकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से की है।

# ई रिक्शा रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जनपद हमीरपुर में राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हमीरपुर ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद वासियों को स्टीकर व रैली के माध्यम से संदेश देते हुए जागरूक किया जा रहा है कि अपना अमूल्य मत 20 मई को मतदान केंद्र पर जाकर अवश्य डालें। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर बस स्टैंड,अमन शहीद, रहुनियां,पशु चिकित्सालय, सैयद वाड़ा, कालपी चौराहा, कोतवाली, किंगरोड, स्टेडियम से होते




हुए लक्ष्मीबाई पार्क में समापन हुआ। रैली में चन्द्रशेखर शुक्ला सीडीओ स्वीप नोडल अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, अजीत कुमार डीडीओ, ट्रैफिक पुलिस द्वारा सुरक्षा व वाहन संचालन व्यवस्था की गयी तथा सभी ई रिक्शा पर आगामी लोकसभा चुनाव 20 मई को मतदान हेतु स्टीकर लगाकर जागरूक किया गया। रैली व्यवस्था हेमराज ईओ नगर पालिका तथा संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर ने किया।

# कान्हा गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के कान्हा गौशाला में संरक्षित गोवंश के लिए संचालित व्यवस्था का औचक निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष व पशु चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किया गया।

स्थानीय कान्हा गौशाला में संरक्षित गौ वंश की व्यवस्था बनाए रखने के लिए पशु चिकित्सा लय की टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने पशुओं के रख रखाव व चारा भूसा आदि का निरीक्षण किया। पशुधन प्रसार अधिकारी राहुल कुमार ने अपनी टीम के साथ पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। तथा पशुओं के टैग, टीकाकरण आदि की व्यवस्था



सुनिश्चित की।

निरीक्षण के दौरान सभी पशु स्वस्थ पाए गए। चारा, भूसा आदि पर्याप्त मात्रा में स्टोर किया गया है। इस अवसर पर कान्हा गौशाला में कार्यरत कर्मचारी मौजूद रहे। चेयर मैन ने बताया कि पशुओं के रखरखाव की पूरी व्यवस्था की जा रही है।

## अष्टमी पर जगह-जगह किया गया कन्या भोज का आयोजन

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद में मुख्यालय सहित कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में आज अष्टमी के अवसर पर जगह जगह कन्या भोजन का आयोजन किया गया। तथा छोटी छोटी कन्याओं को भक्तो ने खीर खिलाई।तथा भेंट दिया।

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्र के अवसर पर अष्टमी के दिन नौ दिन तक व्रत रखने वाले देवी भक्तो ने कन्या भोजन कार्यक्रम आयोजित किया। तथा गांव में भी कन्या भोजन की धूम रही। कस्बे के बड़ी देवी मंदिर सहित घरों में कन्या भोजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। तथा जवारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाएं ने देवी गीत गायन

# विकास खण्ड के दो गावों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा/हमीरपुर।** लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए आमजन को प्रेरित करने के साथ ही मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से विकास खण्ड के दो गावों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।विकास खण्ड के ग्राम सिजवाही में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी और गांव के स्कूलों में तैनात अध्यापकों के साथ ही बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे इस दौरान लोगों को लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित




करने के साथ ही मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वहीं विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम उरदना में ग्रामीण आजीविका मिशन,स्वयं सहायता समूहों और आंगनबाड़ी के नेतृत्व में सारे गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें महिलाओं ने बढचढ भागीदारी निभाई इस दौरान पूरे गांव के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## रोगों पीड़ित, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों की माताएं चुनाव ड्यूटी में न जोड़े नाम

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को महिला शिक्षिकाओं (कार्मिकों) की परिस्थिति जन्य समस्या के संबंध में कौशर जहा सिद्दीकी जिलाध्यक्ष उत्तरप्रदेश महिला शिक्षक संघ सोनभद्र के नेतृत्व में लोकसभा निर्वाचन



ड्यूटी से मुक्त कराने हेतु उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जनपद सोनभद्र के जिला निर्वाचन अधिकारी को सम्बोधित करते हुए डीएम एवं एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया और उनसे अनुरोध किया कि असाध्य रोगों से पीड़ित, गर्भवती महिलाओं,छोटे बच्चों की माताएं, 58 वर्ष से ऊपर के कार्मिक, एवं एकल अभिभावक महिलाओं को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त किया जाए। अध्यक्ष ने बताया कि तपती गर्मी में चुनाव कराए जाएंगे जिसमें विभिन्न प्रकार के बीमारियों से ग्रस्त हुआ बुजुर्ग अध्यापक अध्यापिकाएं वह नवजात बच्चों की मां व गर्भवती महिलाओं के नाम ना जोड़ा जाए जिससे कि उनका चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी समस्या से जूझना पड़े जिसको ध्यान नाथ करते हुए संबंधित अधिकारी को पत्र देकर अनुरोध किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री त्रिपाठी ब्लॉक संयुक्त मंत्री साधना गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राठ में टॉय लाइब्रेरी का केजी अग्रवाल ने किया उद्घाटन

**अवधानामा संवाददाता**

**राठ/हमीरपुर।** सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही संस्था सृजन एक सोच ने पगारिया वेलफेयर के सहयोग से नगर के सिकंदरपुरा मुहल्ले स्थित सुभाष चंद्र बोस प्राथमिक विद्यालय में बनाई गई जनपद की पहली टॉय लाइब्रेरी की स्थापना कराई। लाइब्रेरी का उद्घाटन व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के.जी अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान पगारिया फाउंडेशन से वैदेही पगारिया ने बताया कि यह खिलौने बच्चों को मनोरंजन के साथ साथ उनके मानसिक स्तर को भी बेहतर करेंगे। इस पहल के माध्यम से बच्चों का ताल्लुक शिक्षा से जुड़े नए



और रोचक विषयों के साथ मजबूत होगा। इस दौरान सृजन एक सोच के संस्थापक प्रभात सक्सेना ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि शहर और गांव के बीच पढाई का जो अंतर है उसे कैसे कम किया जाए। सृजन एक सोच के सीइओ विकास तिवारी ने कहा कि सृजन का उद्देश्य है कि ग्रामीण परिवेश में जो शिक्षा का अभाव है। हम चाहते हैं उन सभी बच्चों को उत्तम शिक्षा, उत्तम सुविधाएं मिलना चाहिए। जिससे वे आगे प्रेरणास्रोत एवं आदर्श बनें। इस मौके पर सृजन एक सोच से शालिनी तिवारी, विनय गुप्ता, गोविंद, राजनंदिनी,रवि कुमार, नीलेश, महेंद्र मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने किया इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का दावा

**भाजपा का संकल्प पत्र एक जुमला पत्र, भाजपा बताए दो करोड़ नौकरियां, 15 लाख रुपया, किसानों की आय दुगुनी वादे का क्या हुआ**

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर, 400 का सिलेंडर 1200 का हो गया. आटा, दाल दूध तेल पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे। जिला सोनभद्र आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी, सांसद संजय सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार करने को निर्देशित किया गया हैं. आम आदमी पार्टी सोनभद्र के जिला अध्यक्ष रमेश गौतम ने उत्तर प्रदेश इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव से उनके आवास इमरती कॉलोनी में

- **पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी 42 वर्षों में सबसे अधिक**

औपचारिक भेट कर गठबंधन के के साथ खड़े होकर ,संयुक्त सहयोग पर चर्चा हुई। कल 17 अप्रैल 2024 दिन के 12 बजे सपा कार्यालय में इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों के जिलाध्यक्ष के साथ संयुक्त बैठक की योजना है।

लोकसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा के संकल्प पत्र को आम आदमी पार्टी ने जुमला पत्र बताया। जिला अध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा भाजपा के संकल्प पत्र से महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की एमएसपी गायब है।भाजपा की पिछली घोषणाएं



जमीन पर आज तक नहीं आ पाई. भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र में वादा किया था, 20 करोड़ नौकरियां, काला धन, 15लाख रुपया, किसानों की आय दोगुनी, सभी को पक्का मकान का मोदी जी का वादा क्या हुआ भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है। 400 का सिलेंडर 1200 का हो गया. आटा, दाल दूध तेल पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं।उद्योगपतियों को लूट की छूट है आम आदमी बेहाल है।

जिला अध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा देश में अघोषित इमरजेंसी लगी है फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है , चुनाव के वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया, उनको जेल में डालकर प्रचार करने से रोका गया. भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है। जनता जेल का जबाब वोट से देगी।

सपा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में ईंधन और दवाओं की कीमतें काफी बढ़ गई हैं।

पीएम मोदी के कार्यकाल में, बेरोजगारी 42 वर्षों में सबसे अधिक हो गई। किडनी की बीमारियों, कैंसर और तपेदिक की दवाओं की लागत भी काफी बढ़ गई।अग्निवीर योजना से युवाओं को धोखा दिया गया था। भाजपा सरकार में नौजवानों को रोजगार मांगने पर लाठियां मिली हैं।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम आसरे ने कहा कि 2024 के चुनाव में गलती से भी भाजपा को वोट न चला जाए अगर भाजपा को वोट दिया तो चुनाव जीतने के बाद भाजपा सरकार संविधान को बदल देगी और देश में खुलेआम तानाशाही का राज होगा इसलिए जनता से अपील करता हू कि भारी मतों से गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाएं।

# दुद्धी विधान सभा क्षेत्र से ताल ठोकेंगे श्रवण सिंह गौड़

**दुद्धी विधानसभा से श्रवण सिंह गौड को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर पूरे क्षेत्र मे जश्न का माहौल**

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की चार रिक्त विधान सभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा का ऐलान कर दिया है।वही भाजपा जिलाध्यक्ष नंदनलाल ने बताया कि सोनभद्र जिले के दुद्धी विधान सभा सीट पर श्रवण गौड को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश की आखिरी विधानसभा दुद्धी मे भाजपा के विधायक राम दुलार के जेल जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी,इस सीट पर उप चुनाव होने जा रहा है।श्रवण सिंह गौड राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कई महत्वपूर्ण पदो के साथ भाजपा मे प्रदेश स्तर तक के पदो पर



कार्य कर चुके है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह से सेवा सुरु करने के बाद जिला प्रचारक सोनभद्र ,विभाग संगठन मंत्री,सेवा समर्पण संस्थान वनवासी कल्याण आश्रम, सह प्रशिक्षण प्रमुख काशी क्षेत्र के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसूचित जनजाति बोर्ड के सदस्य ,राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य भी रह चुके है। वर्तमान मे श्री गौड जी भजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। साथ ही कोन मंडल का प्रभार भी भाजपा द्वारा दिया गया है।श्रवण सिंह गौड स्वच्छ छवि एवं अच्छे समाज सेवी के रूप मे जाने जाते है। गौड विरारदरी मे इनकी काफी अच्छी पकड़ मानी जाती है। साथ ही अन्य वर्ग मे इनकी अच्छी खाशी छवि बताई जाती है। इन्होने अपना सर्वाधिक समय समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक के रूप मे बहुत दिनों जंगल, पहाड़,दूर दराज के क्षेत्रो, आदिवासी समाज मे अपनी सेवा देते रहे है।श्रवण सिंह मूल रूप से दुद्धी तहसील के घुमा गांव के रहने वाले है। इनके पिता जी का नाम होती लाल गौड है।समाज सेवा के दृष्टगत श्रवण जी ने लगभग 38 वर्ष की उम्र मे भी शादी नही किया है।भाजपा नेतृत्व द्वारा श्रवण को प्रत्याशी घोषित किये जाने की खबर जैसे ही जनपद के लोगो को लगी चारो तरफ जश्न का माहौल देखा गया।सूत्रों की माने तो अब दुद्धी विधान सभा सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।वही सपा ने अपने पूर्व विधायक/मंत्री विजय सिंह गौड को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।दुद्धी क्षेत्र मे इसके पूर्व अपना दल के प्रत्यासी हरि राम चेरो ने चुनाव जिता था,उसके बाद इस सीट पर भाजपा के राम दुलार गौड ने जीत हासिल किया था।

## रामनवमी के पूर्व संध्या पर जन जागरूक यात्रा निकली गई

**सोनभद्र।** मंगलवार को सोनभद्र नगर के मध्य स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर श्री राम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा रामनवमी के पूर्व संध्या पर पर जन जागरूक यात्रा निकलद्व गई अखाड़ा समिति के अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि यह यात्रा दिनांक 17 अप्रैल 2024 को निकालने वाले भव्य श्री राम दरबार शोभा यात्रा मैं सभी राम भक्त को आमंत्रण के लिए निकलद्व गई है। यात्रा का मुख्य मार्ग श्री राम जानकी मंदिर से होते हुए में चौक में चौक से बरौली चौराहा बरौली चौराहे से वापस श्री राम जानकी मंदिर पर समापन किया गया और मार्ग पर सभी राम भक्तों से यात्रा में शामिल होने के लिए निवेदन किया गया कि आप सभी अपने इष्ट मित्रों के साथ यात्रा में शामिल हो।

# मेरा सोनभद्र मेरी शान

**1 जून को करे मतदानः जिला अधिकारी चंद्र विजय सिंह**

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मंगलवार को Sveeà¿ 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में पिंक स्कूटी रैली को आज जिलाधिकारी महोदय के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह ,डीपीआरओ नमिता शरण, जिला



सूचना अधिकारी सुधांशू शेखर , धनंजय सिंह (खंड शिक्षा अधिकारी रॉबर्ट्सगंज) अशोक कुमार सिंह (खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कलेक्ट्रेट परिसर से चलकर बढौली चौराहा एवं नगर के मुख्य मार्गो से गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है 1 जून को मतदान है उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से नगर गुंजायमान रहा। इस कार्यक्रम में को सफल बनाने में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महिला संवर्ग की जिला अध्यक्ष साधना सारंग,महामंत्री शशि बाला सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला शिक्षिकाएं एवं सहयोगी शिक्षक बंधु जन अरुणेश पांडे एवं Sveeà¿ नोडल अनिल पासवान एवं आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पूर्व विधायक के बेटे पर बसपा ने लगाया दांव

- **अतर्रा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं बसपा प्रत्याशी**

**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** काफी इंतजार के बाद ही सही, लेकिन सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने बांदा-चित्रकूट लोकसभा संसदीय सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। बसपा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को बसपा ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा के जोनल कोआर्डिनेटर लालाराम अहिरवार ने मयंक के नाम का ऐलान करते हुए कहा कि बसपा अपने दम पर पूरे प्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रही है और लोकसभा क्षेत्रवार जातीय समीकरणों को देखते हुए सर्वाधिक संख्या के



आधार पर उम्मीदवारों का चयन कर रही है। मयंक द्विवेदी का टिकट भी इसी दावे का एक नमूना है। मयंक द्विवेदी के पिता शुरू से ही छात्र राजनीति से जुड़े रहने के बाद स्व. पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी 2007 में नरैनी विधानसभा से विधायक रहे हैं। पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए मयंक द्विवेदी ने अतर्रा ग्रामीण क्षेत्र से अपनी पत्नी विनीतिका द्विवेदी को जिला पंचायत पहुंचाया, वहीं मौजूदा समय में मयंक स्वयं ही उसी सीट से जिला पंचायत सदस्य हैं। उनका मुकाबला सत्ताधारी भाजपा के उम्मीदवार मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल से होना तय है।

## बंद मकान के लाकर से लाखों के जेवरात व नकदी गायब

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में बीती रात एक बंद मकान में संदिग्ध हालत में जेवरात एवं नगदी गायब मिली। इसका खुलासा गृह स्वामी के बीती रात घर के अंदर बने लाकर को खोलने पर हुआ। पीडित ने चौकी इंचार्ज को तहरीर सौंपी है। जिसमें करीब 10 लाख की जेवरात तथा 94 हजार नगद गायब होने की बात कही गई है। सुरौली बुजुर्ग निवासी रवि शिवहरे ने चौकी इंचार्ज को सौंपी तहरीर में अवगत कराया है कि गत 11 अप्रैल को वह मकान में ताला बंद करके परिवार को छोड़ने सुमेरपुर गया था। 12 अप्रैल को वह वापस आकर कार्य में मशगूल हो गया। उसमें तेल मिल लगा रखा है। सोमवार को रात 8.30 बजे जब वह कैश लेकर लाकर में रखने गया तो सोने चांदी हीरे के करीब 10 लाख के जेवरात और 94 हजार रुपए नगद गायब थे।

# योजनाओं से आम जनता को कराया रूबरू

- **पुरानी योजनाओं पर वाहवाही नई घोषणाओं का पिटारा रहा 'संकल्प पत्र'**
- **जलशक्ति राज्यमंत्री ने पत्रकारों के समक्ष बताई संकल्प पत्र की खास बातें**

**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में जारी किया है। सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताया है। कहा है कि आने वाले पांच साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहेंगे। कुल मिलाकर भाजपा का संकल्प पत्र पुरानी योजनाओं पर वाहवाही और



नई घोषणाओं के पिटारे के रूप में सामने आया है। संकल्प पत्र में विकसित भारत की तस्वीर के साथ ही आम जनता के हितों को पूरा करने का दावा किया गया है।

सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री श्री निषाद ने बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र 76 पन्नों में समाहित किया गया है, जबकि इसे तैयार करने में करीब 15 लाख से अधिक सुझाव मांगे गए हैं। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां जनता के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए संकल्प पत्र बनाया गया है। संकल्प पत्र में भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज आफ लिविंग, विरासत का विकास,गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टरों का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलाजी और पर्यावरण को रखा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरा होने की गारंटी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब,वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया है। उनके शरीर का कण कण और जीवन का क्षण क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। युवाओं के लिए पेपर लीक पर लगाम लगाने हेतु कानून लाया जायेगा। इसे सख्ती से लागू करके युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी। हमारी सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है।

# कांग्रेस, सपा और बसपा के जोनल कोऑडिनेटर समेत कई पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**प्रत्येक सेक्टर को मजबूती देने की गारंटी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच दल बदलने के दस्तूर तहत मंगलवार को भी सपा, बसपा और कांग्रेस के तमाम लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें बसपा को जोनल कोऑडिनेटर विजय कुमार (कुशीनगर) और अंबेडकर नगर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा वर्मा समेत तमाम जिलों के पदाधिकारी भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी नए



सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं से जन-जन का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब और किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए मोदी की गारंटी है। प्रत्येक सेक्टर को मजबूती देने की गारंटी है। उन्होंने सभी नावगंतुकत सदस्यों का सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जुड़कर काम करने और अपने-अपने क्षेत्रों व बूथों पर जाकर भाजपा को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख लोगों में बसपा के जोनल कोआर्डिनेटर व जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू व नीरज प्रजापति (बांदा), नगर पालिका परिषद उन्नाव पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी अनीता द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य आदित्य यादव (आजमगढ़), नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय सोनी (प्रतापगढ़), सपा के प्रदेश महासचिव दया शंकर सिंह यादव (गाजीपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सिंह पटेल (मीरजापुर) समेत तमाम लोग शामिल हैं। इनके अलावा बहुत संख्या में बसपा, सपा और कांग्रेस के जिला पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सदस्यता ली।

## कन्नौज संसदीय सीट पर सपा ने बढ़ा रखा है सस्पेंस

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के एलान को एक महीना हो चुका है। पहले दो चरण की नामांकन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। तीसरे चरण की सीटों के लिए नामांकन हो रहा है। कन्नौज संसदीय सीट के लिए नामांकन एक दिन बाद शुरू हो जाएगा। भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बसपा ने एक बार टिकट भी बदल दिया है। लेकिन सपा के उम्मीदवार का नाम अब तक सामने नहीं आया है। सपा की अब चुप्पी सियासी सस्पेंस बढ़ा रही है।

प्रशासनिक और सियासी गलियारों में भी हर समय इसी की चर्चा है कि सपा से उम्मीदवार कौन होगा और नाम के एलान में देरी के पीछे वजह क्या है। सियासी जानकारों का कहना है कि इसके पीछे सपा सुप्रीमो की सधी हुई चाल है। वह प्रतिद्वंदी खेमे को इसी मुद्दे पर उलझाए रखना चाहते हैं।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद सहारनपुर में रोड शो करते

# कवच प्रणाली पर रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों को सर्वोच्च न्यायालय ने सराहा

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल को स्वदेशी टक्कर-रोधी प्रणाली कवच के कार्यान्वयन सहित ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों को दर्ज किया और मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों की सराहना की।

रेल दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए उपायों के बारे में सुप्रीम कोर्ट की हालिया सराहना रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को रेखांकित करती है। यह सराहना जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की अध्यक्षता में सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी द्वारा स्थिति-रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद की गई है। सुनवाई के दौरान, पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, ÷हम भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हैं। उन्होने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि जनहित




में इन कार्यवाहियों की शुरुआत को भारत सरकार और भारतीय रेल द्वारा पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है। यह सुनवाई बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस, जो लगभग 2,500 यात्रियों को ले जा रही थी, और पिछले साल जून में ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा के पास बाजार स्टेशन पर एक मालगाड़ी की दुर्घटना के कुछ दिनों बाद दायर एक याचिका पर आधारित थी। फरवरी में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से कवच प्रणाली समेत रेल सुरक्षा उपायों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कवच प्रणाली को 2002 में अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा तीन भारतीय वेंडरों के सहयोग से विकसित किया गया। न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने उन समाचार रिपोर्टों के बारे में सरकार से पूछताछ की थी कि कवच को ÷कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से लागू किया गया था ÷। इस पर श्री वेंकटरमणी ने कहा कि इसमें ÷बड़ी तकनीकी चुनौतियाँ शामिल थीं÷, और उन्होने स्थिति-रिपोर्ट में इसे विस्तृत रूप से शामिल करने का वादा किया। इसके अलावा, 23 मार्च, 2022 को स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली (एटीपी) जिसे कवच कहा जाता है, के विकास के संबंध में रेल मंत्रालय की घोषणा पूरे भारत में रेलगाड़ी संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देती है।

# टिकट देने में सपा ने साधे जातीय समीकरण

**सिर्फ 7 प्रतिशत मुस्लिम प्रत्याशी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा ने टिकट देने में जातीय समीकरणों को साधने का पूरा प्रयास किया है। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा है कि उसके किसी कदम से धार्मिक ध्रुवीकरण का संदेश न जाए। यही वजह है कि मुस्लिम और यादवों से ज्यादा कुर्मी, मौर्य- शाक्य-सैनी-कुशवाहा प्रत्याशियों को टिकट दिए हैं। सपा के अब तक घोषित किए गए 57 प्रत्याशियों में से चार मुस्लिम, नौ सामान्य वर्ग के, 15 एससी और 29 ओबीसी हैं। गठबंधन के तहत सपा को यूपी में 62 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने हैं, जबकि 17 सीटें कांग्रेस और एक तृणमूल कांग्रेस के खाते में है। सपा ने टिकट देने में अपनी पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) रणनीति का ध्यान तो रखा है, पर मंशा यह भी रही है कि आधार वोट में प्लस करने वाले प्रत्याशी उतारे जाएं। इन्हीं समीकरणों के तहत नौ सीटों-बस्ती, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, बांदा, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, कुशीनगर और श्रावस्ती में कुर्मी-पटेल-सैंथवार प्रत्याशी दिए हैं। मुस्लिम और यादव (माय) सपा के आधार वोट बैंक माने जाते हैं, लेकिन सिर्फ चार सीटों- कैराना, गाजीपुर, संभल और रामपुर में ही उसने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं।

# बसपा ने मोदी के मुकाबले वाराणसी में लारी को मैदान में उतारा

**ब्राह्मण और मुस्लिमों को तरजीह**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पांचवीं सूची जारी कर दी, जिसमें वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा गया है। वहीं पड़ोसी जिले जौनपुर में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिया गया है। इसके अलावा मैनपुरी का टिकट बदल दिया गया है। पार्टी ने डॉ. गुलशन देव शाक्य की जगह अब शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। बदायूं में



मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाया गया है। बरेली में छोटेलाल गंगवार को टिकट दिया गया है। सुल्तानपुर में उदराज वर्मा, फर्रुखाबाद में क्रांति पांडेय, बांदा में मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज में ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया में लल्लन सिंह यादव और गाजीपुर में डॉ. उमेश कुमार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया है। बता दें कि बसपा अब तक 55 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पार्टी ने मथुरा और मैनपुरी में अपने प्रत्याशियों को बदला है। इनमें से 14 प्रत्याशी मुस्लिम, जबकि 11 ब्राह्मण हैं। इसके अलावा 11 सुरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। मैनपुरी में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला है। डॉ. गुलशन देव शाक्य की जगह अब इटावा निवासी शिव प्रसाद यादव चुनाव लड़ेंगे। वह वर्ष 2007 में इटावा की भरथना सीट से बसपा विधायक रह चुके हैं। इसके बाद वह भाजपा में चले गए थे, हालांकि वर्ष 2023 में उन्होंने भाजपा छोड़कर सर्वजन सुखाय पार्टी बना ली थी। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक मुस्लिम खां ने सपा से अपनी सियासी पारी की शुरुआत की थी। वर्ष 2002 में वह शेखूपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन विधायक नहीं बन सके।

# समर स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे ने गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए ट्रेन नम्बर 09015 व 09015 वलसाड गोरखपुर वलसाड समर स्पेशल ट्रेन का संचलन बलसाड से 16 अप्रैल मंगलवार को तथा गोरखपुर से 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को एक फेरे के लिए चलाई है। 09015 वलसाड बरौनी ट्रेन 16 अप्रैल मंगलवार को वलसाड से 3 बजे चलकर उधना से 3:50 बजे, सूरत से 4:10 बजे, सायन से 4:22 बजे, अंकलेश्वर से 4:40 बजे, भरूच से 5:12 बजे, वडोदरा 6:30 बजे, गोधरा से 7:32 बजे, दाहोद से 8:32 बजे, रतलाम से 10:45 बजे, दूसरे दिन कोटा से 2:10 बजे, सवाई माधोपुर से 3:20 बजे, गंगापुर सिटी से 4:12 बजे, भरतपुर से 6:10 बजे, आगरा फोर्ट से 7:50 बजे, टुण्डला से 9:25 बजे, शिकोहाबाद से 10:02 बजे, मैनपुरी से 12:50 बजे, फर्रुखाबाद से 1:50 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 4:20 बजे, लखनऊ से 6:25 बजे, बाराबंकी से 7:15 बजे, गोण्डा से 8:40 बजे तथा बस्ती से 10:10 बजे छूटकर गोरखपुर 11:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09016 गोरखपुर वलसाड 18 अप्रैल बृहस्पतिवार को गोरखपुर से 5 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 6:10 बजे, गोण्डा से 7:30 बजे, बाराबंकी से 9 बजे, लखनऊ से 10:40 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 12:25 बजे, फर्रुखाबाद से 3:10 बजे, मैनपुरी से 4:37 बजे, शिकोहाबाद से 5:49 बजे, टुण्डला से 7:05 बजे, आगरा फोर्ट से 10:10 बजे, भरतपुर से 9:22 बजे, गंगापुर सिटी से 11:33 बजे, सवाई माधोपुर से 11:08 बजे, दूसरे दिन कोटा से 12:30 बजे, रतलाम से 4:25 बजे, दाहोद से 5:52 बजे, गोधरा से 7:02 बजे, वडोदरा से 8:10 बजे, भरूच से 9:12 बजे, अंकलेश्वर से 9:42 बजे, सायन से 10:02 बजे, सूरत से 10:25 बजे तथा उधना से 10:40 बजे छूटकर वलसाड से 11:50 बजे पहुंचेगी।



## एक फेरे के लिये बढ़ी समर स्पेश ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे ट्रेन नम्बर 01083 व 01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन का संचलन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 16 अप्रैल को तथा गोरखपुर से 18 अप्रैल को एक फेरे के लिए किया जायेगा। 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन 16 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11:50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ठाणे से 12:17 बजे, कल्याण से 12:40 बजे, नासिक रोड से 2:25 बजे, मनमांड से 3:15 बजे, जलगांव से 5:13 बजे, भुसावल से 6 बजे, खंडवा से 9 बजे, इटारसी से 1:15 बजे, भोपाल से 4:05 बजे, बीना से 7:20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन से 10:10 बजे, उरई से 11:30 बजे, तीसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 2:20 बजे, लखनऊ से 4:30 बजे, गोंडा से 6:30 बजे तथा बस्ती से 7:55 बजे छूटकर गोरखपुर 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 01084 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल को गोरखपुर से 3:30 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 4:25 बजे, गोंडा से 5:40 बजे, लखनऊ से 7:55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10:05 बजे, उरई से 11:52 बजे, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन से 2:20 बजे, बीना से 4:40 बजे, भोपाल से 10:50 बजे, इटारसी से 12:45 बजे, खंडवा से 3:08 बजे, भुसावल से 5:10 बजे, जलगांव से 5:30 बजे, मनमांड से 8:10 बजे, नासिक रोड से 9:13 बजे, ईगतपुरी से 10:10 बजे, कल्याण से 11:40 बजे तथा ठाणे से 11:58 बजे छूटकर तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12:25 बजे पहुंचेगी।

## 15070 इंटरसिटी का इंजन फेल, तीन घंटे रुकी ट्रेन

**लखनऊ।** लखनऊ से गोरखपुर जा रही 15070 इंटरसिटी का इंजन सोमवार की रात बुढवल में फेल हो गया। इससे ट्रेन को करीब तीन घंटे तक रुकना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच यात्री काफी देर तक परेशान रहे। इंटरसिटी एक्सप्रेस ऐशबाग से शाम साढ़े चार बजे रवाना हुई थी। बादशाहनगर और बाराबंकी होते हुए यह ट्रेन बुढवल स्टेशन पर जाकर रूक गई। काफी देर तक खड़ी रही तो यात्रियों को शंका हुई। क्योंकि इसका स्टॉपेज यहां पर नहीं है। बाराबंकी के बाद गोंडा में रुकती है। भीषण गर्मी से आजिज यात्री ट्रेन से नीचे उतर गये। हालांकि काफी देर के बाद वहां पहुंचे रेलकर्मियों ने सूचना दी कि ट्रेन का इंजन फेल हो गया है। दुरुस्त होने में करीब तीन घंटे लग गये। तब तक यात्री गर्मी से बेहाल होते रहे।

# एलडीए ने 6 व्यवसायिक निर्माणों को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में 6 व्यवसायिक निर्माणों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-2 और जोन-3 की टीम ने कृष्णानगर, पीजीआई, सरोजनीनगर, पारा, मानक नगर और काकोरी में अभियान चला कर अवैध व्यवसायिक निर्माण सील कराए। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि डॉ. हरिप्रकाश व अन्य की ओर से कृष्णानगर के आजादनगर, पकरी में राजपूत हॉस्पिटल के पास लगभग 3000 वर्गफिट में निर्माण कराया जा रहा था। वहीं अवधेश सिंह व अन्य की ओर से सरोजनीनगर में कानपुर




रोड पर ओम सांई लॉन के सामने शांतिनगर में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा श्रीकान्त साहू व विजय अग्रवाल की ओर से तेलीबाग में रायबरेली रोड पर लीला स्टील के सामने राम भरोसे मैकूलाल इण्टर कॉलेज के अन्दर लगभग 1600 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे व्यवसायिक निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिसके अनुपालन में मंगलवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। इसी तरह प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि दीपक भल्ला व अन्य की ओर से मानकनगर के श्रृंगारनगर में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था, जिसे पुनः सील किया गया। इसके अलावा अंकुर वर्मा व अन्य की ओर से सलेमपुर पतौरा में भगत सिंह कॉलेज के पास लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखड पर हॉल, कमरे व दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था।

## सपा अध्यक्ष का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार: भूपेंद्र सिंह चौधरी



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी। इसकी मुख्य वजह अखिलेश सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति थी, क्योंकि उस दौर में कुछ जाति-समुदाय विशेष को ही नौकरी मिलती थी। ऐसा करने वाले सबका साथ-सबका विकास की परिभाषा क्या जानेंगे। सपा प्रमुख बेबुनियाद बातें कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है।

**लगातार करारी हार से बेसुध हो गये हैं अखिलेश:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले सात वर्षों में साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है, जबकि ढाई करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराये हैं। भाजपा सरकार की नीतियों का ही असर है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। विदेशों में नौकरी के लिए भी उनकी डिमांड हो रही है। अखिलेश सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों के कारण प्रदेश में बेरोजगारी दर घटने की जगह बढ़ गयी थी।

# हज कई एम्बार्काशन पॉइंट से हवाई जहाज़ किराये में भारी कमी

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** भारतीय हज यात्रियों के लिए ये बहुत बड़ी खुशखबरी है के बहुत से राज्यों के हज यात्री विगत वर्ष के मुक़ाबले मे इस वर्ष भारत सरकार विशेषकर केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति ईरानी की निजी दिलचस्पी और मेहनत के कारण इस वर्ष कम खर्च पर यात्रा करेंगे। हज कमिटी ऑफ़ इंडिया के सी ई ओ, डॉ लियाकत अली आफ़ाक़ी आई आर एस ने बताया के इस वर्ष अहमदाबाद के हज यात्री विगत वर्ष के मुकाबले मे पैतालीस (45) हज़ार से कम, नागपुर के तीस (30) हज़ार से कम, लखनऊ के छब्बीस (26) हज़ार से कम, कोचीन और कन्नूर के बाईस (22) हज़ार से कम, कोलकाता के इक्कीस (21) हज़ार से कम जबकि दिल्ली के बीस (20) से कम खर्च में



इस वर्ष हज यात्रा करेंगे। गत वर्ष हवाई जहाज़ का किराया औसतन 1,25,000 था जबकि इस वर्ष ये कम होकर औसतन 1,23000 हो गया है। डॉ आफ़ाक़ी ने आगे बताया की भारत के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट 9 मई को मदीने के लिए उड़ान भरेगी।

## सो प्रतिशत मरकज़िया मे ठहराव

**बम्बई।** भारत सरकार विशेष रूप से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, हज कमिटी ऑफ़ इण्डिया, कंसल्टेंट्स जनरल ऑफ़ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से सभी भारतीय हज यात्रियों को इस वर्ष इतिहास मे पहली बार मदीने के मरकज़िया क्षेत्र मे ठहराया जायेगा जो मस्जिदे नबवी से सिर्फ 400 मीटर की दुरी पर है जबकि इन्हें मशायर दुसरे और तीसरे जोन मे ठहराया जायेगा। ये बात हज कमिटी ऑफ़ इण्डिया के सी.इ.ओ डॉ लियाकत अली अफाक़ी आई.आर.एस ने दो दिवसीय खादिमुल हुज्जाज ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन करते हुए बताई। डॉ अफाक़ी ने देश के विभिन राज्यों से आये लगभग 700 खादिमुल हुज्जाज और राज्य हज कमेटियों के अधिषासी अधिकारियो को सम्भोदित करते हुए कहा की इस वर्ष एक भी भारतीय हज यात्री को मीना परिधि के बहार नहीं ठेराया जायेगा। इस अवसर पर ट्रेनिंग प्रोग्राम के मुख्य अथिति और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव के श्रीनिवास ने कहा की आप लोगो ने निशित रूप से शुभ कार्य किया होगा जिसके कारण आप को हज यात्रियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है श्री के श्रीनिवास जी ने आगे बताया की ये बात भी गर्व करने के लायक है की आप सऊदी अरब मे लगभग दो महीनो तक हज यात्रियों की सेवा करेंगे।

## नशेबाज ने 14 वर्षीय बेटी की गड़ासे से की हत्या

**लखनऊ।** गुडंबा इलाके के मायापुरी कॉलोनी में नशेड़ी पिता ने सोमवार देर रात अपनी बड़ी बेटी 14 वर्षीय पूजा की पीटकर और गड़ासे से काटकर हत्या कर फरार हो गया। अन्य बच्चों के रोने के आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे और 112 पर घटना की सूचना दी।

हत्या की सूचना पर डीसीपी उत्तरी, एसीपी गाजीपुर और गुडंबा इंस्पेक्टर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुडंबा पुलिस ने जंगल में काबिंग करके कुछ ही घंटों में आरोपी पिता संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय पत्नी लखीमपुर मायके गई हुई थी। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है।

# राम नवमी पर पोस्टमास्टर जनरल ने जारी किया विशेष आवरण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग एवं प्रयाग फिलाटेलिक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने रामनवमी की पूर्व संध्या पर 'रामनवमी' पर एक विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया। प्रयागराज प्रधान डाकघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इस विशेष आवरण पर 'रामायण' पर जारी डाक टिकट लगाकर धनुष के चित्र के साथ इसका विरूपण किया गया। निदेशक डाक सेवाएं श्री गौरव श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव,



**डाक टिकटों के माध्यम से भगवान श्रीराम की महिमा और रामायण गाथा का देश-विदेश में हो रहा प्रसार**

प्रयाग फिलाटेलिक सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल और सचिव राहुल गांगुली भी उपस्थित रहे। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं। मानव इतिहास में राम-कथा की जितनी व्याप्ति है, शायद ही उसका कोई अन्यत्र उदाहरण मिलता हो। प्रयागराज से भी भगवान श्री राम का गहरा नाता रहा है। वनवास पश्चात् जब श्री राम सीता माता और लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या से निकले तो प्रयागराज में निषादराज ने उन्हें अपनी नाव से गंगा पार कराया।

## भाजपा ठाकुर विरोधी: नितांत सिंह

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता ठाकुर नितांत सिंह ने राजपूत समाज के पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ चलाए जा रहे विरोध-प्रदर्शन का समर्थन किया है। उन्होंने भाजपा को ठाकुर विरोधी बताते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुप्पी को शर्मनाक बताया है। श्री सिंह ने अपने बयान में कहा कि भाजपा को गुजरात की व्यवसायी लॉबी चला रही है, जो राजपूत समाज का लगातार अपमान कर रही है। इस लॉबी के इशारे पर ही भाजपा के कुछ नेता क्षत्रिय स्वाभिमान पर हमला कर रहे हैं। उनकी शह पर ही राजपूतों के टिकट काटे गये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्षत्रिय मुख्यमंत्री होने के बावजूद गुजरात लॉबी पूरे प्रदेश के ठेकों पर कब्जा किये है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा क्षत्रिय समाज को अपना बंधुआ वोटर समझने की भूल न करे।

# उपभोक्ता परिषद ने सभी राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र व संकल्प पत्र पर उठाए सवाल

अवधनामा ब्यूरो

**विजन नहीं निजीकरण पर सभी की चुप्पी जबकि देश में वर्तमान में 51 प्रतिसत बिजली उत्पादन पर निजी घरानों का कब्जा**

**लखनऊ।** देश व प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की रायशुमारी के आधार पर उपभोक्ता परिषद ने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी बहुजन समाज पार्टी समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी व आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्षों को अपने-अपने घोषणा पत्र व संकल्प पत्र में विद्युत उपभोक्ताओं की सर्वसम्मत से कुछ मांगों को रखने की मांग उठाई थी और सभी को प्रस्ताव भेजा था अब जब भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी और आरजेडी द्वारा अपना चुनावी घोषणा पत्र व संकल्प पत्र जारी किया जा चुका है तो उसमें यह बात तो सिद्ध हो गई की बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं पर सभी राजनीतिक पार्टियों के पास कोई पारदर्शी दूरगामी विजन नहीं है वर्तमान मैं बात करें भारत देश के बिजली उत्पादन क्षेत्र की तो भारत के उत्पादन क्षेत्र में 51 प्रतिसत देश के निजी घरानों का कब्जा हो गया है। अब आगे और कब्जा ना हो जिससे जिससे बैलेंस बना रहे उसे पर किसी भी पार्टी ने ध्यान नहीं दिया। जिस भी राज्य में निजी घरानों का ज्यादा कब्जा है वहां बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सभी राजनीतिक पार्टियों बाबा साहब के विचारों को आगे बढाने की बात करती है लेकिन उन्हें शायद यह नहीं पता की पोस्ट बार डेवलपमेंट ऑफ इलेक्ट्रिक पावर इन इंडिया के तहत नई दिल्ली में रिकंस्ट्रक्शन पॉलिसी कमेटी की बैठक में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था बिजली सस्ती नहीं बहुत सस्ती होनी चाहिए प्रचुर मात्रा में होनी चाहिए और रेलवे की तरह सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली का होना आवश्यक है लेकिन यहां किसी भी राजनीतिक दल ने बिजली जैसी महत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं के विभाग को निजीकरण नहीं किया जाएगा पर चुप्पी साध ली।